जन-जन की वाणी...
हिन्दी दैनिक
# सोन वर्षा वाणी
औरंगाबाद, पटना, आरा एवं दुमका से प्रकाशित
शुक्ल पक्ष, मृगशिरा, विक्रम संवत् 2083 • औरंगाबाद • बुधवार • 25 मार्च 2026 • वर्ष 28 • अंक 112 • पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 2.00



## संक्षिप्त समाचार

### बिजली विभाग की लापरवाही से मानव बल की मौत, परिजनों में आक्रोश

**पकरीबरावां।** पकरीबरावां प्रखंड क्षेत्र में बिजली विभाग की कथित लापरवाही के कारण एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई। मृतक की पहचान मंगुरा निवासी श्यामसुंदर प्रसाद के पुत्र सहदेव कुमार (27 वर्ष) के रूप में की गई है। मिली जानकारी के अनुसार सहदेव कुमार पिछले तीन वर्षों से पकरीबरावां पावर हाउस में मानव बल के रूप में कार्यरत था। मंगलवार को वह बढ़ौना गांव में 11 केवीए लाइन का तार जोड़ने का कार्य कर रहा था। इसी दौरान ठेरा पावर हाउस से अचानक लाइन चालू कर दी गई। लाइन में करंट प्रवाहित होते ही सहदेव उसकी चपेट में आ गया और गंभीर रूप से झुलस गया। घटना के तुरंत बाद स्थानीय लोगों की मदद से उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पकरीबरावां लाया गया, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। युवक की मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया और गांव में मातम छा गया। सूचना मिलते ही पकरीबरावां थाना की पुलिस अस्पताल पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी। पुलिस ने बताया कि परिजनों की ओर से आवेदन मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। वहीं, मृतक के परिजनों ने बिजली विभाग पर गंभीर लापरवाही का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि बिना सूचना के लाइन चालू कर दिया गया, जिसके कारण सहदेव की जान गई है। परिजनों ने मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

### सोखोदेवरा और रानीबाजार के छठ घाटों पर उमड़ा आस्था का सैलाब, गूंजे छठी मैया के गीत



**कौआकोल।** लोक आस्था के महापर्व छठ के तीसरे दिन मंगलवार को प्रखण्ड के सोखोदेवरा तालाब स्थित सूर्य मंदिर छठ घाट और रानीबाजार सूर्य मंदिर नदी छठ घाट सहित क्षेत्र के विभिन्न जलाशयों पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। अस्ताचलगामी सूर्य (डूबते सूर्य) को पहला अर्घ्य अर्पित करने के लिए हजारों की संख्या में छठव्रती और श्रद्धालु घाटों पर पहुंचे। दोपहर बाद से ही सिर पर दउरा लिए श्रद्धालुओं के घाटों की ओर प्रस्थान करने का सिलसिला शुरू हो गया था। सोखोदेवरा और रानीबाजार के घाटों पर पारंपरिक छठ गीतों की गूँज से पूरा इलाका भक्तिमय हो गया। "कांच ही बांस के बहिंगिया, लचकत जाए..." जैसे गीतों ने माहौल को पूरी तरह आध्यात्मिक बना दिया।छठव्रतियों ने जल में खड़े होकर भगवान भास्कर को पूरी श्रद्धा के साथ अर्घ्य दिया और परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। घाटों पर सुरक्षा और सुविधा के लिए स्थानीय समितियों और ग्रामीणों ने सराहनीय कार्य किया। पूरे कौआकोल क्षेत्र में एक अलग ही उत्साह और अनुशासन देखने को मिला। वहीं शाम के अर्घ्य के बाद,बुधवार की सुबह उदयगामी सूर्य (उगते सूर्य) को दूसरा अर्घ्य अर्पित किया जाएगा। इसके साथ ही चार दिनों तक चलने वाले इस कठिन अनुष्ठान का समापन होगा और व्रती पारण कर अपना उपवास तोड़ेंगे।

### 443 अंक लाकर साईबा प्रवीण बनी शेखपुरा स्कूल टॉपर



साईबा प्रवीण

**नरहट।** बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा घोषित 12वीं बोर्ड परीक्षा परिणाम में नरहट प्रखण्ड के विभिन्न गांवों के छात्र छात्राओं ने इंटर के परिणाम में शानदार प्रदर्शन किया है। मीनापुर गांव की साइना परवीन पिता कुर्बान मियां उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय शेखपुरा की छात्रा ने इंटरमीडिएट कला संकाय में 443 अंक लाकर शेखपुरा विद्यालय में टॉपर बनी है। वहीं विभिन्न स्कूलों के कला संकाय में सहगुफ़ा प्रवीण 420 अंक, अंजुम सरवर 392 अंक, साइमा प्रवीण 383 अंक, राजू कुमार 362 अंक, महबूब वारसी 360 अंक हासिल किया है। साइंस में आकाश शर्मा 439 अंक, सुप्रिया कुमारी 419 अंक, अंशु कुमारी 405 अंक, स्वेता कुमारी 393 अंक, जैनाब प्रवीण 393 और अंशु कुमारी 388 अंक प्राप्त कर इन सभी विद्यार्थियों ने क्षेत्र का नाम रौशन किया है। साईबा प्रवीण ने बताया कि हम सभी सरस्वती कोचिंग सेंटर छोटा शेखपुरा में शिक्षक सचिन सर के मार्गदर्शन में इंटरमिडिएट में उत्कृष्ट अंक प्राप्त किया है। नवसृजित प्राथमिक विद्यालय मीनापुर के शिक्षक नवीन कुमार, शिक्षक सचिन कुमार ने सभी छात्र छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। शिक्षक नवीन कुमार ने बताया कि साईबा प्रवीण पहला से पाचवीं कक्षा तक हमारे मीनापुर विद्यालय में पढ़ी है। साईबा प्रवीण बच्चपन से ही कुशाग्र बुद्धि का है।

### शेखपुरा संकुल के उत्कृष्ट शिक्षकों को किया गया सम्मानित



फोटो- शिक्षकों को सम्मानित करते प्रधानाध्यापिका

**नरहट (नवादा)।** मंगलवार को संकुल संसाधन केंद्र शेखपुरा में शिक्षक सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता संकुल संचालक मिथिलेश कुमार विद्यार्थी एवं संकुल समन्वयक रामानुज कुमार ने किया। इस कार्यक्रम में संकुल स्तर के शिक्षक एवं संकुल स्तर के प्रधान शिक्षक जिसमें शेखपुरा मध्य विद्यालय उर्दू के प्रभारी प्रधानाध्यापिका प्रीति भवानी ,नवसृजित प्राथमिक विद्यालय कुशा के नवीन कुमार, कुटनीबिगहा के रामाशीष कुमार, नवसृजित प्राथमिक विद्यालय मीनापुर के अवध बिहारी, गेसपुर प्रधान शिक्षक के कृष्ण नंदन कुमार, नवसृजित प्राथमिक विद्यालय कुश के प्रधान शिक्षक आशुतोष कुमार शामिल हुए। उत्कृष्ट शिक्षक के रूप में सेराज उद्दीन, अकरम रियाज, नेयाज आलम, मनीष कुमार, पीरामल फाउंडेशन के समीक्षा पाठक एवं मंच संचालक नवीन कुमार को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। संकुल संचालक ने बताया कि संकुल को जिला में ही नहीं राज्य स्तर पर प्रथम स्थान लाने का प्रयास किया जा रहा है।


### शिक्षक के पुत्री ने इंटर कला में लहराया परचम



**कौआकोल।** प्रखण्ड के दरावां पंचायत अंतर्गत बरौन गांव निवासी व शिक्षक रंजय कुमार की पुत्री मीसा भारती ने सोमवार को घोषित इंटर कला की परीक्षा में 466 अंक प्राप्त कर परचम लहराई है। वह जिले की तीसरी टॉपर बनी है। उसके इस सफलता पर इलाके के लोगों में खुशी देखी जा रही है। प्रखण्ड शिक्षा पदाधिकारी सह बीआरसी अजित कुमार ने बताया कि प्रखण्ड के उच्च माध्यमिक विद्यालय छबैल की छात्रा मीसा भारती ने 466 अंक प्राप्त कर इलाके का मान पूरे जिले में बढ़ाई है। जिसके लिए वे बधाई के पात्र हैं। उन्होंने सफल छात्रा मीसा को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

# रजौली नगर पंचायत में 76.88 करोड़ का बजट पास

## नगर के विकास और सौंदर्यीकरण को लेकर उठाया गया कदम





बोर्ड की बैठक में शामिल मुख्य पार्षद समेत अन्य लोग

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**रजौली।** रजौली नगर पंचायत कार्यालय में मंगलवार की दोपहर मुख्य पार्षद मानती देवी की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक की गई। इस दौरान वित्तीय वर्ष 2026-27 में होने वाले खर्च को लेकर विभिन्न प्रकार के प्रस्ताव पारित किए गए। इस दौरान प्रभारी नगर पंचायत पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी मो. गुफरान मजहरी,विधायक विमल राजवंशी एवं उप मुख्य पार्षद फिरोजा खातून समेत सभी वार्डो के वार्ड पार्षदगण मौजूद रहे। बैठक में मुख्य पार्षद द्वारा बजट प्रस्तुत किया गया। वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए कुल 78.88 करोड़ रुपए का बजट प्रस्तुत किया गया एवं नगर पंचायत में क्रियान्वित योजनाओं की चर्चा की गई। मुख्य पार्षद ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2026-27 में नगर पंचायत में कचरा निस्तारण के लिए 4.72 करोड़ रुपए, सौंदर्यीकरण के लिए 1.26 करोड़ रुपए,सॉलिड वेस्ट मैटेरियल मैनेजमेंट के लिए 3.15 करोड़ रुपए,जल जीवन हरियाली के लिए 63 लाख रुपए, नए रोड के लिए 6.30 करोड़ रुपए,नए नालियों के लिए 5.35 करोड़ रुपए,नल जल योजना के लिए 3.15 करोड़,सार्वजनिक प्रकाश के लिए 3.15 करोड़ रुपए, नए पार्क निर्माण एवं जीम के लिए 2.52 लाख रुपए एवं झुग्गी झोपड़ी के लिए 1.89 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। मुख्य पार्षद मानती देवी ने कहा कि यह बजट नगर के विकास की दिशा में एक बड़ा कदम है और इससे आम नागरिकों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी। वहीं, उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने भी बजट का समर्थन करते हुए इसे जनहित में महत्वपूर्ण बताया। बैठक के अंत में सभी सदस्यों ने मिलकर नगर के विकास कार्यों को समय पर और पारदर्शी तरीके से पूरा करने का संकल्प लिया। इस मौके पर वार्ड पार्षद मुकेश यादव,संतोष कुमार वर्मा, जिरिया देवी,धीरज कुमार समेत दर्जनों गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### बिहार लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम के तहत द्वितीय अपील की सुनवाई, 04 मामलों का ऑन-द-स्पॉट निवारण



सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**नवादा।** जिला पदाधिकारी, नवादा रवि प्रकाश ने कार्यालय प्रकोष्ठ में बिहार लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम के तहत द्वितीय अपीलों की सुनवाई की। द्वितीय अपील के तहत कुल 5 परिवादी उपस्थित हुए, जिनमें से 04 मामलों का ऑन-द-स्पॉट निवारण कर दिया गया। प्रस्तुत द्वितीय अपीलवादों में रौनक कुमार द्वारा सड़क निर्माण के संबंध में, ललिता देवी द्वारा परिमार्जन के संबंध में, विकास कुमार द्वारा मुख्यमंत्री कन्या विवाह मंडप बनवाने के संबंध में, नईम खान द्वारा जमाबंदी हटाने से संबंधित मामलों में ऑनलाइन द्वितीय अपील दायर की गई थी। संबंधित पदाधिकारियों द्वारा जांच प्रतिवेदन भेजे जाने के उपरांत आज शिकायतों का निष्पादन कर दिया गया।

बिहार लोक शिकायत निवारण अधिनियम, 2015 के तहत किसी भी मामले की सुनवाई कर दो माह के भीतर उसका निवारण किया जाता है। प्रखंड स्तर पर पंचायतों से संबंधित विवादों एवं समस्याओं के समाधान हेतु अनुमंडलीय लोक शिकायत निवारण कार्यालय, नवादा सदर एवं रजौली में कोई भी व्यक्ति अपील कर सकता है, जबकि जिला स्तरीय समस्याओं एवं परिवादों के निवारण के लिए जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी, नवादा का कार्यालय समाहरणालय के मुख्य प्रवेश द्वार के दाहिनी ओर स्थित लोक सेवाओं का अधिकार अधिनियम भवन में संचालित है। विवादों की सुनवाई एवं निवारण दोनों पक्षों को बुलाकर किया जाता है तथा इसके लिए किसी प्रकार का कोई शुल्क नहीं लिया जाता है। शिकायत दर्ज करने एवं निवारण की निःशुल्क व्यवस्था उपलब्ध है और आदेश से असंतुष्ट होने पर निःशुल्क अपील दायर की जा सकती है। अब शिकायतों का निवारण और भी आसान हो गया है तथा नागरिक ऑनलाइन भी शिकायत एवं अपील दर्ज कर सकते हैं। आप भी बिहार लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम के अंतर्गत अपनी शिकायत दर्ज कराएं और निश्चित समय-सीमा के भीतर समाधान प्राप्त करें।

# रजौली में एमआरसी परियोजना के तहत प्रखंड स्तरीय कार्यशाला आयोजित

## श्रमिकों के अधिकारों पर हुई चर्चा



चर्चा के दौरान बीडीओ व ग्राम निर्माण मंडल के लोगों के साथ गणमान्य लोग

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**रजौली।** रजौली प्रखंड परिसर में मंगलवार को ग्राम निर्माण मंडल सर्वोदय आश्रम सेखोदेवरा द्वारा संचालित एमआरसी परियोजना के अंतर्गत एक महत्वपूर्ण प्रखंड स्तरीय उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन प्रखंड विकास पदाधिकारी संजीव झा की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम के दौरान जिला समन्वयक डॉ. भारत भूषण शर्मा ने उपस्थित लोगों को परियोजना की बारीकियों से अवगत कराते हुए विस्तृत जानकारी साझा की, वहीं फील्ड ऑफिसर पूजा सिंह ने मजदूरों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करते हुए मजदूर कार्ड के सही उपयोग और उसके लाभ प्राप्त करने की प्रक्रिया को विस्तार से समझाया। कार्यक्रम में विशेष रूप से मजदूर हेल्पलाइन नंबर 180012011211 के व्यापक प्रचार-प्रसार और इसके महत्व पर जोर दिया गया ताकि श्रमिक किसी भी समस्या की स्थिति में तत्काल सहायता प्राप्त कर सकें।

उल्लेखनीय है कि यह जन-कल्याणकारी कार्यक्रम नवादा जिले के चार प्रमुख प्रखंडों— रजौली, हिसुआ, नारदीगंज और नवादा सदर में सुचारू रूप से चलाया जा रहा है।

आज के इस आयोजन में रजौली पश्चिमी के मुखिया प्रतिनिधि सह सामुदायिक कार्यकर्ता विनय कुमार, ब्लॉक सप्लाई ऑफिसर अजीत कुमार, बीएओ रोशन कुमार, पंचायत सचिव शिवनंदन प्रसाद यादव, आरबीएसके के एमओ डॉ. मो. शमीम अंसारी एवं स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं के साथ-साथ सभी महिला पर्यवेक्षिकाओं ने अपनी सक्रिय भागीदारी दर्ज कराई। इसके अतिरिक्त सामाजिक सुरक्षा योजना कर्मी शशि कुमार, पॉपुलेशन फाउंडेशन ऑफ इंडिया की प्रतिनिधि शीला कुमारी, ग्राम निर्माण मंडल की कार्यकर्ता रेखा कुमारी, रंजीत कुमार और सुभादीप भंडारी सहित प्रखंड स्तर के कई अन्य वरिष्ठ पदाधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे, जिन्होंने इस अभियान को सफल बनाने का संकल्प दोहराया।

# झिकरुआ छठ घाटों पर अस्ताचलगामी सूर्य देव को अर्घ्य देने उमड़ी भीड़



अस्ताचलगामी सूर्य देव को अर्घ्य देते छठव्रती

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**नरहट (नवादा)।** चैती छठ पर्व का अनुष्ठान कर रहे छठ व्रतियों ने मंगलवार को प्रखंड के विभिन्न छठ घाटों पर संध्या समय डूबते सूर्य को पहला अर्घ्य अर्पित कर भगवान सूर्य की आराधना की। इस अवसर पर व्रती नदी, पोखर और तालाब घाटों में खड़े होकर अस्ताचलगामी सूर्य को जल अर्पित करते हुए पूजा-अर्चना में लीन रहे।

छठ पूजा सूर्य देव और छठी मैया की उपासना का महापर्व है। मान्यता है कि इस व्रत को करने से परिवार में सुख-समृद्धि, शांति और उत्तम स्वास्थ्य की प्राप्ति होती है। पर्व को लेकर सूर्यनारायण मंदिर झिकरुआ, नरहट, ओलिपुर सहित कई छठ घाटों पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। व्रती पारंपरिक छठ गीत गाते हुए और पूजा सामग्री के साथ घाटों पर पहुंचे तथा विधि-विधान से संध्या अर्घ्य अर्पित किया।

मंदिर कमिटी द्वारा साफ-सफाई और प्रकाश की विशेष व्यवस्था की गई है, जिससे श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। क्षेत्र के प्रसिद्ध झिकरुआ सूर्य मंदिर परिसर में भी छठ पर्व को लेकर विशेष तैयारी की गई। मंदिर समिति द्वारा पूरे परिसर को आकर्षक ढंग से सजाया गया है तथा तालाब में स्वच्छ जल की समुचित व्यवस्था की गई है। विशाल तालाब के दोनों किनारों (पूर्व और पश्चिम) पर सीढ़ियां बनी होने से व्रतियों को अर्घ्य देने में काफी सुविधा होती है।

छठ पर्व के अवसर पर पूरे क्षेत्र में भक्तिमय वातावरण बना हुआ है। चारों ओर छठ गीतों की गूंज सुनाई दे रही है। वहीं, शहीद मनोज स्टार क्लब, छोटा शेखपुरा से जुड़े आशिष कुमार, अभिषेक कुमार, राजू ब्लॉगर, आर्यन गुप्ता, प्रिंस गुप्ता, राहुल मोहन, गोविंद कुमार और सोनू साव आदि युवाओं द्वारा शेखपुरा बाजार एवं विजयनगर के आसपास सड़कों की सफाई और पानी का छिड़काव कर सराहनीय योगदान दिया गया।

# चैती छठ का तीसरा दिन: व्रतियों ने डूबते सूर्य को दिया अर्घ्य,छठ घाटों पर सुरक्षा व्यवस्था दुरुस्त



सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**रजौली।** रजौली मुख्यालय समेत आसपास के क्षेत्र में बड़े ही धूमधाम तरीके से लोक आस्था के महापर्व चैती छठ को मनाया गया। इस दौरान बाजार क्षेत्र समेत गांवों में जय छठी मैया के गीत गूंजते रहे। छठ पूजा में की गई व्यवस्था का निरीक्षण एसडीएम स्वतंत्र कुमार सुमन एवं एसडीपीओ गुलशन कुमार के द्वारा की गई। चैती छठ की शुरुआत रविवार को नहाय खाय से शुरू हुई थी,सोमवार को लोहंडा एवं मंगलवार की संध्या को पहली अर्घ्य दी गई। छठ घाट पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही, जहां भक्ति और आस्था का अनुपम दृश्य देखने को मिला। इस दौरान वार्ड संख्या 06 के वार्ड पार्षद सुशीला देवी समेत अन्य व्रतियों ने विधि-विधान के साथ भगवान भास्कर को अर्घ्य अर्पित किया। इस अवसर पर व्रतियों ने क्षेत्र के समस्त नागरिकों की सुख-समृद्धि, उत्तम स्वास्थ्य और निरंतर प्रगति की मंगलकामना की। छठ घाट पर उपस्थित श्रद्धालुओं के बीच वार्ड पार्षद सुशीला देवी ने कही कि छठ महापर्व केवल एक धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि सामाजिक समरसता, अनुशासन और लोकआस्था का अद्भुत संगम है। उन्होंने समाज में आपसी भाईचारा, शांति और सकारात्मक सोच को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि सूर्य उपासना से जीवन में नई ऊर्जा, उत्साह और समृद्धि का संचार होता है। पार्षद ने छठ महापर्व की पवित्रता बनाए रखने, स्वच्छता एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण कायम रखने का भी आह्वान किया। उन्होंने सभी क्षेत्रवासियों को छठ पूजा की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए सूर्य देव से प्रार्थना की कि उनके आशीर्वाद से प्रत्येक परिवार के जीवन में उजाला, खुशहाली और कष्टों से मुक्ति का मार्ग प्रशस्त हो। बताते चलें कि नगर पंचायत अंतर्गत सभी आठ छठ घाटों पर छठ व्रतियों के नहाने के बाद कपड़ा बदलने के लिए चेंजिंग रूम की व्यवस्था की गई थी। शाम के समय अंधेरे से निपटारे के लिए छठ घाट के अलावे रास्तों को रौशनी एवं रंग-बिरंगे लाइट से सजाया गया था। अर्घ्य के समय मजिस्ट्रेट के साथ पुलिस बलों की तैनाती की गई थी। वहीं थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर रणजीत कुमार के नेतृत्व में महिला एवं पुरुष सिपाही बल सुरक्षा में तैनात दिखे।

### अंधेरों को चीरकर सुनहरे भविष्य की इबारत लिखने वाले मेधावी रवि राज का ननिहाल के आंगन में ऐतिहासिक स्वागत

- **95 प्रतिशत आंखों की रोशनी खोने के बाद भी यूपीएससी में रजौली के लाल रवि राज ने गाड़ा सफलता का झंडा, ननिहाल पहुंचने पर हुआ भव्य अभिनंदन**
- **संघर्ष और जज्बे की अनूठी मिसाल बनी नवादा के सपूत की यह गौरवशाली उपलब्धि**



रवि राज के आगमन जोरदार स्वागत करते रजौली वासी

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**रजौली।** रजौली की मिट्टी ने एक बार फिर देश को गौरवान्वित किया है जहां यूपीएससी 2025 की परीक्षा में अखिल भारतीय स्तर पर 20वीं रैंक हासिल कर अपनी मेधा का लोहा मनवाने वाले रवि राज का मंगलवार को अपने ननिहाल रजौली पहुंचने पर अभूतपूर्व स्वागत किया गया। रजौली प्रखंड मुख्यालय स्थित जगजीवन नगर पहुंचते ही स्थानीय शिक्षाविदों, समाजसेवियों और परिजनों ने गाजे-बाजे, पुष्प वर्षा और नारों के साथ अपने लाडले का जोरदार अभिनंदन किया जिससे पूरा वातावरण उल्लास और गर्व के क्षणों से भर गया। यह केवल एक छात्र की सफलता का उत्सव नहीं था बल्कि उस अटूट इच्छाशक्ति की जीत थी जिसने शारीरिक बाधाओं को अपने हौसलों के आगे बौना साबित कर दिया क्योंकि लगभग 10 वर्ष पहले रवि की आंखों की रोशनी धीरे-धीरे कम होने लगी थी जो वर्तमान में 95 प्रतिशत तक जा चुकी है लेकिन दृष्टि की इस कमी को उन्होंने अपने लक्ष्य की राह में कभी रोड़ा नहीं बनने दिया। रजौली में जन्मे और अपने पैतृक गांव महुली से प्रारंभिक शिक्षा शुरू कर नवादा के सीताराम साहू कॉलेज से स्नातक की पढ़ाई पूरी करने वाले रवि राज की यह यात्रा संघर्षों की एक ऐसी जीवंत गाथा है जो आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणापुंज बनेगी। अपनी इस ऐतिहासिक सफलता का श्रेय अपने माता-पिता के निस्वार्थ समर्पण को देते हुए रवि ने भावुक होकर उस पल को याद किया जब 10वीं कक्षा में उन्होंने अपनी मां से वादा किया था कि वे एक दिन आईएएस बनकर उन्हें 'डीएम कोठी' जरूर लेकर जाएंगे। जहां पिता ने संसाधनों की कमी को आड़े नहीं आने दिया वहीं मां हर कठिन मोड़ पर उनकी परछाई बनकर साथ खड़ी रहीं जिससे रवि अपने दूसरे प्रयास में ही इस शिखर तक पहुंचने में सफल रहे। इस गरिमामयी स्वागत समारोह के दौरान मामा संजय कुमार, समाजसेवी रंजन कुमार बबलू, गौरव शांडिल्य गगन, संजय कुमार बंटी, दीपक कुमार मुन्ना, दिलीप लाल, मानिकचंद आर्य, डॉ. भरत गौरव, हिमांशु कुमार सिन्हा, पवन दास और अजय कुमार सहित भारी संख्या में मौजूद गणमान्य लोगों ने रवि की इस उपलब्धि को पूरे जिले के लिए गौरव का विषय बताया। उपस्थित जनसमूह और युवाओं को संदेश देते हुए रवि राज ने स्पष्ट किया कि सफलता के लिए बेसिक कॉन्सेप्ट्स पर ध्यान केंद्रित करना अनिवार्य है और उन्होंने भविष्य में मिलने वाली हर प्रशासनिक जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा के साथ निभाने का संकल्प दोहराया जिससे पूरे क्षेत्र में हर्ष और जश्न का माहौल व्याप्त है।

# रजौली के लाल हिमांशु सिंह ने मुक्केबाजी में गाड़ा सफलता का झंडा, बने नवादा के पहले नेशनल वन-स्टार रेफरी व जज




पुरस्कार प्राप्त करते रजौली के लाल

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**रजौली।** नवादा जिले के छोटे से गांव से निकलकर खेल की दुनिया के बड़े मंच तक का सफर तय करने वाले हिमांशु सिंह ने एक नया इतिहास रच दिया है। रजौली प्रखंड की रजौली पश्चिमी पंचायत स्थित छपरा गांव के निवासी सतीश सिंह के पुत्र हिमांशु सिंह ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए आंध्र प्रदेश में आयोजित राष्ट्रीय मुक्केबाजी रेफरी एवं जज की कठिन परीक्षा में शानदार सफलता हासिल की है। उनकी इस उपलब्धि ने न केवल उनके परिवार, बल्कि पूरे नवादा जिले और बिहार-झारखंड के खेल जगत को गौरवान्वित किया है।

**भीमावरम की रिंग में मिली राष्ट्रीय पहचान :-** आंध्र प्रदेश के भीमावरम स्थित एसआरकेआर इंजीनियरिंग कॉलेज में बीते 19 से 22 मार्च तक 'सागी रामकृष्णम राजू ट्रॉफी 2026' यू -23 पुरुष एवं महिला ओपन बॉक्सिंग चैंपियनशिप का आयोजन किया गया था। इसी प्रतिष्ठित टूर्नामेंट के दौरान इंडियन एमेच्योर बॉक्सिंग फेडरेशन द्वारा नेशनल 'वन-स्टार' रेफरी एवं जज की परीक्षा ली गई। हिमांशु सिंह ने इस परीक्षा के तकनीकी और व्यावहारिक दोनों चरणों में अपनी खेल सूझबूझ का परिचय देते हुए बेहतरीन अंकों के साथ सफलता प्राप्त की। इस कामयाबी के साथ ही वे अब राष्ट्रीय स्तर के मैचों में आधिकारिक निर्णायक की भूमिका निभाने के लिए अधिकृत हो गए हैं।

**उपलब्धियों के शिखर पर नवादा का यह अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी :-** हिमांशु सिंह की यह जीत कई मायनों में ऐतिहासिक मानी जा रही है। वे नवादा जिले के पहले ऐसे अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी हैं जिन्होंने अब जिले के पहले नेशनल रेफरी और जज बनने का गौरव भी प्राप्त कर लिया है। इसके साथ ही, झारखंड मुक्केबाजी संघ से जुड़े होने के कारण वे राज्य के छठे ऐसे अधिकारी बन गए हैं, जिन्होंने आईएबीएफ के अंतर्गत नेशनल लेवल वन-स्टार का दर्जा हासिल किया है। एक खिलाड़ी के रूप में रिंग के भीतर जलवा बिखेरने के बाद अब वे रिंग के बाहर एक निष्पक्ष निर्णायक के रूप में देश के मुक्केबाजों के भविष्य का फैसला करेंगे।

**क्षेत्र में उत्साह और छोटे शहर की बड़ी उड़ान :-** हिमांशु की इस दोहरी सफलता की खबर जैसे ही उनके पैतृक गांव छपरा पहुंची, वहां जश्न का माहौल बन गया। ग्रामीणों और स्थानीय खेल प्रेमियों ने इसे क्षेत्र के लिए एक प्रेरणादायक पल बताया है। लोगों का कहना है कि हिमांशु ने यह साबित कर दिया है कि यदि संकल्प दृढ़ हो, तो संसाधनों की कमी और छोटे शहर की सीमाएं कभी भी राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाने में बाधा नहीं बन सकतीं। उनकी यह उपलब्धि रजौली और नवादा के उभरते हुए खिलाड़ियों के लिए ऊर्जा का नया संचार करेगी।

हिन्दी दैनिक

जन-जन की वाणी...

# सोन वर्षा वाणी

औरंगाबाद, पटना, आरा एवं दुमका से प्रकाशित


Page 11



खेल

**हरमनप्रीत कौर की कप्तानी में दक्षिण अफीका के खिलाफ टी20 सीरीज के लिए भारतीय...**

Page 09



देश

**अब कांग्रेस ने दिया भाजपा को झटका, नामांकन से ठीक पहले असम की मंत्री नंदिता ने थामा...**


शुक्ल पक्ष, मृगशिरा, विक्रम संवत् 2083

• औरंगाबाद • बुधवार • 25 मार्च 2026 • वर्ष 28 • अंक 112 • पृष्ठ 12

मूल्य ₹ 2.00


## सोना चांदी

| सोना | चांदी |
|---|---|
| 10 ग्राम 22 कैरेट | 1 किलो चांदी |
| ₹ 1,31,000 | ₹ 2,35,000 |

## आज का इतिहास

**1905 : प्रसिद्ध भारतीय राजनेता मिर्जा राशिद अली बेग का जन्म हुआ।**

**1999 : भारत द्वारा पाकिस्तानी नागरिकों के आठ वर्गों को वीजा मामले में छूट देने की घोषणा।**

## न्यूज बाइट्स

### एसएसए में माध्यमिक शिक्षा के लिए 874 करोड़ स्वीकृत

**पटना (नि.सं.)।** वित्तीय वर्ष 2026-27 में समग्र शिक्षा अभियान के अंतर्गत माध्यमिक शिक्षा को सुदृढ़ करने के लिए चतुर्थ किस्त जारी कर दी गई है। इस चरण में कुल 874 करोड़ 63 लाख 89 हजार 999 रुपये व्यय करने की स्वीकृति प्रदान की गई है।

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संसद के उच्च सदन में पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष पर कहा

# ऊर्जा आत्मनिर्भरता ही सबसे बड़ी ताकत

### हमारी सरकार की कोशिश है कि ईंधन के किसी एक ही स्रोत पर ज्यादा निर्भरता ना रहे



**एजेंसी | नई दिल्ली**

पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राज्यसभा में देश की ऊर्जा सुरक्षा को लेकर सरकार की रणनीति स्पष्ट की। उन्होंने कहा कि वैश्विक हालात तेजी से बदल रहे हैं और इस युद्ध ने दुनिया के सामने गंभीर ऊर्जा संकट खड़ा कर दिया है, जिसका असर भारत पर भी पड़ रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि इस संघर्ष के कारण भारत के व्यापारिक मार्ग प्रभावित हो रहे हैं, जिससे पेट्रोल, डीजल, गैस और उर्वरक जैसी जरूरी वस्तुओं की आपूर्ति पर असर पड़ा है। उन्होंने इस स्थिति को चिंताजनक बताते हुए कहा कि सरकार लगातार हालात पर नजर बनाए हुए है।

अपने संबोधन में उन्होंने जोर देते हुए कहा कि सरकार की कोशिश है कि देश किसी एक ही ईंधन स्रोत पर निर्भर न रहे। इसी दिशा में एलपीजी के साथ-साथ पीएनजी कनेक्शन के विस्तार पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है और घरेलू उत्पादन बढ़ाने के प्रयास भी किए जा रहे हैं। प्रधानमंत्री ने बताया कि ऊर्जा आयात में विविधता लाने के लिए भारत ने बड़ा कदम उठाया है। पहले जहां देश 27 देशों से ऊर्जा आयात करता था, वहीं अब यह संख्या बढ़कर 41 देशों तक पहुंच गई है। साथ ही, संकट के समय के लिए पेट्रोलियम भंडारण क्षमता को भी मजबूत किया गया है। उन्होंने कहा कि देश में रणनीतिक पेट्रोलियम भंडार को 53 लाख मीट्रिक टन से अधिक तक विकसित किया गया है और इसे आगे बढ़ाने की दिशा में काम जारी है। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार का लक्ष्य हर क्षेत्र में विदेशी निर्भरता को कम करना है। इसी के तहत 'मेक इन इंडिया' के तहत जहाज निर्माण को बढ़ावा दिया जा रहा है, ताकि भारत अपनी ऊर्जा आपूर्ति के लिए विदेशी जहाजों पर कम निर्भर रहे। इसके लिए लगभग 70 हजार करोड़ रुपये का अभियान चलाया जा रहा है।

रक्षा क्षेत्र का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि आज भारत अपनी जरूरत के अधिकांश हथियार देश में ही बना रहा है। वहीं दवा उद्योग में भी कच्चे माल (API) के लिए विदेशी निर्भरता कम करने के प्रयास किए गए हैं। रेयर अर्थ मिनरल्स के क्षेत्र में भी आत्मनिर्भरता की दिशा में कदम उठाए जा रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि हर संकट देश के हौसले और तैयारी की परीक्षा लेता है। ऐसे में भारत को हर चुनौती के लिए तैयार रहना होगा। उन्होंने देशवासियों को आश्वस्त करते हुए कहा कि सरकार पूरी सतर्कता और गंभीरता के साथ स्थिति पर नजर बनाए हुए है और देशहित में सभी जरूरी फैसले लिए जा रहे हैं।

## मोदी-ट्रम्प की बातचीत, तेल सप्लाई के लिए होर्मुज स्ट्रेट खुला रखने पर जोर

**एजेंसी | नई दिल्ली**



पश्चिम एशिया में जारी युद्ध के बीच भारत और अमेरिका के शीर्ष नेतृत्व के बीच अहम कूटनीतिक संवाद हुआ है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने फोन पर बातचीत कर मौजूदा हालात की समीक्षा की और क्षेत्रीय स्थिरता बनाए रखने पर जोर दिया। भारत में अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर के अनुसार, दोनों नेताओं के बीच मिडिल ईस्ट की स्थिति पर विस्तार से चर्चा हुई। खास तौर पर होर्मुज स्ट्रेट को खुला और सुरक्षित बनाए रखने पर सहमति बनी। यह समुद्री मार्ग वैश्विक तेल आपूर्ति के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है, इसलिए इसके संचालन में किसी भी प्रकार की बाधा को गंभीर माना जा रहा है। इसी बीच ईरान को लेकर कूटनीतिक हलचल तेज हो गई है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, ईरान के सुप्रीम लीडर मुजतबा खामेनेई ने अमेरिका के साथ बातचीत की अनुमति दी है और युद्ध को अपनी शर्तों पर समाप्त करने के विकल्पों पर विचार किया जा रहा है। बताया जा रहा है कि ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने अमेरिकी दूत स्टीव विटकॉफ को गुप्त संदेश के जरिए वार्ता की संभावनाओं से अवगत कराया। हालांकि, ईरान के विदेश मंत्रालय ने सार्वजनिक रूप से अमेरिका के साथ किसी भी बातचीत से इनकार किया है। दूसरी ओर, डोनाल्ड ट्रम्प ने संकेत दिया है कि अमेरिका और ईरान के बीच हालिया संपर्क में कई अहम मुद्दों पर सहमति बनी है, हालांकि इनकी विस्तृत जानकारी साझा नहीं की गई है। उन्होंने यह भी बताया कि ईरान के पावर प्लांट पर संभावित हमले को फिलहाल पांच दिनों के लिए टाल दिया गया है। इससे पहले अमेरिका ने होर्मुज स्ट्रेट को खोलने के लिए 48 घंटे की चेतावनी दी थी। क्षेत्रीय स्तर पर भी तनाव कम करने के प्रयास जारी हैं। पाकिस्तान, मिस्र और तुर्किये जैसे देश अमेरिका और ईरान के बीच मध्यस्थता की भूमिका निभाने की कोशिश कर रहे हैं। रिपोर्ट के अनुसार, पाकिस्तान के सेना प्रमुख आसिम मुनीर ने भी हाल ही में अमेरिकी राष्ट्रपति से बातचीत कर स्थिति पर चर्चा की है।

### रेलवे ने बदले टिकट कैंसिलेशन और बोर्डिंग नियम में बदलाव

# आठ घंटे से पहले ही मिलेगा रिफंड, दलालों पर कड़ा प्रहार

- **यात्री अब ट्रेन छूटने से 30 मिनट पहले तक बोर्डिंग स्टेशन बदल सकते हैं**
- **पहले यह सुविधा सिर्फ चार्ट बनने से पहले तक ही थी**



**एजेंसी | नई दिल्ली**

भारतीय रेलवे ने टिकट कैंसिलेशन और बोर्डिंग से जुड़े नियमों में बड़ा बदलाव किया है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मंगलवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में इसकी जानकारी दी। नए नियमों का उद्देश्य टिकटों की जमाखोरी पर रोक लगाना और आम यात्रियों को कंफर्म टिकट उपलब्ध कराना है। ये बदलाव 1 से 15 अप्रैल 2026 के बीच चरणबद्ध तरीके से लागू होंगे। अब यात्रियों को ट्रेन के निर्धारित समय से कम से कम 8 घंटे पहले टिकट रद्द करना होगा, तभी उन्हें रिफंड मिलेगा। उदाहरण के तौर पर, यदि ट्रेन शाम 6 बजे है, तो सुबह 10 बजे से पहले टिकट कैंसिल करना जरूरी होगा। इससे कम समय में कैंसिल करने पर कोई रिफंड नहीं मिलेगा। पहले यह सीमा 4 घंटे थी, जिसमें 50% तक रिफंड मिल जाता था। हालांकि, रेलवे ने 24 घंटे से 8 घंटे के बीच टिकट कैंसिल करने पर 50% रिफंड की व्यवस्था बरकरार रखी है। इस बदलाव से उन एजेंटों और दलालों पर लगाम लगेगी, जो बड़ी संख्या में टिकट बुक कर लेते थे और जरूरत न होने पर आखिरी समय में कैंसिल कर पैसे वापस ले लेते थे। बोर्डिंग स्टेशन बदलने के नियम में भी बड़ी राहत दी गई है। अब यात्री ट्रेन छूटने से 30 मिनट पहले तक अपना बोर्डिंग स्टेशन बदल सकेंगे। पहले यह सुविधा केवल चार्ट बनने से पहले तक सीमित थी। नए नियम से खासकर बड़े शहरों में रहने वाले यात्रियों को सुविधा मिलेगी, जहां एक से अधिक रेलवे स्टेशन होते हैं। यात्री आईआरसीटीसी रेल कनेक्ट ऐप, वेबसाइट या रेलवे काउंटर के माध्यम से बोर्डिंग स्टेशन बदल सकते हैं। हालांकि एक बार बदलाव करने के बाद पुराने स्टेशन से ट्रेन पकड़ने की अनुमति नहीं होगी।

रेलवे ने यह भी स्पष्ट किया है कि कुछ विशेष परिस्थितियों में पुराने रिफंड नियम लागू रहेंगे। अगर ट्रेन पूरी तरह रद्द हो जाती है या 3 घंटे से अधिक देरी होती है, तो यात्री टीडीआर फाइल कर पूरा रिफंड ले सकते हैं। इसके अलावा, यदि चार्ट बनने के बाद भी टिकट वेटिंग में रहता है, तो वह स्वतः रद्द होकर पूरा पैसा वापस हो जाएगा। रेल मंत्रालय का मानना है कि इन सख्त नियमों से टिकटों की कालाबाजारी और 'कॉर्नरिंग' में कमी आएगी और आम यात्रियों के लिए यात्रा करना अधिक सहज और पारदर्शी बनेगा।

## समृद्धि यात्राः सीएम ने 780 करोड़ की योजनाओं का किया लोकार्पण-शिलान्यास



**कैमूर/रोहतास(नि.सं.)।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की समृद्धि यात्रा मंगलवार को कैमूर और रोहतास पहुंची, जहां उन्होंने जनसभाओं को संबोधित करते हुए पूर्ववर्ती सरकारों पर जमकर निशाना साधा। रोहतास में अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि पहले की सरकार "एकदम फालतू" थी और जनता के लिए कोई काम नहीं करती थी। उन्होंने दावा किया कि उस दौर में भय का माहौल था और लोग शाम के बाद घरों से निकलने से कतराते थे, जबकि अब राज्य में शांति और विकास का वातावरण है। सभा के दौरान मुख्यमंत्री ने मंच से ही बीच-बीच में बातचीत कर रहे लोगों को टोका और कहा कि "ध्यान से सुनिए, तभी समझ पाएंगे कि देश और राज्य में क्या हो रहा है।" उनके इस अंदाज पर सभा में मौजूद लोगों के बीच हलचल भी देखने को मिली। मुख्यमंत्री ने कहा कि पुरानी सरकारों के समय हिंदू-मुस्लिम तनाव की घटनाएं होती थीं, लेकिन उनकी सरकार आने के बाद कब्रिस्तानों की घेराबंदी और मंदिरों के संरक्षण जैसे कदम उठाए गए, जिससे सामाजिक सद्भाव मजबूत हुआ। उन्होंने स्वास्थ्य, शिक्षा और सड़कों के क्षेत्र में किए गए कार्यों का जिक्र करते हुए कहा कि 2005 के बाद बिहार में व्यापक बदलाव आया है। मेडिकल कॉलेजों की संख्या बढ़ी, स्कूलों में शिक्षकों की बहाली हुई और गांवों को सड़कों से जोड़ा गया। उन्होंने 'जंगलराज' का उल्लेख करते हुए पूर्व सरकार पर हमला बोला और कहा कि उस समय महिलाओं की सुरक्षा एक बड़ी चुनौती थी और शासन व्यवस्था कमजोर थी। वहीं, वर्तमान सरकार ने कानून-व्यवस्था को मजबूत किया है और आम लोगों में सुरक्षा की भावना पैदा की है।






## ट्रेन की चपेट में आने से तीन मजदूर की हुई मौत, तीनों मजदूर रेलवे ट्रैक पर चल रहे थे

**निज संवाददाता | बक्सर/गाजीपुर**



उत्तर प्रदेश के गाजीपुर जिले में एक दर्दनाक हादसे में बिहार के तीन मजदूरों की ट्रेन से कटकर मौत हो गई। यह हादसा गहमर और बारा रेलवे स्टेशन के बीच उस समय हुआ, जब तीनों मजदूर रेलवे ट्रैक पर चल रहे थे और तेज रफ्तार इंदौर-पटना एक्सप्रेस की चपेट में आ गए। घटना रविवार शाम की बताई जा रही है, जिसने उनके परिवारों को गहरे सदमे में डाल दिया। जानकारी के अनुसार, ट्रेन संख्या 19321 इंदौर-पटना एक्सप्रेस डाउन लाइन पर आ रही थी, तभी उसने ट्रैक पर चल रहे तीन लोगों को कुचल दिया। गहमर रेलवे स्टेशन के डिप्टी स्टेशन मास्टर ने तत्काल इस घटना की सूचना पुलिस को दी।

### 2029 चुनाव से पहले लागू हो सकता है 33% महिला आरक्षण

**नई दिल्ली (ए.)।** केंद्र सरकार 2029 के लोकसभा चुनाव से पहले महिलाओं के लिए 33% आरक्षण लागू करने की दिशा में तेजी से काम कर रही है। इसके लिए संसद के मौजूदा सत्र में अहम विधायी बदलाव किए जाने की तैयारी है। सरकार इस प्रक्रिया को समयबद्ध तरीके से पूरा करना चाहती है, ताकि अगला आम चुनाव नए आरक्षण ढांचे के तहत कराया जा सके। सूत्रों के अनुसार, प्रस्तावित व्यवस्था के तहत लोकसभा की कुल सीटें मौजूदा 543 से बढ़ाकर 816 की जा सकती हैं। इस नई संरचना में लगभग 273 सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित होंगी। यह बदलाव 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' के प्रावधानों में संशोधन के जरिए किया जाएगा, जिसे 2023 में संविधान के 106वें संशोधन के रूप में पारित किया गया था। गृह मंत्री अमित शाह ने इस मुद्दे पर राजनीतिक सहमति बनाने के लिए एनडीए और गैर-कांग्रेसी विपक्षी दलों के नेताओं के साथ बैठकें शुरू कर दी हैं। कई क्षेत्रीय दलों से बातचीत हो चुकी है, जबकि कांग्रेस के साथ चर्चा अभी बाकी है। सरकार की कोशिश है कि व्यापक समर्थन के साथ बिल को संसद में पेश कर पारित कराया जाए, क्योंकि इसके लिए दो-तिहाई बहुमत आवश्यक होगा।



बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## संक्षिप्त समाचार

### बिक्रमगंज में बिजली चोरी के विरुद्ध सख्त अभियान, सात लोगों पर प्राथमिकी दर्ज

**बिक्रमगंज / रोहतास।** विद्युत विभाग द्वारा अवैध रूप से विद्युत ऊर्जा चोरी पर रोक लगाने एवं राजस्व वसूली को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से बकायेदार उपभोक्ताओं के विरुद्ध सख्त कार्रवाई जारी है। इसी क्रम में व्यापक स्तर पर विद्युत कनेक्शन विच्छेदन अभियान भी चलाया जा रहा है। विभागीय अधिकारियों, कनीय विद्युत अभियंताओं एवं तकनीकी कर्मियों की संयुक्त टीम द्वारा बिक्रमगंज, दावथ एवं संझौली प्रखंड के ग्रामीण क्षेत्रों में सघन छापेमारी अभियान चलाया गया। इस दौरान कई उपभोक्ताओं को अवैध रूप से बिजली का उपयोग करते हुए पकड़ा गया। जांच में यह सामने आया कि कुछ उपभोक्ता मीटर को बाईपास कर सीधे लाइन से बिजली ले रहे थे, जबकि कुछ मामलों में मीटर से छेड़छाड़ कर अनियमित खपत दर्ज की जा रही थी। कार्रवाई के तहत संझौली प्रखंड के औराई निवासी इसफाक अंसारी पिता-मंसूर अंसारी पर 10650, समीर हुसैन पिता- जमालुद्दीन मंसूरी पर 28095, इस्माइल अंसारी पिता-इसराइल अंसारी पर 11767, जहीरुद्दीन अंसारी पिता-कलामुद्दीन अंसारी पर 28095, आसिफ अंसारी पिता जफारीद्दीन अंसारी पर 19113 का जुर्माना लगाया गया है। वहीं दावथ प्रखंड के इटवा निवासी रामेश्वर प्रसाद पिता-सूरज सिंह पर बिना कनेक्शन बिजली चोरी करने के आरोप में 10367 का दंड अधिरोपित किया गया। इसके अतिरिक्त सिलौटा निवासी बिजय सिंह पिता-ददन सिंह का कनेक्शन बकाया राशि के कारण पूर्व में काट दिया गया था, बावजूद इसके अवैध रूप से बिजली उपयोग करते पाए जाने पर 135772 की राजस्व क्षति आंकलित करते हुए जुर्माना लगाया गया है। उक्त सभी मामलों में संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध विद्युत अधिनियम की धारा 135 के तहत प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। संझौली के कनीय विद्युत अभियंता प्रमुदित रक्त पटेल ने बताया कि बिजली चोरी से विभाग को भारी राजस्व हानि होती है, जिससे विद्युत आपूर्ति व्यवस्था प्रभावित होती है। सहायक विद्युत अभियंता, बिक्रमगंज राज कुमार ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे वैध कनेक्शन के माध्यम से ही बिजली का उपयोग करें तथा समय पर बिजली बिल का भुगतान करें। साथ ही किसी भी प्रकार की अनियमितता की सूचना विभाग को दें। उन्होंने स्पष्ट कहा कि बिजली चोरी एक दंडनीय अपराध है और इसके विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। विभाग का उद्देश्य प्रत्येक उपभोक्ता को सुरक्षित, निर्बाध एवं गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करना है।

### ज्ञान और भक्ति के मार्ग पर चलकर इच्छाओं का त्याग कर देता है, तब सिद्धियां स्वयं उसके पास आ जाती हैं: ब्रजकिशोर चंद शास्त्री



**बिक्रमगंज /रोहतास :** रोहतास जिले के बिक्रमगंज नगर स्थित मां आस्कामिनी मंदिर प्रांगण इन दिनों भक्ति,ज्ञान और आध्यात्मिक ऊर्जा का केंद्र बना हुआ है। यहां आयोजित धार्मिक कथा में उमड़ रही श्रद्धालुओं की भीड़ इस बात का प्रमाण है कि लोग आज भी आत्मिक शांति और जीवन के गूढ़ रहस्यों को जानने के लिए उत्सुक हैं । कथा के दौरान प्रसिद्ध कथावाचक बृज किशोर चंद्र शास्त्री ने ऐसा संदेश दिया,जिसने श्रोताओं के मन को गहराई तक झकझोर दिया । उन्होंने कहा कि मनुष्य जितनी अधिक इच्छाओं के पीछे भागता है,उतना ही वह अपने लक्ष्य से दूर होता जाता है । लेकिन जब वह ज्ञान और भक्ति के मार्ग पर चलकर इच्छाओं का त्याग कर देता है,तब सिद्धियां स्वयं उसके पास आ जाती हैं । शास्त्री जी ने अपने प्रवचन में समझाया कि सच्ची भक्ति का अर्थ केवल पूजा-पाठ नहीं,बल्कि मन, वचन और कर्म से ईश्वर के प्रति पूर्ण समर्पण है । उन्होंने कहा कि आज के युग में जहां हर व्यक्ति किसी न किसी अभिलाषा में उलझा हुआ है,वहीं भक्ति का मार्ग उसे इन बंधनों से मुक्त कर सच्चे सुख की अनुभूति कराता है । कथा के दौरान वातावरण इतना भावपूर्ण हो गया कि श्रद्धालु मंत्रमुग्ध होकर घंटों तक प्रवचन सुनते रहे । "हर-हर महादेव" और "जय माता दी" के उद्घोष से पूरा मंदिर परिसर गूंज उठा । कई श्रद्धालुओं ने इसे अपने जीवन का यादगार आध्यात्मिक अनुभव बताया । स्थानीय लोगों का कहना है कि इस कथा ने न केवल धार्मिक आस्था को मजबूत किया, बल्कि जीवन जीने की दिशा भी दिखाई है । आयोजन समिति के अनुसार इस तरह के कार्यक्रम समाज में सकारात्मक सोच और संस्कारों को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं । बिक्रमगंज की यह कथा अब केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं रह गई है,बल्कि यह एक ऐसी आध्यात्मिक लहर बन चुकी है,जो लोगों के दिल और दिमाग दोनों को छू रही है और यही इसे पूरे क्षेत्र में चर्चा का सबसे बड़ा विषय बना रही है ।

### विश्व यक्ष्मा दिवस पर पीएचसी करगहर में जागरूकता कार्यक्रम, प्रभात फेरी निकाल लोगों को किया जागरूक




**करगहर(रोहतास),** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) करगहर में मंगलवार को विश्व यक्ष्मा दिवस के अवसर पर एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान चिकित्सकों, स्वास्थ्यकर्मियों और ग्रामीणों को यक्ष्मा (टीबी) बीमारी के लक्षण, बचाव, जांच और उपचार के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई।

कार्यक्रम का नेतृत्व प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. रविकांत केसरी ने किया। इस मौके पर डॉ. प्रीति कुमारी, डॉ. दिनेश्वर प्रसाद सिंह, डॉ. कमलेश कुमार, डॉ. सूर्यकांत पाठक, डॉ. नूतन कुमार, डॉ. उत्तम कुमार, डॉ. नवनीत कुमार और डॉ. शुभम कुमार सहित अन्य चिकित्सा पदाधिकारियों ने टीबी उन्मूलन अभियान की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए लोगों से समय पर जांच कराने और उपचार पूरा करने की अपील की।

कार्यक्रम में ज्ञानेंद्र कुमार, सीनियर टीबी लैब सुपरवाइजर, तथा ममता कुमारी, सीनियर ट्रीटमेंट सुपरवाइजर ने भी लोगों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि टीबी अब लाइलाज बीमारी नहीं है, बल्कि समय पर पहचान और नियमित दवा सेवन से इसे पूरी तरह ठीक किया जा सकता है। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि खांसी, बुखार, वजन घटना या कमजोरी जैसे लक्षण दिखने पर तुरंत जांच कराएं और दूसरों को भी इसके प्रति जागरूक करें।

इस अवसर पर स्वास्थ्य केंद्र परिसर से एक प्रभात फेरी भी निकाली गई, जिसमें स्वास्थ्यकर्मियों और ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। प्रभात फेरी के माध्यम से लोगों को टीबी के प्रति जागरूक किया गया तथा समय पर जांच व उपचार कराने का संदेश दिया गया।

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सभी लोगों ने टीबी उन्मूलन कार्यक्रम को सफल बनाने की शपथ भी ली। शपथ में जानकारी की रोशनी से टीबी के डर को मिटाने, सतर्कता की ताकत से टीबी के भेदभाव को खत्म करने और पूर्ण समर्पण से भारत को टीबी मुक्त बनाने में योगदान देने का संकल्प लिया गया। इस दौरान "टीबी हारेगा, देश जीतेगा" का संदेश भी दिया गया।

कार्यक्रम में रितेश स्वरूप (बीएचएम), मानसी सिंह (बीसीएम), उमेश कुमार (बीएएम), सनोज कुमार (एलटी), मंजू कुमारी, विनीता कुमारी, रेखा कुमारी, मधुबाला कुमारी (एएनएम), प्रियंका कुमारी (जीएनएम), रामानुज पांडेय, पूजा शर्मा (ईसीजी टेक), अभिषेक कुमार, अशोक कुमार, रिशु पटेल, राहुल राय, अंकित कुमार, विनय कुमार और बलिराम कुमार सहित कई अन्य स्वास्थ्यकर्मी मौजूद रहे।

# सीएम ने विभिन्न विकास योजनाओं का स्थल निरीक्षण किया तथा उनकी प्रगति समीक्षा की













सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**डेहरी /रोहतास।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बिहार की समग्र समृद्धि को गति प्रदान करने एवं राज्य को विकसित राज्यों की अग्रणी श्रेणी में स्थापित करने के लक्ष्य के साथ शुरू हुई 'समृद्धि यात्रा' के पांचवें चरण के अंतर्गत आज दिनांक 24.03.2025 को रोहतास जिले में विभिन्न विकास योजनाओं का स्थल निरीक्षण किया तथा उनकी प्रगति समीक्षा की। मुख्यमंत्री के रोहतास जिले के डेहरी आगमन स्थानीय जनप्रतिनिधियों, जिला पदाधिकारी, पुलिस अधीक्षक द्वारा उनका स्वागत किया गया। इसके पश्चात उन्होंने सर्वप्रथम सोन नदी में उपलब्ध सतही जल के उपयोग हेतु निर्माणाधीन वाटर ट्रीटमेंट प्लांट के इंटेक वेल निर्माण स्थल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने कार्य की गुणवत्ता एवं गति का जायजा लिया और इसे निर्धारित समयसीमा के भीतर पूर्ण करने का निर्देश दिया।

मुख्यमंत्री जी ने सोन नदी में प्रस्तावित WEIR निर्माण स्थल का भी निरीक्षण किया। उन्होंने परियोजना से संबंधित तकनीकी पहलुओं की जानकारी ली तथा जल संरक्षण एवं आपूर्ति को सुदृढ़ बनाने में इस योजना की महत्ता पर बल दिया। साथ ही उन्होंने वाटर ट्रीटमेंट प्लांट के 3D मॉडल का अवलोकन कर परियोजना की रूपरेखा और उसके क्रियान्वयन की स्थिति का विस्तृत आकलन किया।

इसके उपरांत माननीय मुख्यमंत्री बस्तीपुर पहुंचे, जहां उन्होंने निर्माणाधीन वाटर ट्रीटमेंट प्लांट के कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया। कार्यक्रम में माननीय मुख्यमंत्री ने विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए विकासात्मक योजनाओं से संबंधित स्टॉलों का भी निरीक्षण किया और योजनाओं के क्रियान्वयन की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने लाभुकों से संवाद करते हुए सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के प्रभाव एवं लाभ के बारे में भी जानकारी ली। कार्यक्रम के दौरान माननीय मुख्यमंत्री ने रिमोट के माध्यम से जिले में कुल 158.59 करोड़ रुपये की लागत से पूर्ण हुई 179 योजनाओं का उद्घाटन किया। साथ ही 321.5 करोड़ रुपये की लागत से प्रस्तावित 129 नई योजनाओं का शिलान्यास किया। इन योजनाओं में पेयजल, सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं अन्य आधारभूत संरचना से संबंधित कई महत्वपूर्ण परियोजनाएं शामिल हैं, जो जिले के समग्र विकास को नई गति प्रदान करेंगी।

इसके अतिरिक्त माननीय मुख्यमंत्री ने बीएमपी ग्राउंड-2 में आयोजित जन-संवाद कार्यक्रम में भाग लेकर आमजनों को संबोधित किया। अपने संबोधन में उन्होंने राज्य सरकार की प्राथमिकताओं, विकास के विजन तथा जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार समाज के सभी वर्गों के समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध है और 'समृद्धि यात्रा' के माध्यम से विकास कार्यों की निगरानी एवं समीक्षा सुनिश्चित की जा रही है। उन्होंने कहा कि राज्य और केंद्र सरकार का लक्ष्य है कि बिहार को विकास के पथ पर आगे बढ़ाते हुए एक समृद्ध एवं सशक्त राज्य के रूप में स्थापित किया जाए।

## पारंपरिक चैता कार्यक्रम का भव्य एवं आकर्षक किया गया आयोजन

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**बिक्रमगंज /रोहतास :** चैती नवरात्रि के पावन बेला में सोमवार की रात बिक्रमगंज नगर परिषद क्षेत्र अंतर्गत वार्ड संख्या 21 धारूपुर गांव स्थित मां काली मंदिर निज धाम समीप ब्रह्म बाबा के प्रांगण में पारंपरिक चैता कार्यक्रम का भव्य एवं आकर्षक आयोजन किया गया । इस आयोजन ने न केवल क्षेत्र की लोकसंस्कृति को जीवंत किया, बल्कि ग्रामीण परिवेश में पारंपरिक संगीत की समृद्ध विरासत को भी सहेजने का कार्य किया । कार्यक्रम में स्थानीय गांव की चैता टीम के साथ-साथ काराकाट प्रखंड क्षेत्र के जय मां काली चैता टीम महुअरी ने भी भाग लेकर आयोजन की गरिमा को ऊपर बढ़ाया । महुअरी टीम के कलाकारों में श्री गोविंद पांडेय,राहुल पांडेय,पिंटू पांडेय,मिथिलेश पांडेय और टिंकू पांडेय सहित अन्य सदस्यों ने अपनी मधुर प्रस्तुति से समां बांध दिया ।आयोजन की शुरुआत पारंपरिक देवी पचरा से की गई,जिसमें मां काली की स्तुति कर वातावरण को भक्तिमय बनाया गया । इसके उपरांत दोनों टीमों के बीच चैता गायन का दौर शुरू हुआ । कलाकारों ने एक से बढ़कर एक पारंपरिक चैता गीत प्रस्तुत किए,जिनमें ग्रामीण जीवन, प्रेम,भक्ति और लोकसंस्कृति की झलक साफ दिखाई दी । गीतों की मधुरता और ताल-लय ने उपस्थित दर्शकों को देर रात तक बांधे रखा । स्थानीय ग्रामीणों ने भी इस आयोजन में बढ़-चढ़कर भाग लिया और कलाकारों का उत्साहवर्धन किया । पूरे कार्यक्रम दौरान दर्शक तालियों की गूंज से कलाकारों का हौसला बढ़ाते रहे । आयोजन स्थल पर मेले जैसा दृश्य देखने को मिला,जहां बच्चे,युवा और बुजुर्ग सभी वर्ग के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित रहे ।इस अवसर पर दामोदर दुबे,हरिनारायण दुबे,मुरलीधर दुबे,अजय तिवारी, राजनाथ यादव,रंजय दुबे,राजू तिवारी,उमा मिश्रा,गोविंद सिंह, झमन सिंह,नथुनी सिंह,मोहित,धनी, राहुल चौबे,चंदन दुबे,बाबूधन पासवान,चंदन तिवारी सहित सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण और दर्शक मौजूद रहे । कार्यक्रम के सफल आयोजन पर स्थानीय लोगों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि इस तरह के सांस्कृतिक आयोजन से न केवल मनोरंजन होता है,बल्कि नई पीढ़ी को अपनी परंपराओं और लोककलाओं से जुड़ने का अवसर भी मिलता है । आयोजकों ने भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रमों को निरंतर आयोजित करने की बातें कही ।

### मैथमेटिक्स की राजधानी बना स्टार मैथमेटिक्स क्लासेस

## इंटरमीडिएट परीक्षा 2026 में साइंस छात्रों ने लहराया परचम

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**बिक्रमगंज (रोहतास):** हर साल की तरह इस वर्ष भी इंटरमीडिएट परीक्षा 2026 में साइंस समूह के परिणामों में स्टार मैथमेटिक्स क्लासेस के छात्र-छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन कर अपने जिला एवं क्षेत्र का नाम रोशन किया है सैकड़ो छात्र-छात्राओं ने मैथ सब्जेक्ट में 90 प्लस अंक हासिल किया है। संस्थान के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट अंक प्राप्त कर यह साबित कर दिया कि मेहनत, सही मार्गदर्शन और अनुशासन से सफलता निश्चित है।

सफल छात्र-छात्राओं ने अपनी उपलब्धि का श्रेय अपने माता-पिता एवं संस्थान के डायरेक्टर राजू सर को दिया। वहीं राजू सर ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की और कहा कि यह सफलता निरंतर परिश्रम का परिणाम है।

इस वर्ष के टॉपर्स में शमशाद हुसैन ने कुल 406 अंक के साथ गणित में 99 अंक प्राप्त कर शीर्ष स्थान हासिल किया। इसके अलावा सौरभ कुमार (450, मैथ 93), अक्षय कुमार (440, मैथ 95), प्रांजल कुमार (433, मैथ 88), तनुजा कुमारी (430, मैथ 88), ऋतुराज (422, मैथ 96), श्रवण कुमार (420, मैथ 93) सहित कई विद्यार्थियों ने बेहतरीन अंक प्राप्त किए।

अन्य सफल विद्यार्थियों में अमित कुमार मैथ 97, कुमार आदित्यम मैथ 97, अंजलि कुमारी मैथ 96, जूही कुमारी मैथ 95,प्रीति कुमारी मैथ 94, साबिर अंसारी मैथ 92, प्रिंस कुमार मैथ 91 , दीपक कुमार मैथ 91, विवेक कुमार मैथ 92, अंशु कुमारी मैथ 94, चंदन कुमार मैथ 91 , सुजीत कुमार मैथ 95, प्रीति कुमारी मैथ 90, विपुल कुमार मैथ 85, सोनू कुमार मैथ 91, करण कुमार मैथ 84, इंद्रजीत कुमार मैथ 83,नीतीश कुमार मैथ 80 , राजा कुमार मैथ 82, प्रियंका कुमारी मैथ 88, निशा कुमारी मैथ 90, पुरुषोत्तम कुमार मैथ 88, शारदा कुमार मैथ 86 ,मनीष कुमार मैथ 85, अभिषेक कुमार मैथ 82 , सुप्रिया कुमारी मैथ 83, सृष्टि कुमारी मैथ 84, मनीष कुमार मैथ 81 एवं बोलबम मैथ 81आदि शामिल हैं।

संस्थान की इस शानदार उपलब्धि से क्षेत्र में खुशी का माहौल है और लोग स्टार मैथमेटिक्स क्लासेस को "मैथमेटिक्स की राजधानी" के रूप में पहचान दे रहे हैं।

## मुख्यमंत्री शैक्षणिक परिभ्रमण योजना के तहत जोरावरपुर के 30 छात्र-छात्राएं पटना दर्शन के लिए रवाना

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**काराकाट / रोहतास ।** प्रखंड के बाराडीह पंचायत अंतर्गत जोरावरपुर गांव स्थित उत्क्रमित उर्दू मध्य विद्यालय के 30 छात्र-छात्राओं का दल मंगलवार सुबह पटना के दर्शनीय एवं ऐतिहासिक स्थलों के भ्रमण के लिए रवाना हो गया। मुख्यमंत्री शैक्षणिक परिभ्रमण (बिहार दर्शन) योजना के तहत आयोजित इस यात्रा को पंचायत के प्रमुख प्रतिनिधि नारायण पासवान एवं गांव के अध्यक्ष सनाउल्लाह खान ने हरी झंडी दिखाकर विदा किया।विद्यालय के प्रधानाध्यापक रेयाजुद्दीन अंसारी ने बताया कि यह दल पटना के प्रमुख स्थलों जैसे गोलघर, पटना संग्रहालय, हार्डिंग रोड, बुद्ध स्मृति उद्यान एवं अन्य ऐतिहासिक स्थानों का भ्रमण करेगा। यात्रा के दौरान छात्र-छात्राएं इन स्थलों के इतिहास, सांस्कृतिक महत्व एवं वैज्ञानिक पहलुओं की विस्तृत जानकारी प्राप्त करेंगे। उन्होंने कहा कि योजना का मुख्य उद्देश्य बच्चों को किताबी ज्ञान से आगे बढ़ाकर व्यावहारिक अनुभव प्रदान करना है, ताकि उनका बौद्धिक, मानसिक एवं सामाजिक विकास हो सके।

**बिहार की विरासत से जुड़ाव का शानदार अवसर:** प्रधानाध्यापक अंसारी ने आगे बताया, "ऐसे परिभ्रमण से छात्र-छात्राओं में बिहार की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के प्रति जिज्ञासा जागृत होती है। वे न केवल इतिहास को प्रत्यक्ष देखेंगे, बल्कि स्थानीय परंपराओं, स्वतंत्रता संग्राम के निशानों एवं आधुनिक विकास को समझेंगे। इससे उनका आत्मविश्वास बढ़ेगा और वे अपने राज्य की पहचान से गर्व महसूस करेंगे।" इस योजना से ग्रामीण क्षेत्रों के बच्चे शहरों के महत्वपूर्ण स्थलों तक पहुंच पाते हैं, जो सामान्यतः उनके लिए दूर की कौड़ी होते हैं।

**उपस्थितजनों में उत्साह:** विदाई समारोह में प्रधानाध्यापक रेयाजुद्दीन अंसारी के अलावा शिक्षक मो. कामरान, हुस्नआरा परवीन, राजू अंसारी, पंचायत प्रतिनिधि, अभिभावक एवं ग्रामीण उपस्थित रहे। छात्र-छात्राओं ने यात्रा के प्रति उत्साह जाहिर करते हुए नारे लगाए और प्रधानाध्यापकों को धन्यवाद दिया। पंचायत प्रमुख नारायण पासवान ने कहा, "यह योजना बच्चों के सर्वांगीण विकास में मील का पत्थर साबित हो रही है। हमारा गांव गर्व महसूस कर रहा है।"

## श्रीराम मर्यादा, सत्य, त्याग और आदर्शों की सजीव प्रतिमूर्ति : साध्वी शैलप्रिया पांडेय

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**बिक्रमगंज/ रोहतास :** अयोध्या धाम से पधारी विख्यात कथावाचक साध्वी शैलप्रिया पांडेय ने बिक्रमगंज नगर के सासाराम रोड स्थित सब्जी मंडी परिसर में अवस्थित मां दुर्गा मंदिर प्रांगण में आयोजित भव्य राम कथा के दौरान ऐसा आध्यात्मिक वातावरण रचा कि पूरा क्षेत्र भक्ति और श्रद्धा में डूब गया । साध्वी की ओजस्वी वाणी और भावपूर्ण प्रस्तुति ने श्रोताओं को केवल कथा सुनने तक सीमित नहीं रखा,बल्कि उन्हें आत्ममंथन के लिए भी प्रेरित किया । कथा के प्रत्येक प्रसंग में जीवन के गूढ़ सत्य और धर्म के मूल सिद्धांतों का सरल और प्रभावी संदेश समाहित था । कथा दौरान भगवान श्रीराम के जीवन चरित्र को अत्यंत प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत करते हुए साध्वी ने कहा कि श्रीराम मर्यादा,सत्य,त्याग और आदर्शों की सजीव प्रतिमूर्ति हैं । उन्होंने बताया कि श्रीराम का जीवन हमें यह सिखाता है कि विपरीत परिस्थितियों में भी धर्म और कर्तव्य से कभी विचलित नहीं होना चाहिए ।वनवास का प्रसंग,पिता के वचन की रक्षा और प्रजा के प्रति उनकी अटूट निष्ठा का वर्णन करते हुए साध्वी ने श्रोताओं को भावविभोर कर दिया । कथा के दौरान कई बार "जय श्रीराम" के उद्घोष से पूरा परिसर गूंज उठा,जिससे वातावरण पूरी तरह आध्यात्मिक हो गया । साध्वी शैलप्रिया पांडेय ने भगवान राम के अनुजों भरत,लक्ष्मण और शत्रुघ्न के जीवन पर भी विस्तार से प्रकाश डाला । उन्होंने भरत के त्याग को भाईचारे की सर्वोच्च मिसाल बताया, वहीं लक्ष्मण की सेवा भावना को अद्वितीय बताया । शत्रुघ्न की शांत, सरल और कर्तव्यनिष्ठ छवि को उन्होंने समाज के लिए प्रेरणादायक बताया । उन्होंने अपने प्रवचन में कहा कि आज के दौर में जब रिश्तों में दूरी और स्वार्थ बढ़ता जा रहा है, तब श्रीराम और उनके भाइयों के आदर्शों को अपनाकर ही समाज में प्रेम,एकता और सद्भाव स्थापित किया जा सकता है । कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु,महिलाएं और युवा उपस्थित रहे । कथा के अंत में सामूहिक आरती और प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ,लेकिन साध्वी की वाणी से जागृत भक्ति और संस्कारों की अलख श्रद्धालुओं के हृदय में लंबे समय तक जीवंत रहने वाली है ।

## छठ पूजा का पावन महापर्व श्रद्धालुओं की अपार श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया



सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**बिक्रमगंज / रोहतास :** मंगलवार की संध्या को बिक्रमगंज और आसपास के प्रखंडों में छठ पूजा का पावन महापर्व श्रद्धालुओं की अपार श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया । घाटों पर भक्तों की भीड़,दीपों की चमक और पारंपरिक भजन-कीर्तन ने पूरे माहौल को भक्तिभावपूर्ण और दिव्य बना दिया । इस वर्ष भी बिक्रमगंज मुख्यालय काशी छठ पूजा घाट, कस्तर महादेव छठ पूजा घाट,धनगाई छठ पूजा घाट,नोनहर छठ पूजा घाट, सूर्यपुरा छठ पूजा घाट,नगर परिषद बिक्रमगंज वार्ड संख्या 21 धारूपुर मां काली छठ पूजा घाट,दिनारा प्रखंड के शक्तिपीठ निज धाम श्री यक्षिणी भलुनी भवानी छठ पूजा घाट,काराकाट प्रखंड के काराकाट बाजार स्थित सूर्य मंदिर छठ पूजा घाट,मोथा सूर्य मंदिर छठ पूजा घाट, देवस्थली देव मारकंडेय सूर्य मंदिर छठ पूजा घाट और गुजरू सूर्य मंदिर छठ पूजा घाट समेत पूरे क्षेत्र के सभी प्रमुख घाटों पर श्रद्धालुओं ने भगवान सूर्य को पहला अर्घ्य अर्पित किया ।संध्या अस्ताचलगामी समय पर घाटों का दृश्य अत्यंत मनोहारी था । महिलाएं पारंपरिक व्रत परिधान में सज-धज कर घाटों पर आई,दीपों की रोशनी में अपनी आस्था व्यक्त करते हुए सूर्य देव को अर्घ्य अर्पित किया । पुरुष श्रद्धालु व्रतियों की सेवा में लगे रहे । घाटों पर गूंजते भजन-कीर्तन और झिलमिलाते दीपों ने श्रद्धालुओं के हृदय में भक्तिभाव को और प्रगाढ़ कर दिया ।ग्रामीण और शहरी इलाकों के सभी घाटों पर व्रतियों की श्रद्धा और उत्साह देखते ही बन रहा था ।

स्थानीय प्रशासन और स्वयंसेवी संगठन भी घाटों पर व्यवस्था बनाए रखने और श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने में पूरी तरह सक्रिय रहे । विधि-व्यवस्था के दृष्टिकोण से अनुमंडल और प्रखंड स्तर के वरीय प्रशासनिक और पुलिस अधिकारी घाटों का निरीक्षण करते हुए सुरक्षा, भीड़ नियंत्रण और आपात परिस्थितियों से निपटने की तैयारियों का जायजा लेते रहे । प्रशासनिक सतर्कता और पुलिस की चौकसी ने यह सुनिश्चित किया कि छठ पूजा का यह पर्व शांतिपूर्ण,सुरक्षित और श्रद्धालुओं की आस्था अनुरूप संपन्न हो । इस तरह बिक्रमगंज और उसके आसपास के प्रखंडों में छठ पर्व का यह संध्या अर्घ्य न केवल भक्तों की आस्था का प्रतीक बना,बल्कि पूरे क्षेत्र में उत्सव,उमंग और विश्वास की चमक फैला गया ।

## संक्षिप्त समाचार

### दंत चिकित्सक डॉ. विवेक राज को मिला दिल्ली रत्न अवार्ड

**आरा**| आरा के प्रसिद्ध दंत चिकित्सक डॉ. विवेक राज को राजधानी नई दिल्ली में आयोजित एक भव्य समारोह में दिल्ली रत्न अवार्ड 2026 से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें समाज में उनके उत्कृष्ट योगदान, सामाजिक सद्भाव को बढ़ावा देने और राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रदान किया गया। यह सम्मान 22 मार्च 2026 को नई दिल्ली के कनॉट प्लेस स्थित पालिका पार्क में एक शाम शहीदों के नाम कार्यक्रम के दौरान दिया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन भारत मंच संस्था द्वारा किया गया था, जिसमें देश के विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाले लोगों को सम्मानित किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि अनुराग ठाकुर (पूर्व केंद्रीय मंत्री), तरुण (भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव) और रेखा गुप्ता (दिल्ली बीजेपी की प्रवक्ता) की गरिमामयी उपस्थिति रही।हित पूरे भोजपुर जिले में खुशी है।

### गंगा स्वच्छता पखवाड़ा व जल महोत्सव 2026 पर विशेष दिवस कार्यक्रम

**आरा**। गंगा समिति, भोजपुर द्वारा राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन के निर्देशानुसार ''गंगा स्वच्छता पखवाड़ा व जल महोत्सव 2026'' विशेष दिवस कार्यक्रम का शुभारंभ समाहरणालय परिसर, आरा में किया गया। यह कार्यक्रम जिलाधिकारी सह अध्यक्ष, जिला गंगा समिति के निर्देश के आलोक में किया गया। कार्यक्रम के पहले सत्र में ''जल अर्पण'', जागरूकता रैली, श्रमदान व स्वच्छता शपथ का आयोजन किया गया। निदेशक, जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, कल्याण पदाधिकारी, जिला कला व संस्कृति पदाधिकारी भोजपुर व राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम पदाधिकारी और राष्ट्रीय कैडर कोर के अधिकारियों ने संयुक्त तरीके से जल अर्पण कर जल संचय का संदेश दिया और हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। जिलाधिकारी ने गंगा स्वच्छता व जल संरक्षण जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली में 8 बिहार बटालियन एनसीसी कैडेट्स व वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय के विभिन्न कॉलेज के एनएसएस स्वयंसेवकों सहित बड़ी संख्या में जिले के फिजिकल एकेडमी और विद्यार्थियों ने भाग लेकर जल संरक्षण का संदेश जन-जन तक पहुंचाया।

### छापेमारी अभियान में 20 अभियुक्त गिरफ्तार

**बक्सर**| जिले में अपराध नियंत्रण को लेकर पुलिस द्वारा चलाए गए विशेष छापेमारी अभियान के दौरान कुल 20 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस के अनुसार पॉक्सो एक्ट में 1, शराब के सेवन में 12, वारंट में 7 अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया।गिरफ्तार सभी अभियुक्तों के खिलाफ आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए उन्हें न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर जेल भेज दिया गया।

### अभाविप इकाई का पुनर्गठन अमित यादव बने नगर मंत्री

**ब्रह्मपुर**| विद्यार्थी परिषद की नगर इकाई का सत्र 2026-27 के लिए पुनर्गठन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रांत कार्यकारिणी सदस्य सदानंदपांडेय ने की। कार्यक्रम में अभिनंदन मिश्रा की उपस्थिति में अमित कुमार यादव को नगर मंत्री बनाया गया। सह नगर मंत्री के रूप में प्रिंस कुमार, श्रीओम कुमार और शिवम सिंह को जिम्मेदारी दी गई। नगर एसएफएस प्रमुख रोहित गुप्ता, नगर एसएफडी प्रमुख अजीत गुप्ता, सह नगर एसएफटी प्रमुख आशीष राजपूत, नगर कला मंच प्रमुख सचिन चौरसिया, नगर खेलो भारत प्रमुख आदर्श कुमार, नगर सोशल मीडिया प्रमुख मिथुन कुमार, सह नगर एसएफएस प्रमुख शिवधान कुमार तथा सह नगर खेलो भारत प्रमुख निखिल गुप्ता को दायित्व सौंपे गए।

### चैती छठ पर्व को ले गुलजार रहा फलों का बाजार

**बक्सर**। लोक आस्था और सूर्योपासना का महापर्व चैती छठ को लेकर बुधवार को बाजार में गजब की चहल-पहल दिखी। शहर के रामरेखा घाट, मुनिम चौक, मेन रोड समेत अन्य बाजारों में खरीदारों की अच्छी खासी भीड़ रही। सेब, अनानास, केला, गाजर, संतरा, अनार, ईख, नारियल आदि फलों की दुकानें सजी थी। दुकानों पर व्रती महिलाएं और उनके परिजनों ने फलों की जमकर खरीदारी की। ईख सौ रुपए जोड़ा तो सत्तर रुपए फीस बिका अनानासः चैती छठ को लेकर फलों का बाजार गुलजार रहा। अन्य दिनों के मुकाबले फलों का भाव तेज रहा। केला पचास से साठ रुपए दर्जन, अनानास सत्तर रुपए फीस, संतरा सौ रुपए किलो, ईख सौ रुपए जोड़ा, शरीफा पैंतीस से चालीस रुपए पीस, सेब एक सौ पचास से दो सौ रुपए किलो, सूप एक सौ साठ रुपए जोड़ा, दउरा एक सौ पचास से दो सौ रुपए पीस, नारियल अस्सी रुपए जोड़ा, अनार सौ रुपए किलो का भाव रहा। पूजा सामग्री की हुई बिक्री शहर के रामरेखा घाट रोड व सिविल लाइंस स्थित महात्मा गांधी बड़ा बाजार में दऊरा और सूप की दुकानों पर लोगों ने खरीदारी की। बाजार में लोकल के अलावा झारखंड का सूप और दऊरा उपलब्ध था।

### 1600 मीटर में दौड़ में वरुण यादव बने विजेता

**आरा**। शहीद दिवस के अवसर पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, आरा नगर इकाई द्वारा स्थानीय महाराजा कॉलेज परिसर में दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन परिषद के प्रदेश मंत्री छोटू सिंह, शोध कार्य संयोजक चंदन तिवारी, प्रांत छात्रा सह-प्रमुख कल्पना भारती, यशवंत सिंह एवं जिला संयोजक अनूप सिंह ने स्वामी विवेकानंद एवं मां शारदे के चित्र पर दीप प्रज्वलित एवं पुष्पांजलि अर्पित कर किया। जिला संयोजक अनूप सिंह ने आयोजन के उद्देश्य पर प्रकाश डाला। इस दौरान प्रदेश मंत्री छोटू सिंह ने कहा कि शहीद दिवस पर इस प्रकार की प्रतियोगिताओं का आयोजन युवाओं में देशभक्ति और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने का माध्यम है। उन्होंने कहा कि शहीदों के बलिदान को स्मरण कर उनसे प्रेरणा लेना हम सभी का कर्तव्य है। परिषद का उद्देश्य युवाओं में सेवा, संस्कार और राष्ट्र-निर्माण की भावना को सुदृढ़ करना है। उन्होंने आगे कहा कि शहीदों की शहादत केवल इतिहास नहीं, बल्कि हमारे कर्तव्यों का मार्गदर्शन है। स्वतंत्रता हमें सहज नहीं मिली, इसके लिए निरंतर अनुशासन, बलिदान और सजगता की आवश्यकता होती है।

### सड़क हादसे में घायल महिला की मौत

**आरा**। बक्सर में सड़क हादसे में घायल महिला की मौत हो गई। बाइक से गिरने से गंभीर रूप से घायल हो गईं थीं। मृतका की पहचान कांट गांव निवासी ब्रह्मदेव सिंह की पत्नी आशा देवी(46) के तौर पर हुई है। मृतका की बेटी ममता कुमारी ने बताया कि 28 फरवरी को मेरी मां भाई के साथ आरा जा रही थी। रास्ते में बाइक से नीचे गिर गईं। गंभीर हालत में इलाज के लिए प्राइवेट अस्पताल में एडमिट कराया। जहां 6 मार्च को उनका ऑपरेशन हुआ। ऑपरेशन के बाद डॉक्टरों ने डिस्चार्ज कर दिया। 23 मार्च को टांका कटवाने के लिए प्राइवेट अस्पताल लेकर गए थे। जहां उनकी हालत बिगड़ गई।


**घर में मचा कोहरामः** गंभीर हालत में सदर हॉस्पिटल लाया गया। जहां डॉक्टरों ने चेकअप के बाद मृत घोषित कर दिया। परिवार में दो पुत्री दौलत कुमारी, ममता कुमारी और एक पुत्र सुभान सिंह है। घटना के बाद घर में कोहराम मच गया। परिवार के सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

### अध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने से बढ़ी हलचल

**बक्सर**। जिला परिषद बक्सर की सियासत सोमवार को उस समय अचानक उबाल पर आ गई, जब निर्वाचित जिप सदस्यों के एक गुट ने अध्यक्ष सरोजा देवी के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पेश कर दिया। बिहार पंचायत राज अधिनियम के तहत लाए गए इस प्रस्ताव ने परिषद के भीतर चल रहे असंतोष को खुलकर सामने ला दिया है। प्रस्ताव पर 10 सदस्यों के हस्ताक्षर ने मामले को और भी गंभीर बना दिया है। अविश्वास प्रस्ताव पर हस्ताक्षर करने वालों में जिप सदस्य विद्या भारती, रीता कुमारी, मौली देवी, कुसुम देवी और शहाना खातून सहित कुल 10 सदस्य शामिल हैं। इन सदस्यों ने अध्यक्ष की कार्यशैली को लेकर कड़ा रुख अपनाते हुए आरोप लगाया कि निर्णय प्रक्रिया में पारदर्शिता का अभाव है और कामकाज मनमाने ढंग से किया जा रहा है।

# चैती छठ पर्व पर गंगा नदी में नाव संचालन रहेगा बंद

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**बक्सर**। बक्सर में चैती छठ पर्व को लेकर जिला प्रशासन ने महत्वपूर्ण आदेश जारी किया है। अनुमंडल पदाधिकारी (एसडीएम) बक्सर सदर अविनाश कुमार ने 24 और 25 मार्च 2026 को होने वाले चैती छठ पर्व के मद्देनजर गंगा नदी में नावों के संचालन पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया है। यह निर्णय श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से लिया गया है। प्रशासन के अनुसार, चैती छठ के अवसर पर बक्सर नगर के सभी गंगा घाटों पर भारी संख्या में श्रद्धालु जुटते हैं। इस दौरान लोग गंगा नदी में स्नान और पूजा-अर्चना करते हैं। प्रशासन को सूचना मिली थी कि कुछ लोग स्नान के दौरान नावों में बैठकर मनोरंजन करते हैं, जिससे दुर्घटना की आशंका बनी रहती है।

**गंगा नदी में नावों का संचालन पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगाः** जारी आदेश में स्पष्ट कहा गया है कि छठ पर्व के दौरान गंगा नदी में नावों का संचालन पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। एसडीएम ने गंगा घाटों पर तैनात दंडाधिकारियों और पुलिस पदाधिकारियों को इस आदेश का सख्ती से पालन सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया है। आदेश का उल्लंघन करने वाले किसी भी नाविक या व्यक्ति के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इसके अतिरिक्त, नगर परिषद बक्सर को निर्देश दिया गया है कि वह डिजिटल डिस्प्ले और बैनर के माध्यम से आम लोगों और श्रद्धालुओं को इस प्रतिबंध की जानकारी दे। इसका उद्देश्य किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना से बचना है।

♦ **बक्सर में सेफ्टी को लेकर प्रशासन ने जारी किया आदेश**

**आम जनता से सहयोग की अपील कीः** प्रशासन ने इस आदेश को अत्यंत आवश्यक बताते हुए आम जनता से सहयोग की अपील की है। इसका लक्ष्य चैती छठ पर्व को सुरक्षित और शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराना है।

## वॉलीबॉल में नारायणपुर की टीम चैंपियन



सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**कोईलवर**। स्थानीय कोईलवर प्रखंड के नरही गांव में बिहार दिवस के मौके पर खेल और उत्साह का अनूठा संगम दिखा। सर्वोदय वॉलीबॉल क्लब के तत्वावधान में आयोजित डे-नाइट जिलास्तरीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता ने देर रात तक दर्शकों को रोमांचित रखा। दूधिया रोशनी में खेले गए इस टूर्नामेंट में बक्सर, एकौना, मथवलिया, मनेर रामपुर, पकड़ी और नारायणपुर समेत कई टीमों ने भाग लिया। सेमीफाइनल में एकौना और नारायणपुर की टीमों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए फाइनल में जगह बनाई। फाइनल मुकाबले में नारायणपुर की टीम ने दबदबा कायम रखते हुए लगातार तीन सेट जीतकर खिताब अपने नाम कर लिया, जबकि एकौना को उपविजेता से संतोष करना पड़ा। इससे पहले प्रतियोगिता का उद्घाटन संदेश विधायक राधाचरण साह और पूर्व खिलाड़ी राममूर्ति प्रसाद ने किया। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन पर नारायणपुर टीम के बाला जी को मैन ऑफ द मैच और अंकित कुमार को मैन ऑफ द सीरीज चुना गया। समापन समारोह में खिलाड़ियों को सम्मानित करते हुए अतिथियों ने कहा कि ग्रामीण स्तर पर ऐसे आयोजनों से ग्रामीण परिवेश के खिलाड़ियों के प्रतिभा में निखार आता है। साथ ही आगे बढ़ने का मार्ग प्रशस्त होता है।

# हिंसक झड़प, 2 गुट आपस में भिड़े

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**आरा**। भोजपुर में दो गुट आपस में भिड़ गए। लाठी-डंडे से एक-दूसरे पर हमला किया। मारपीट में गोनों पक्ष से 7 लोग घायल हो गए। खेत से चना काटने को लेकर विवाद हुआ था। घटना तरारी थाना क्षेत्र के सैदनपुर गांव की है घायलों में एक पक्ष के पांच लोगों को इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया है। जिनकी पहचान फुलझारो कुंअर, उनके पुत्र गोपाल सिंह, राकेश सिंह, अश्विनी सिंह, पुत्री संगीता कुमारी और बहू उषा देवी के तौर पर हुई है।

**लाठी-डंडे से सिर पर माराः** गोपाल सिंह ने बताया कि मेरे पत्नी उषा देवी अपने खेत में लगे चने की फसल काट रही थी। इस दौरान गांव की ही सोनामती देवी वहां पहुंची। खेत पर अपना दावा करते हुए चना काटने से मना करने लगी। पहले दोनों पक्षों के बीच कहासुनी हुई, जो देखते ही देखते मारपीट में बदल गई। सोनामती देवी के बेटे और परिवार के सदस्य मौके पर पहुंच गए। लाठी-डंडों से हमला कर दिया। सिर पर मारा है। शोर सुनकर जब परिवार के अन्य सदस्य बीच-बचाव करने पहुंचे, तो उनके साथ भी मारपीट की गई।

**जांच के आधार पर की जाएगी कार्रवाईः** वहीं, दूसरे पक्ष की ओर से भी गंभीर आरोप लगाए जा रहे हैं। फिलहाल तरारी पुलिस पूरे मामले की छानबीन में जुटी है। दोनों पक्षों से पूछताछ कर रही है। पुलिस का कहना है कि जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# गैस एजेंसी के मुंशी से लूटपाट-फायरिंग मामले में पुलिस ने कार्रवाई की तेज

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**आरा**। भोजपुर जिले के कोइलवर थाना क्षेत्र में गैस एजेंसी के स्टाफ से लूटपाट-फायरिंग मामले में पुलिस ने कार्रवाई तेज कर दी है। फरार चल रहे चार आरोपियों के घर पर कोर्ट के आदेश पर इश्तेहार चिपकाया गया है। जल्द सरेंडर करने की चेतावनी दी गई है। सरेंडर नहीं करने पर कुर्की-जब्ती की कार्रवाई की जाएगी। आरोपियों की पहचान हरहंगी टोला निवासी अमित कुमार उर्फ रोहित उर्फ मांझिया, कोईलवर नगर के वार्ड-2 निवासी अरविंद कुमार, सुरौंधा कॉलोनी निवासी गोलू कुमार और साहिल कुमार के तौर पर हुई है। एक अन्य आरोपी की गिरफ्तारी पर कोर्ट ने रोक लगाई है। इस मामले में अब तक चार लोगों की गिरफ्तारी हो चुकी है।

**अब जानिए क्या है पूरा मामलाः** 20 जनवरी 2026 को बबुरा स्थित गैस एजेंसी के मुंशी दौलतपुर निवासी चंद्रकांत सिंह 55 हजार रुपए लेकर बैक जा रहे थे। हरहंगी टोला बांध के समीप पहले से घात लगाए पांच-छह बदमाशों ने उनकी बाइक रोक ली और लूटपाट शुरू कर दी। विरोध करने पर अपराधियों ने फायरिंग कर दी। गोली लगने से घायल हो गए। इसके बाद रुपयों से भरा बैग छीनकर फरार हो गए। घायल मुंशी के बयान पर संबंधित थाना में अज्ञात बदमाशों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई थी। पुलिस ने तकनीकी अनुसंधान और छानबीन के आधार पर इस कांड का खुलासा करते हुए कई आरोपियों की पहचान की, जिनमें से कुछ को गिरफ्तार किया जा चुका है। अब फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार दबिश बना रही है।

# इंदौर-पटना एक्सप्रेस ट्रेन से कटकर 3 मजदूरों की मौत

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता




**बक्सर**। उत्तर प्रदेश के गाजीपुर जिले में गहमर और बारा रेलवे स्टेशन के बीच ट्रेन की चपेट में आने से बिहार के 3 मजदूरों की मौत हो गई। ये मजदूर बक्सर के चौसा थर्मल पावर प्लांट में काम करते थे। घटना रविवार शाम की बताई जा रही है। तीनों मजदूर डाउन लाइन पर चल रहे थे तब यह घटना हुई। गहमर रेलवे स्टेशन के डिप्टी स्टेशन मास्टर ने पुलिस को मेमो के माध्यम से सूचना दी कि ट्रेन संख्या 19321 इंदौर-पटना एक्सप्रेस डाउन ट्रैक पर 3 व्यक्तियों को रन ओवर कर गई है। सूचना मिलते ही गहमर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और उच्च अधिकारियों के साथ फील्ड यूनिट को सूचित किया। शव के टूकड़े होने के कारण उन्हें कलेक्ट कर पोस्टमार्टम के लिए जिला चिकित्सालय भेजा गया। परिजनों ने बताया कि ये तीनों मजदूर एल एंड टी के अंडर इंसुलर टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के तहत चौसा थर्मल पावर प्लांट में पिछले एक साल से दैनिक मजदूरी पर काम कर रहे थे। उन्हें प्रतिदिन 630 रुपये मजदूरी मिलती थी। सोमवार शाम को परिजनों के पहुंचने के बाद तीनों मृतकों की पहचान हो सकी। मृतकों में मुजफ्फरपुर का केरमा डीह तुर्की निवासी जयनाथ सहनी (33), वैशाली का किशुनपुर टेलोर निवासी पप्पू कुमार (33) और मुजफ्फरपुर का किशुनपुर मधुबन निवासी गुलचंद कुमार (38) शामिल हैं।

**खलासी के रूप में काम करता था गुलचंदः** मृतक गुलचंद कुमार के भाई दीपचंद ने बताया कि गुलचंद पिछले एक साल से थर्मल पावर प्लांट में इंसुलेशन विभाग में खलासी के रूप में काम कर रहा था। उसके साथ पप्पू कुमार भी काम करता था। गुलचंद की मौत की खबर सुनते ही उसकी पत्नी चिंकी कुमारी बेहोश हो गई। गुलचंद के परिवार में एक बेटा और एक बेटी है।

**दो सालों से यहां काम कर रहे थे जयनाथः** वहीं जयनाथ सहनी के साला अमरनाथ ने बताया कि जयनाथ करीब दो सालों से यहां काम कर रहे थे। रविवार को छुट्टी होने के कारण तीनों साथी खरीदारी के लिए भतौरा गए थे और रेलवे ट्रैक के रास्ते वापस लौट रहे थे, तभी यह हादसा हो गया। जयनाथ के परिवार में पत्नी पिंकी देवी सहित तीन बेटियां और एक बेटा हैं, जिनका रो-रोकर बुरा हाल है।

**कंपनी परिसर के बाहर हुई घटना - मैनेजरः** गहमर थाने पहुंचे इंसुलेशन कंपनी के मैनेजर अभय तिवारी ने बताया कि तीनों मजदूरों का इंश्योरेंस कराया गया था, लेकिन घटना कंपनी परिसर के बाहर हुई है, इसलिए इंश्योरेंस लागू नहीं होगा। हालांकि कंपनी की ओर से निजी स्तर पर परिजनों को कुछ आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी।

**एक-दूसरे के कंधे पर हाथ रख ट्रैक पर चल रहे थेः** गाजीपुर नगर के CO शेखर सेंगर ने घटना के संबंध में ट्रेन के लोको पायलट विकास कुमार से बातचीत की। लोको पायलट के अनुसार, तीनों व्यक्ति एक-दूसरे के कंधे पर हाथ रखकर डाउन लाइन पर चल रहे थे और सामने से आ रही अप लाइन की ट्रेन में बैठे यात्रियों को हाथ हिला रहे थे।

# कंबोडिया में साइबर ठगी से मना करने पर भेजा जेल

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता




**आरा**। 'दोनों युवक को कंबोडिया के होटल में काम दिलाने का झांसा दिया गया था। लेकिन वहां पहुंचते ही एक अंतरराष्ट्रीय गिरोह ने उन्हें अपने कब्जे में ले लिया और जबरन साइबर ठगी के धंधे में काम करने के लिए दबाव बनाने लगा। मना करने पर उनका पासपोर्ट ले लिया गया। फिर उन्हें जेल भेज दिया गया। दो सप्ताह के अंदर अगर बेटे को मोदी सरकार देश लेकर नहीं लाई, तो हमारा पूरा परिवार दिल्ली में जान दे देगा।' ये कहना मनीष की मां राम कुमारी देवी का है। दरअसल, भोजपुर के दो युवा हजारों किलोमीटर दूर कंबोडिया की धरती पर फंसे हुए हैं। अमरजीत और मनीष एक एजेंट के जरिए काम के लिए 28 जनवरी को कंबोडिया गए थे। मां का कहना है कि हमारे बेटों को कंबोडिया में जेल भेज दिया गया है। परिवार वाले बताते हैं कि कई लोगों के पास गए, हर संभव कोशिश की, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नजर नहीं आ रही है। परिजनों ने अब सीधे भारत सरकार से गुहार लगाई है। उनका कहना है कि अगर अगले दो सप्ताह के अंदर उनके बेटे सुरक्षित वतन नहीं लौटे, तो वे खुद दिल्ली जाकर अपनी जान दे देंगे।

**पासपोर्ट छीन कर भिजवाया जेलः** जगदीशपुर प्रखंड के अरैला गांव निवासी हृदयानंद राम के बेटे अमरजीत कुमार (25) और पीरो प्रखंड के अगिआंव बाजार थाना क्षेत्र के बड़की खननी कला गांव निवासी रविंद्र राम के बेटे मनीष कुमार (28) को नामपेन्ह के कंबोडिया शहर भेजा गया था। युवकों ने जब अवैध काम को करने से इनकार किया, तो उनके पासपोर्ट और सभी कागजात छीन लिए गए। इतना ही नहीं, स्थानीय एजेंट की मिलीभगत से उन्हें झूठे आरोपों में जेल तक भिजवा दिया गया है। मनीष की मां राम कुमारी देवी ने मोदी सरकार से हाथ जोड़कर गुजारिश की है। उन्होंने कहा है कि हमारे बच्चे कंबोडिया में फंसे हुए हैं। जितना जल्दी हो उतना जल्दी हमारे बच्चों को गांव वापस लाने में मदद करें। अगर वो लोग नहीं आ पाएंगे तो बच्चे मर जाएंगे। उन्हें ना पानी दिया जा रहा है ना ही खाना दिया जा रहा है।

**बार-बार पैसे के लिए टॉर्चर किया जा रहाः** मां ने आरोप लगाया है कि कंबोडिया के जेलर की ओर से 20-20 हजार रुपए की डिमांड की जा रही है। दोनों के पैसा नहीं देने पर खाना-पीना नहीं देने की धमकी दी जा रही है। उसके बाद पांच लाख रुपए की डिमांड की जा रही है। हम लोग गरीब हैं, कहां से इतना पैसा लाएंगे। मोदी सरकार से हम हाथ जोड़ी बा कि जितना जल्दी होके उतना जल्दी हमनी के लइका के बोला दीही। दिल्ली नहीं तो हमलोग किसी तरह कंबोडिया पहुंचकर अपनी जान देंगे। क्योंकि जेलर की ओर से बराबर टॉर्चर किया जा रहा है बच्चों से बर्दाश्त नहीं हो रहा है। बच्चों के बारे में सोच सोचकर डर समाया हुआ है। मुंबई के रहने वाले संतोष ने फेसबुक पर अपना नंबर दिया था। कहा था कि एक अच्छा काम दिलवा देंगे, जिसमें खूब पैसा मिलेगा। मेरा बेटा विश्वास कर उसके साथ चला गया।

**बेटा एजेंट के बहकावे में आ गयाः** मैंने कहा था कि बेटा फोन पर विश्वास नहीं करो। लेकिन बेटा एजेंट के बहकावे में आ गया था। एजेंट संतोष ने मुझसे भी बात किया था। कहा कि माई आप मत डरिये, कुछ नहीं होगा। मनीष हमारा भाई जैसा है। मनीष, अमरजीत के साथ चार लोग कंबोडिया गए थे। मेरे बेटे से ढाई लाख रुपए लिया था। जब मेरे बेटे से बात नहीं हुआ था मेरी बहू ने एजेंट को फोन किया। उसने बेटे से बात नहीं कराया। उसके बाद लगातार पैसे की डिमांड की जाने लगी। भारत सरकार से हाथ जोड़कर विनती करते हैं कि वो हमारे बेटे को वापस गांव लाने में मदद करें।

# नवादा थाना क्षेत्र के बंधन टोला में लोगों ने एक बड़े गिरोह का पर्दाफाश किया है

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**आरा**। आरा नवादा थाना क्षेत्र के बंधन टोला में स्थानीय लोगों ने एक बड़े अवैध वसूली गिरोह का पर्दाफाश किया है। स्थानीय लोगों ने सोमवार को एमवीआई भोजपुर की बोर्ड लगी एक स्कार्पियो में सवार दो युवकों को पकड़कर नवादा थाना की पुलिस के हवाले कर दिया है। पकड़े गए युवकों पर आरोप है कि वे सरकारी अधिकारी के नाम का दुरुपयोग कर राहगीरों और वाहन चालकों को डरा-धमकाकर अवैध वसूली कर रहे थे। पहला आरोपी नालंदा जिला निवासी प्रमित कुमार और दूसरा आरोपी पटना जिला निवासी रितेश कुमार है। गिरोह के सदस्य एमवीआई भोजपुर की बोर्ड लगी गाड़ी में सवार होकर सड़कों पर निकलते थे और चलती गाड़ियों की तस्वीरें खींचते थे। जैसे ही कोई गाड़ी उनके निशाने पर आती, वे उसे रोककर चालक पर भारी जुर्माना लगाने का डर दिखाते थे। लोगों ने दिखाई बहादुरी लंबे समय से चल रही इस अवैध वसूली से परेशान होकर स्थानीय लोगों ने संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखना शुरू कर दिया। जब स्थानीय लोगों को गिरोह की असलियत का पता चला, तो उन्होंने अपनी जान जोखिम में डालकर इन जालसाजों का पीछा किया। नवादा थाना क्षेत्र के बंधन टोला के पास आक्रोशित लोगों ने घेराबंदी कर गाड़ी को रोक लिया और उसमे सवार दोनों युवकों को दबोच लिया। बोर्ड लगी गाड़ी गाड़ी में बैठे दोनों आरोपी मोबाइल में मिला सबूतों का अंबार पकड़े गए युवकों के मोबाइल की जांच की गई तो उसमे तकरीबन 100 अलग-अलग वाहनों की तस्वीरें मिली, जिससे यह स्पष्ट हो गया कि यह कोई छिटपुट घटना नही, बल्कि एक संगठित आपराधिक नेटवर्क है। हंगामे के दौरान पकड़े गए एक युवक ने खुद को भोजपुर के एमवीआई स्मृति सागर का रिश्तेदार बताया। इस बयान के बाद भीड़ का गुस्सा और अधिक भड़क गया और लोगो ने आरोप लगाया कि बिना उच्च कार्यालय की मिलीभगत के इतना बड़ा वसूली का खेल संभव नही है। प्रशासनिक मिलीभगत पर उठे सवाल स्थानीय भीड़ में मौजूद प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि यह गिरोह लंबे समय से इस क्षेत्र में आतंक मचाए हुए था। लोगों ने गंभीर आरोप लगाए हैं कि एमवीआई विभाग के नाम का इस्तेमाल कर यह गिरोह खुलेआम अवैध वसूली कर रहा था और प्रशासन मूकदर्शक बना हुआ था। आक्रोशित लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच की जाए और यह पता लगाया जाए कि इस नेटवर्क के पीछे कौन-कौन से चेहरे शामिल है। भोजपुर एसपी राज ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि स्थानीय लोगों के द्वारा सौंपे गए दोनों युवकों को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। आरोपी दोनों युवकों पर केस दर्ज कर जेल भेजा जा रहा है।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



# संक्षिप्त समाचार

## डीडीयू–गया–प्रधानखांटा रेलखंड पर 180 किमी/घंटा की रफ्तार से होगा ट्रायल, आमजन सतर्क रहें

**हाजीपुर**। पूर्व मध्य रेल के अंतर्गत डीडीयू–गया–प्रधानखांटा रेलखंड पर ट्रेनों की अधिकतम गति क्षमता को 180 किमी प्रति घंटा तक बढ़ाने के उद्देश्य से अवसंरचना उन्नयन का कार्य तेजी से किया जा रहा है। इसी क्रम में 25 मार्च 2026 (बुधवार) को इस रेलखंड पर अत्याधुनिक मॉनिटरिंग सिस्टम से लैस विशेष ट्रायल ट्रेन के माध्यम से उच्च गति पर निरीक्षण सह परीक्षण किया जाएगा। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार ट्रायल ट्रेन पहले डाउन दिशा में डीडीयू जंक्शन से प्रस्थान कर गया जंक्शन होते हुए प्रधानखांटा तक जाएगी। इसके बाद वही ट्रेन अप दिशा में पुनः डीडीयू जंक्शन लौटेगी। इस दौरान ट्रेन को अधिकतम 180 किमी प्रति घंटे की गति से चलाया जाएगा, जिससे रेल ट्रैक, सिग्नलिंग सिस्टम और अन्य तकनीकी व्यवस्थाओं की जांच की जाएगी। रेल प्रशासन ने आम जनता से विशेष सावधानी बरतने की अपील की है। ट्रायल के दिन पूरे रेलखंड पर दिनभर उच्च गति से ट्रेन का संचालन होगा, इसलिए सभी लोग रेलवे ट्रैक से पर्याप्त दूरी बनाए रखें। रेल लाइन के आसपास अनावश्यक रूप से न जाएं और अपने मवेशियों को भी ट्रैक से दूर रखें, ताकि किसी प्रकार की दुर्घटना से बचा जा सके। सभी समपार फाटकों पर लगाए गए संकेतों और निर्देशों का सख्ती से पालन करें। बंद फाटक या अनधिकृत स्थानों से रेलवे लाइन पार करने का प्रयास न करें। स्टेशनों पर एक प्लेटफॉर्म से दूसरे प्लेटफॉर्म पर जाने के लिए केवल फुट ओवर ब्रिज का ही उपयोग करें। रेल प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि सुरक्षा नियमों की अनदेखी करने पर किसी भी प्रकार की दुर्घटना की स्थिति में इसकी जिम्मेदारी स्वयं संबंधित व्यक्ति की होगी। इसलिए सभी नागरिकों से अनुरोध है कि वे सतर्कता और सावधानी बरतते हुए रेलवे के दिशा-निर्देशों का पालन करें।

## कमल साह हत्याकांड में दूसरा नामजद अभियुक्त अरेस्ट, रुपए के लेनदेन को लेकर हुई थी हत्या

**हाजीपुर**। वैशाली के लालगंज थाना क्षेत्र में हुए कमल साह हत्याकांड के दूसरे नामजद अभियुक्त मो. सिराजुल को गिरफ्तार कर लिया गया है। कमल साह की हत्या 22 अक्टूबर 2025 को रुपए के लेनदेन के विवाद में हुई थी। इस हत्याकांड के संबंध में लालगंज थाने में कांड संख्या 529/25 दर्ज किया गया था। घटना के तुरंत बाद एक अन्य नामजद अभियुक्त मो. शमशाद को पहले ही गिरफ्तार कर लिया गया था। मो. सिराजुल की गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार छापेमारी कर रही थी। 22 मार्च 2026 की रात लालगंज थानाध्यक्ष ने उसे उसके पैतृक गांव पोझियां से गिरफ्तार किया। मो. सिराजुल, जो पोझियां गांव निवासी मो. जलील का बेटा है, को न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है। पुलिस ने बताया कि सिराजुल पहले भी पुलिस अभिरक्षा से फरार हो चुका है। उस पर लालगंज थाने में दो अन्य आपराधिक मामले (कांड संख्या 436/23 और 371/24) भी दर्ज हैं।

## छठ पर उमड़ी आस्था की भीड़, सीढ़ी-आश्रम घाट पर पहुंचे श्रद्धालु, डूबते सूर्य को अर्घ्य देंगी व्रती

**मुजफ्फरपुर**। लोक आस्था के महापर्व चैती छठ के अवसर पर मुजफ्फरपुर में श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत नजारा देखने को मिला है। शहर के अलग-अलग छठ घाटों पर व्रतियों और श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। खासकर सिकंदरपुर के सीढ़ी घाट और आश्रम घाट पर श्रद्धालुओं का जनसैलाब देखने को मिला। मंगलवार को डूबते सूर्य को अर्घ्य देने के लिए दोपहर बाद से ही घाटों पर लोगों का पहुंचना शुरू हो गया था। सीढ़ी घाट पर शाम करीब 4 बजे से ही व्रती और उनके परिजन पहुंचने लगे। देखते ही देखते 4:30 बजे के बाद भीड़ में तेजी से इजाफा हुआ और घाट पूरी तरह श्रद्धालुओं से भर गया। व्रती ने पूरे विधि-विधान के साथ नदी में खड़े होकर भगवान सूर्य को अर्घ्य अर्पित किया। घाटों पर छठ गीतों की गूंज, दीपों की रोशनी और पूजा-अर्चना का माहौल पूरी तरह भक्तिमय बना रहा। महिलाएं पारंपरिक वेशभूषा में छठी मइया की आराधना करती नजर आईं। सिकंदरपुर सीढ़ी घाट और आश्रम घाट पर सुरक्षा और व्यवस्था को लेकर प्रशासन की ओर से विशेष इंतजाम किए गए थे। घाटों की साफ-सफाई, रोशनी और सुरक्षा बलों की तैनाती की गई थी, जिससे श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी न हो। चैती छठ के इस पावन अवसर पर पूरा शहर आस्था में डूबा नजर आया। अब बुधवार सुबह उगते सूर्य को अर्घ्य देने के साथ ही चार दिवसीय इस महापर्व का समापन होगा।

## हिंसक झड़प का सीसीटीवी वीडियो, आपसी विवाद में पथराव और मारपीट, 11 लोगों पर दुष्कर्म के प्रयास का आरोप

**मुजफ्फरपुर**। मुजफ्फरपुर के गुदरी रोड पर रविवार देर शाम हुई हिंसक झड़प का सीसीटीवी फुटेज सामने आया है। आपसी वर्चस्व को लेकर शुरू हुआ यह विवाद मारपीट और पथराव में बदल गया। इस मामले में 11 लोगों पर घर में घुसकर रेप के प्रयास का गंभीर आरोप लगा है। पुलिस ने चार आरोपियों को हिरासत में लिया है। फुटेज के आधार पर अन्य आरोपियों की पहचान कर रही है। जानकारी के अनुसार दो पक्षों के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी हुई थी। यह विवाद अचानक बढ़ गया, जिसके बाद दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए। झड़प के दौरान लाठी-डंडों का इस्तेमाल किया गया और एक-दूसरे के घरों पर पथराव भी किया गया। इस हिंसक घटना में कई लोग घायल हुए हैं, जिन्हें इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना नगर थाना क्षेत्र की है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए QRT के साथ-साथ बेला, सदर, ब्रह्मपुरा, काजी मोहम्मदपुर और सिकंदरपुर थानों की पुलिस को भी बुलाया गया। इलाके में तनाव को देखते हुए भारी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया है और लगातार निगरानी की जा रही है। यह पूरा घटनाक्रम आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गया है। वीडियो फुटेज में स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है कि दोनों पक्ष किस तरह एक-दूसरे पर हमला कर रहे हैं। पुलिस अब इन्हीं फुटेज के आधार पर अन्य आरोपियों की पहचान कर रही है और आगे की कानूनी कार्रवाई की तैयारी में है। पीड़ित पक्ष की ओर से पुलिस को दिए गए आवेदन में 11 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कराया गया है। आरोप लगाया गया है कि आरोपी घर में घुस गए और महिलाओं के साथ दुष्कर्म का प्रयास किया। थानाध्यक्ष अनोज कुमार ने बताया कि आपसी विवाद में मारपीट और पथराव की घटना हुई है। दोनों पक्षों से चार लोगों को हिरासत में लिया गया है। CCTV फुटेज के आधार पर अन्य आरोपियों की पहचान की जा रही है। आवेदन के आधार पर 11 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है, जिसमें घर में घुसकर दुष्कर्म की कोशिश का आरोप भी शामिल है।

## लुटेरा गैंग के पति-पत्नी अरेस्ट, स्टेशन पर अकेली महिला को बेहोश कर लूटा

**मुजफ्फरपुर**। मुजफ्फरपुर जंक्शन पर महिला रेल यात्रियों को निशाना बनाने वाले पति-पत्नी लुटेरा गैंग का रेल पुलिस ने पर्दाफाश करते हुए दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। दोनों आरोपी स्टेशनों पर अकेली और भोली-भाली महिलाओं को निशाना बनाकर नशा खिलाते थे और फिर उनके गहने व सामान लूटकर फरार हो जाते थे। पकड़े गए आरोपी सदर थाना क्षेत्र के पताही के रहने वाले पंकज कुमार और उसकी पत्नी संयोगिता कुमारी हैं। दोनों रात के समय स्टेशन पर सक्रिय रहते थे और शिकार की तलाश में घूमते थे। हाल ही में दोनों ने एक बुजुर्ग महिला को अपना शिकार बनाया था। प्लेटफॉर्म संख्या-1 पर महिला बेहोशी की हालत में मिली थी, जिसे जीआरपी ने इलाज के लिए अस्पताल भेजा। होश में आने के बाद महिला ने बताया कि एक दंपति ने उसे कोल्ड्रिंक (माजा) पिलाया था, जिसके बाद वह बेहोश हो गई और उसके गहने गायब थे। मामले की जांच के दौरान जंक्शन पर लगे सीसीटीवी कैमरों को खंगाला गया, जिसमें दोनों आरोपी नजर आए। इसके बाद आरपीएफ और जीआरपी की संयुक्त टीम ने घेराबंदी कर प्लेटफॉर्म संख्या-6 से दोनों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के दौरान आरोपियों के पास से सोना तौलने की मशीन, एक टैब, लोहे का कटर समेत अन्य सामान बरामद किया गया है। पुलिस के अनुसार ये सामान लूट के गहनों को काटने और बेचने में इस्तेमाल किया जाता था। रेल डीएसपी रौशन कुमार ने बताया कि मामले में एफआईआर दर्ज कर दोनों आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। साथ ही उनसे पूछताछ कर इस गिरोह के अन्य सदस्यों की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है।

# पटना में औद्योगिक इकाइयों के लिए एएसआई रिटर्न भरने हेतु क्लस्टर शिविर आयोजित

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता









**पटना**। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय, सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय, भारत सरकार के पटना क्षेत्रीय कार्यालय द्वारा पंजीकृत औद्योगिक इकाइयों को वेब पोर्टल के माध्यम से अपने वार्षिक उद्योग सर्वेक्षण (ASI) रिटर्न स्वयं भरने के लिए प्रोत्साहित करने एवं जागरूक बनाने के उद्देश्य से 24 मार्च 2026 को कर्पूरी ठाकुर सदन, आशियाना-दीघा रोड स्थित केंद्रीय लोक निर्माण विभाग के सम्मेलन कक्ष में एक दिवसीय क्लस्टर शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में लगभग 20 औद्योगिक इकाइयों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ उप महानिदेशक रोशन लाल साहू एवं अन्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। अपने संबोधन में उप महानिदेशक ने औद्योगिक इकाइयों के प्रबंधकों से अपील की कि वे वेब पोर्टल के माध्यम से अपने एएसआई रिटर्न का स्वयं संकलन करने के लिए सक्रिय पहल करें। उन्होंने कहा कि बदलते आर्थिक परिदृश्य में सटीक आंकड़ों का संकलन अत्यंत आवश्यक है, जिससे सरकार को नीतिगत निर्णय लेने और आर्थिक विकास की दिशा तय करने में मदद मिलती है। समय पर और सही तरीके से रिटर्न दाखिल करना इस प्रक्रिया का महत्वपूर्ण हिस्सा है।

कार्यक्रम की शुरुआत स्वागत भाषण से हुई, जिसे सहायक निदेशक राजीव कुमार झा ने प्रस्तुत किया। इसके बाद वरिष्ठ सांख्यिकी अधिकारियों की टीम—देवेंद्र कुमार, धीरेन्द्र नाथ प्रसाद, अमिताभ पाठक, कमलेश प्रधान, दिलीप कुमार, कमलेश कुमार गुप्ता, जीतेंद्र राय, सुबोध कुमार, चंदन कुमार एवं सुमित कुमार—ने प्रतिभागियों को वेब पोर्टल पर एएसआई रिटर्न भरने की विस्तृत प्रक्रिया का प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण सत्र में प्रतिभागियों की शंकाओं का समाधान भी किया गया, जिससे उन्हें व्यावहारिक जानकारी प्राप्त हुई।

शिविर में भाग लेने वाली प्रमुख औद्योगिक इकाइयों जैसे एम/एस विट्रा इंडिया ग्लास, एम/एस विल्सन मेडिकल, एम/एस मगध इंडस्ट्रीज एवं एम/एस गेल इंडिया लिमिटेड के प्रतिनिधियों ने भी अपने अनुभव साझा किए और इस पहल की सराहना की। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम उद्योगों के लिए अत्यंत उपयोगी हैं और इससे रिटर्न भरने की प्रक्रिया सरल एवं पारदर्शी बनती है। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ सांख्यिकी अधिकारी मंजूषा कुमारी ने किया। अंत में वरिष्ठ सांख्यिकी अधिकारी सुधीर कुमार झा ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत करते हुए सभी प्रतिभागियों और अधिकारियों का आभार व्यक्त किया। यह क्लस्टर शिविर औद्योगिक इकाइयों को आत्मनिर्भर बनाते हुए उन्हें डिजिटल माध्यम से डेटा संकलन के लिए सक्षम बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल साबित हुआ।

# बीएसईबी 12वीं रिजल्ट में 'गोल' संस्थान का शानदार प्रदर्शन, छात्रों ने लहराया सफलता का परचम

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



अनन्या कुमारी 92.8% मार्क्स | सत्यम कुमार 91.4% मार्क्स | रूपम रंजन 91% मार्क्स | सुहानी सिंह 90.8% मार्क्स | आर्यन राज 90% मार्क्स

**पटना**। बिहार विद्यालय परीक्षा समिति (बीएसईबी) द्वारा 12वीं बोर्ड परीक्षा का परिणाम घोषित होते ही 'गोल' संस्थान के छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। बेहतर परिणाम से उत्साहित छात्र-छात्राओं ने संस्थान परिसर में खुशी का इजहार करते हुए जश्न मनाया और एक-दूसरे को बधाई दी।

इस वर्ष 92.8 प्रतिशत अंक हासिल करने वाली अनन्या कुमारी ने अपनी सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए बताया कि 10वीं के बाद सही संस्थान का चयन उनके लिए बड़ी चुनौती था, लेकिन 'गोल विलेज' से पढ़ाई करने का निर्णय उनके जीवन का सबसे सही फैसला साबित हुआ। उन्होंने कहा कि यहां बोर्ड और प्रतियोगी परीक्षाओं की एक साथ तैयारी कराई जाती है, जिससे उन्हें यह सफलता मिली। अनन्या ने विश्वास जताया कि मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट 2026 में भी वे बेहतर प्रदर्शन करेंगी और पहले ही प्रयास में किसी शीर्ष मेडिकल कॉलेज में दाखिला पाने का लक्ष्य हासिल करेंगी।


वहीं 91.4 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाले सत्यम कुमार ने बताया कि संस्थान का स्टडी मटेरियल और टेस्ट सिस्टम इस तरह तैयार किया गया है कि छात्र बोर्ड के साथ-साथ प्रतियोगी परीक्षाओं में भी सफलता प्राप्त कर सकें। उन्होंने भी नीट 2026 में अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद जताई। अन्य सफल छात्रों में बुद्धा कॉलोनी ब्रांच के रूपम रंजन ने 91 प्रतिशत, कंकड़बाग ब्रांच की सुहानी सिंह ने 90.80 प्रतिशत तथा आर्यन राज ने 90 प्रतिशत अंक प्राप्त कर संस्थान का नाम रोशन किया। जानकारी के अनुसार, 'गोल' संस्थान के 100 से अधिक छात्रों ने इस वर्ष 85 प्रतिशत से ज्यादा अंक हासिल किए हैं, जो संस्थान की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का प्रमाण है।

संस्थान के फाउंडर एवं मैनेजिंग डायरेक्टर बिपीन सिंह ने सभी सफल छात्रों को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि छात्रों की कड़ी मेहनत और शिक्षकों के समर्पण का परिणाम है। उन्होंने विश्वास जताया कि इस वर्ष संस्थान के छात्र बोर्ड परीक्षा के साथ-साथ नीट जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं में भी बेहतर प्रदर्शन करेंगे।

असिस्टेंट डायरेक्टर रंजय सिंह ने बताया कि इस वर्ष का परिणाम पिछले वर्ष की तुलना में अधिक बेहतर रहा है और आने वाले समय में भी छात्रों से उत्कृष्ट प्रदर्शन की उम्मीद है। वहीं संस्थान के आनंद वत्स ने जानकारी दी कि 12वीं उत्तीर्ण छात्रों के लिए टारगेट कोर्स के माध्यम से मेडिकल और इंजीनियरिंग की तैयारी हेतु छात्रवृत्ति भी प्रदान की जाएगी।

# निरन्तर 42 वां सीता -राम स्मृति संस्कृत शिक्षण एवं सम्भाषण शिविर का समापन समारोह सम्पन्न

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता




**पटना**। विहार संस्कृत संजीवन समाज एवं सर्वत्र संस्कृतम् के तत्वावधान में आधुनिको भव संस्कृतं वद अभियान के अन्तर्गत सीता -राम स्मृति दस दिवसीय अन्तर्जालीय अन्तर्राष्ट्रीय संस्कृत शिक्षण एवं सम्भाषण शिविर का भव्य समापन समारोह सम्पन्न हुआ। संस्कृतमय वातावरण में आयोजित यह शिविर निरन्तर 42 वां संस्कृत भाषा में समापन समारोह है। इस शिविर में प्रतिभागियों को सरल और व्यवहारिक पद्धति से संस्कृत बोलने का प्रशिक्षण दिया गया। अपने उद्घाटन उद्बोधन में अभियान के प्रधान संरक्षक एवं लोक सेवा न्यायाधिकरण, उत्तर प्रदेश के सदस्य (प्रशासनिक) डॉ अनिल कुमार सिंह ने कहा कि रामचरितमानस राष्ट्रीय ग्रंथ घोषित होना चाहिए, जिसमें सीता -राम के चरित्र की व्यापक चर्चा आदर्श स्वरूप में है, जिसका आधार वाल्मीकि रामायण है। पूर्व संयुक्त निदेशक, पेंशन उत्तर प्रदेश के श्री धर्मेन्द्रपति त्रिपाठी मुख्यातिथि के रूप में विचार व्यक्त करते हुए कहा कि सीता -राम के चरित्र को समझे बिना भारत की कल्पना नहीं हो सकती है। अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं विहार संस्कृत संजीवन समाज के महासचिव डॉ मुकेश कुमार ओझा ने कहा कि विश्व में शांति स्थापित करने के लिए संस्कृत भाषा का ज्ञान आवश्यक है। अभियान की राष्ट्रीय संयोजिका प्रो०रागिनी वर्मा मुख्य वक्ता के रूप में विस्तार से विचार व्यक्त की। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ लीना चौहान एवम् उग्र नारायण झा, विशिष्ट अतिथि डॉ अनिल कुमार चौबे ने भी विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर शिविर के सभी प्रतिभागियों ने सीता -राम स्मृति प्रतियोगिता में संस्कृत में विस्तार से विचार व्यक्त किए, जिसमें राजकीय महिला महाविद्यालय गुलज़ारबाग पटना के संस्कृत विभागाध्यक्ष डॉ रंजु कुमारी को प्रथम पुरस्कार,एल एम टी महाविद्यालय सहरसा के संस्कृत विभागाध्यक्ष डॉ दीप्ति कुमारी एवं अभियान के असम प्रांत सह संयोजक डॉ विश्वजीत रुद्रपाल को द्वितीय पुरस्कार तथा मध्य प्रदेश के प्रांत सह संयोजिका तारा विश्वकर्मा एवं मध्य प्रदेश के अंग्रेजी शिक्षिका वन्दना पटेरिया को तृतीय पुरस्कार एवं पटना की संस्कृत शिक्षिका डॉ रागनी कुमारी, मध्य प्रदेश की संस्कृत शिक्षिका उमा हनोते, दिल्ली के देवेश प्रकाश को विशेष पुरस्कार प्रदान किया गया।आगत अतिथियों का स्वागत उग्र नारायण झा, कार्यक्रम का संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन डॉ लीना चौहान एवं ऐक्य मन्त्र डॉ नीरा कुमारी ने प्रस्तुत की।

# सैकड़ों छठ व्रतियों के बीच पूजन सामग्री का वितरण, आस्था और सेवा का संदेश







सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**मसौढ़ी**। नगर मुख्यालय के मणिचक मोड़ स्थित भारती जांच केंद्र के समीप सुहाना फिल्म्स एंड मिक्सिंग लैब की ओर से सैकड़ों छठ व्रतियों के बीच पूजन सामग्री का वितरण किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में व्रती और स्थानीय लोग उपस्थित रहे, जहां श्रद्धा और सेवा का अनूठा संगम देखने को मिला। संस्थान के डायरेक्टर साहिल डॉन ने बताया कि छठ पर्व आस्था, विश्वास और समर्पण का प्रतीक है। इस पावन अवसर पर जरूरतमंद व्रतियों की सहायता करना सामाजिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि इस तरह के कार्यों से समाज में सहयोग और सेवा की भावना को बढ़ावा मिलता है।

वहीं भारती जांच केंद्र के डायरेक्टर रजनीश भारती ने कहा कि छठ महापर्व सनातन परंपरा का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है, जो आपसी भाईचारा, एकता और सामाजिक समरसता को मजबूत करता है। इस पर्व को लोग हर्षोल्लास के साथ मनाते हैं और भगवान भास्कर की उपासना कर सुख-समृद्धि की कामना करते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि उनकी टीम हमेशा जरूरतमंदों की मदद के लिए तत्पर रहती है। कार्यक्रम के दौरान सुहाना फिल्म्स एंड मिक्सिंग लैब की पूरी टीम सक्रिय रूप से मौजूद रही और वितरण कार्य को सुचारु रूप से संपन्न कराया। इस पहल की स्थानीय लोगों ने सराहना की और इसे समाज के लिए प्रेरणादायक कदम बताया।

# बिहार दिवस समारोह में लिया गया स्वच्छता का संकल्प, पटना को रखेंगे स्वच्छ और सुंदर

## नुक्कड़ नाटक के माध्यम से दिया गया स्वच्छता का पैगाम











सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

पटना के गांधी मैदान में बिहार दिवस समारोह के तीसरे दिन पटना नगर निगम की सांस्कृतिक टीम द्वारा नुक्कड़ नाटक के माध्यम से स्वच्छता का अलख जगाया गया। इस अवसर पर पटना की मेयर सीता साहू ने स्वच्छता के लिए अपील की । उन्होंने पटनावासियों से शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने में सक्रिय भागीदारी निभाने की अपील की । मेयर सीता साहू ने कहा कि स्वच्छता केवल एक अभियान नहीं, बल्कि जीवनशैली है। हमें अपने रोजमर्रा के व्यवहार और आदतों में सुधार लाना होगा।

मेयर सीता साहू ने स्वच्छता के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि हमें अपने आस-पास के क्षेत्र को साफ रखना होगा और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करना होगा। उन्होंने कहा कि पटना नगर निगम स्वच्छता के क्षेत्र में उल्लेखनीय काम कर रहा है, लेकिन अभी भी बहुत कुछ करना बाकी है। मेयर सीता साहू ने पटनावासियों से अपील की है कि वे स्वच्छता अभियानों में भाग लें और शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने में मदद करें। उन्होंने कहा कि हमें मिलकर पटना को स्वच्छतम शहर बनाना होगा। पटना नगर निगम स्वच्छता जागरूकता अभियान की ब्रांड एंबेसडर लोक गायिका नीतू नवगीत ने कहा कि सभी मिलकर स्वच्छता के लिए प्रयास करें। उन्होंने कहा कि छठ महापर्व के साथ बिहार दिवस समारोह मनाया जा रहा है। छठ महापर्व में स्वच्छता का काफी महत्व है। छठ जैसी स्वच्छता और संस्कार हमें हर दिन अपनाने चाहिए। तीसरे दिन समापन समारोह का भी आयोजन किया गया जिसमें पटना की मेयर सीता साहू और रेडिएंट इंटरनेशनल स्कूल की प्रिंसिपल मनीषा सिन्हा ने सभी कलाकारों को सम्मानित किया। उन्होंने स्वच्छता जागरूकता अभियान की तारीफ करते हुए कहा कि स्वच्छ शहर में ही स्वच्छ जीवन संभव है। जहां स्वच्छता है वहीं स्वास्थ्य है।

स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम में प्रिंस रंजन,योगिता राज ऋषभ सिंह, ऋषभ चौधरी, अर्नव राज, कुशाग्र सिंह, श्वेता कुमारी राय, अनुष्का नवीन, श्रेया कुमारी, सारा विनयन, श्रेया सोनल शर्मा आदि ने भी भाग लिया और नुक्कड़ नाटक के माध्यम से स्वच्छता का संदेश दिया। श्रृंखला ने गणेश वंदना की शानदार प्रस्तुति दी। समापन समारोह में आर्यभट्ट ज्ञान विश्वविद्यालय के प्रॉक्टर और पूर्व डीन डॉ. रुपेश कुमार, अशोक कुमार सिन्हा, मनोज कुमार बच्चन, डा जूली बनर्जी, अविनाश कुमार झा आदित्य उपस्थित रहे।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## संक्षिप्त समाचार

### रांची के सिरमटोली ब्रिज पर हादसा, स्कूटी सीख रहे युवक की मौत

**रांची।** झारखंड की राजधानी रांची के चुटिया थाना क्षेत्र स्थित सिरमटोली ब्रिज पर सोमवार रात हुए सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान क्लाजिस केरकेट्टा के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, युवक सिरमटोली ब्रिज पर स्कूटी चलाना सीख रहा था। इसी दौरान उसकी स्कूटी अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई, जिससे वह नीचे गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से उसे तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलने पर चुटिया थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच-पड़ताल की। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया गया। चुटिया थाना प्रभारी पूनम कुजूर ने मंगलवार को बताया कि सोमवार रात सड़क दुर्घटना की सूचना मिली थी। फिलहाल मामले की जांच की जा रही है और आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

### उपायुक्त ने ईवीएम वेयरहाउस का किया औचक निरीक्षण

**पूर्वी सिंहभूम।** उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी कर्ण सत्यार्थी ने मंगलवार को कीताडीह स्थित ईवीएम वेयरहाउस का औचक निरीक्षण कर वहां की व्यवस्थाओं का गहन समीक्षा किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने ईवीएम और वीवीपैट मशीनों के रख-रखाव, सुरक्षित भंडारण और समग्र सुरक्षा व्यवस्था की विस्तार से जांच की। इस दौरान उपायुक्त ने वेयरहाउस में लगे सीसीटीवी कैमरों की कार्यप्रणाली, सुरक्षा बलों की तैनाती और प्रवेश-निकास प्रणाली का विशेष रूप से निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों से सुरक्षा प्रोटोकॉल की जानकारी ली और निर्देश दिया कि निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित सभी मानकों का अक्षरशः पालन सुनिश्चित किया जाए। उपायुक्त ने स्पष्ट किया कि ईवीएम वेयरहाउस की सुरक्षा में किसी भी प्रकार की ढिलाई स्वीकार्य नहीं है। उन्होंने अभिलेखों के सुव्यवस्थित संधारण और नियमित निगरानी बनाए रखने पर जोर देते हुए संबंधित कर्मियों को हर समय सतर्क रहने को कहा। निरीक्षण के दौरान उप निर्वाचन पदाधिकारी प्रियंका सिंह सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारी भी मौजूद रहे।

### गैस एजेंसी संचालक की कार पर अपराधियों ने की फायरिंग

**खूंटी।** तोरपा थाना के क्षेत्र हिल चौक नगर भवन के पास सोमवार की देर रात अज्ञात अपराधियों ने ताबड़तोड़ फायरिंग कर इलाके में दहशत फैला दी। घटना देर रात की बताई जा रही है। मिली जानकारी के अनुसार, बाइक पर सवार तीन अज्ञात अपराधी मां दुर्गा गैस एजेंसी के मालिक नरेंद्र साहू के घर के सामने पहुंचे और उनकी कार पर अंधाधुंध गोलियां चला दीं। अपराधियों ने विशेष रूप से नागेंद्र साहू की महिंद्रा कंपनी की कार(जेएच 19 एफ 5050) को निशाना बनाया। घटना की सूचना मिलते ही तोरपा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरु की। पुलिस ने घटनास्थल से चार खोखा बरामद किए हैं। फिलहाल पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है और इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच भी की जा रही है, ताकि अपराधियों की पहचान की जा सके। इस घटना के बाद इलाके में भय का माहौल है और लोग सुरक्षा व्यवस्था को लेकर चिंतित हैं। इस संबंध में तोरपा के थाना प्रभारी मुकेश कुमार यादव ने मंगलवार को बताया कि जल्द ही आरोपियों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार किया जाएगा। वैसे कुछ लोग इस घटना को गैस वितरण से भी जोड़कर देख रहे हैं, लेकिन यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि कार पर फायरिंग की मंशा क्या थी।

### पूर्वी सिंहभूम में रामनवमी और चैती छठ के शांतिपूर्ण आयोजन के लिए प्रशासन अलर्ट

**पूर्वी सिंहभूम।** पूर्वी सिंहभूम जिला मुख्यालय में मंगलवार को आगामी रामनवमी और चैती छठ पर्व को लेकर उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में सभी प्रशासनिक विभागों और जरूरी सेवा प्रदाताओं के साथ विधि-व्यवस्था और नागरिक सुविधाओं को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। उपायुक्त ने इस मौके पर स्पष्ट किया कि प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता दोनों पर्वों को शांतिपूर्ण, सुरक्षित और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराना है। उन्होंने सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न होने देने के निर्देश दिए। पेयजल, बिजली, साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था, स्वास्थ्य सेवाएं और आपातकालीन सुविधाओं को मजबूत बनाए रखने पर विशेष जोर दिया गया। विधि-व्यवस्था को लेकर पुलिस प्रशासन को संवेदनशील स्थलों की पहचान कर सतर्कता बरतने और किसी भी स्थिति में त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा गया। साथ ही सभी जुलूस, शोभायात्रा मार्गों और विसर्जन घाटों का संयुक्त सत्यापन करने का निर्देश दिया गया। सुरक्षा के मद्देनजर जुलूस मार्गों से बिजली के तार और अवरोधक सामग्री हटाने, बैरिकेडिंग करने तथा पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा गया। भीड़ नियंत्रण के लिए जुलूस मार्गों पर फ्लैग मार्च, ड्रोन और सीसीटीवी कैमरों से निगरानी, स्टेज और माइक की समुचित व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए। पर्व के दौरान शराबबंदी लागू करने और शहर में भारी व व्यावसायिक वाहनों की नो-इंट्री व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाएगी। आपातकालीन सेवाओं को लेकर भी प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। विभिन्न स्थानों पर चिकित्सकों की तैनाती, सरकारी और निजी एंबुलेंस की उपलब्धता, वैकल्पिक मार्गों की पहचान, अग्निशमन वाहनों और क्रेन-टोचन की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा गया। जिला नियंत्रण कक्ष को सक्रिय कर प्रशिक्षित कर्मियों की तैनाती के निर्देश दिए गए, ताकि नागरिकों की समस्याओं का त्वरित समाधान हो सके। साथ ही समितियों के सहयोग से स्वयंसेवकों की तैनाती, झंडों की निर्धारित ऊंचाई का पालन और एलपीजी सिलेंडर की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

# लेडीज़ सर्कल ने आंगनवाड़ी नर्सरी स्कूल का किया कायाकल्प

**एजेंसी। रांची**



रांची में सामाजिक सरोकारों की दिशा में एक सराहनीय पहल करते हुए राउंड टेबल इंडिया की वुमन्स विंग लेडीज़ सर्कल इंडिया के विभिन्न सिटी चैप्टर्स ने नामकुम स्थित पांचा के आंगनवाड़ी नर्सरी स्कूल का कायाकल्प कर उसका पुनः उद्घाटन किया। इस कार्य को रांची समैरिटन लेडीज सर्कल 169, रांची एंकोरेज लेडीज सर्कल तथा रांची यूटोपियन लेडीज सर्कल ने मिलकर पूरा किया। कार्यक्रम की जानकारी सिटी चैप्टर के प्रचार-प्रसार समन्वयक पौरुष जैन ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से दी। कार्यक्रम का उद्घाटन सिटी चैप्टर की चेयरपर्सन शिखा खोसला ने किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि राउंड टेबल इंडिया और लेडीज सर्कल इंडिया के माध्यम से समाज के कमजोर और जरूरतमंद वर्गों के लिए लगातार सामुदायिक विकास कार्य किए जा रहे हैं। संस्था पीड़ित मानवता की सेवा को अपना कर्तव्य मानती है और शिक्षा के क्षेत्र में भी महत्वपूर्ण योगदान दे रही है। उन्होंने बताया कि संस्था द्वारा हटिया क्षेत्र के हजाम बस्ती में पारसनाथ पब्लिक स्कूल की स्थापना भी कराई गई है, जिससे वंचित बच्चों को शिक्षा का अवसर मिल रहा है। इस पहल के तहत "आशियाना" प्रोजेक्ट के माध्यम से आंगनवाड़ी स्कूल का पूर्ण रूप से पुनर्निर्माण किया गया। इसमें भवन की रंगाई-पुताई, इलेक्ट्रिकल फिटिंग, आवश्यक मरम्मत कार्यों के साथ-साथ बच्चों के लिए बेहतर शैक्षणिक वातावरण तैयार किया गया। इसके अलावा बच्चों को स्टेशनरी सामग्री वितरित की गई और स्कूल में किचन की सुविधा भी विकसित की गई, जिससे बच्चों को पोषण संबंधी सुविधाएं बेहतर तरीके से मिल सकें। इस अवसर पर रिंकी जैन, जसलीन छाबड़ा, खुशबू सिंघानिया, स्नेहा जैन, वर्तिका राजगढ़िया, हर्षा बच्चन, खुशबू जैन, स्नेहा बजाज, श्रेया आडुकिया, शीशम सभरवाल और नेहा गोयल सहित कई सदस्य उपस्थित रहे और कार्यक्रम को सफल बनाने में योगदान दिया।

## झारखंड हाई कोर्ट ने गोड्डा में होम गार्ड भर्ती के अंतिम नतीजों के प्रकाशन पर लगाई रोक




**एजेंसी। रांची**

झारखंड के गोड्डा जिला में चल रही होमगार्ड बहाली प्रक्रिया को लेकर दायर याचिका पर मंगलवार को उच्च न्यायालय में सुनवाई हुई। न्यायमूर्ति आनंदा सेन की अदालत ने मामले में अहम आदेश देते हुए कहा है कि अगली सुनवाई तक बहाली का अंतिम परिणाम प्रकाशित नहीं किया जाएगा। यह याचिका सिकंदर मुर्मू द्वारा गोड्डा जिला में जारी होमगार्ड बहाली प्रक्रिया के खिलाफ दायर की गई है। अदालत ने मामले को गंभीरता से लेते हुए प्रतिवादियों को प्रति शपथ पत्र दाखिल करने का निर्देश दिया है। सुनवाई के दौरान अदालत ने स्पष्ट किया कि जब तक मामले की पूरी तरह सुनवाई नहीं हो जाती, तब तक किसी भी प्रकार का अंतिम परिणाम जारी नहीं किया जाएगा। इससे बहाली प्रक्रिया फिलहाल अधर में लटक गई है। मामले की अगली सुनवाई चार सप्ताह बाद निर्धारित की गई है।

## रांची के पिठौरिया में बिजली ग्रिड से 1000 किलो कॉपर कॉइल चोरी, पुलिस जांच में जुटी

**एजेंसी। रांची**



राजधानी रांची के पिठौरिया थाना क्षेत्र में स्थित कान्दू इलाके के बिजली ग्रिड को चोरों ने निशाना बनाते हुए एक बड़ी वारदात को अंजाम दिया है। मंगलवार तड़के करीब तीन बजे अज्ञात चोर ग्रिड परिसर में घुस गए और वहां से लगभग एक हजार किलोग्राम कॉपर कॉइल चोरी कर फरार हो गए। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस प्रशासन में हड़कंप मच गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) अमर कुमार पांडे, इंस्पेक्टर असित मोदी और थाना प्रभारी सतीश पांडे मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का जायजा लिया। पुलिस ने बताया कि मामले की जांच शुरू कर दी है और आसपास के क्षेत्रों में छानबीन की जा रही है। साथ ही चोरों के सुराग के लिए डॉग स्क्वायड की भी मदद ली जा रही है। प्रारंभिक जांच में यह आशंका जताई जा रही है कि चोरी की घटना को योजनाबद्ध तरीके से अंजाम दिया गया है, क्योंकि इतनी बड़ी मात्रा में कॉपर कॉइल को ले जाना आसान नहीं है। डीएसपी अमर कुमार पांडे ने बताया कि पूरे मामले की गहन जांच की जा रही है और जल्द ही इस घटना में शामिल अपराधियों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## चोरी की बाइक के साथ आरोपित गिरफ्तार

**एजेंसी। पूर्वी सिंहभूम**

आजादनगर थाना क्षेत्र की पुलिस ने मंगलवार सुबह चोरी की बाइक के साथ एक शातिर चोर को गिरफ्तार किया है। पकड़ा गया आरोपित मो. तौफीक उर्फ बाबू (25) है, जो रोड नंबर 17 का निवासी बताया जा रहा है। पुलिस के अनुसार वह पहले भी बाइक चोरी के कई मामले में जेल जा चुका है और हाल ही में फिर से सक्रिय हो गया था। मामले में पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि आरोपित चोरी की बाइक का इस्तेमाल कर रहा है और उसे अपने घर में छिपाकर रखा है। सूचना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने त्वरित कार्रवाई की और सत्यापन के बाद उसके घर पर छापेमारी की। छापेमारी के दौरान चोरी की बाइक बरामद कर ली गई और आरोपित को मौके से गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने बताया कि आरोपित से पूछताछ की जा रही है और यह पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि वह किसी बड़े गिरोह से जुड़ा है या नहीं।

प्रपत्र –23 (ख)
(यथासंशोधित), (नियम 110 देखिये)
**निर्वाचन परिणाम का प्रकाशन**
**(उपमहापौर/उपाध्यक्ष के लिए)**

झारखण्ड नगरपालिका निर्वाचन एवं चुनाव याचिका नियमावली, 2012 के नियम 110 के अनुसरण में मैं एतद्द्वारा यह अधिसूचित करता हूँ कि नीचे दी गई अनुसूची के स्तंभ (1) में नामित व्यक्ति स्तंभ (2) में अंकित पद पर स्तंभ (5) में वर्णित शहरी स्थानीय निकाय के लिए सम्यक रूप में निर्वाचित हो गया है –

| व्यक्ति का नाम | पद का विवरण | | | शहरी स्थानीय निकाय जिससे पद संबंधित है (निर्वाचन क्षेत्र संख्या नाम सहित) |
|---|---|---|---|---|
| | पद | ~~आरक्षित~~/ अनारक्षित | ~~महिला~~ /अन्य | |
| **संध्या देवी** | **उपाध्यक्ष** | **अनारक्षित** | **अन्य** | **Iगढ़वा/02श्री बंशीधरनगर नगर पंचायत** |

स्थान – गढ़वा।
तिथि – 23.03.2026

ह0/–
दिनेश कुमार यादव (भा0प्र0से0),
जिला निर्वाचन पदाधिकारी (नगरपालिका) –सह–
जिला दण्डाधिकारी,गढ़वा

PR 375942 Election(25-26)#D

## झारखंड में मौसम बदला, 30 मार्च तक बारिश और वज्रपात का अलर्ट

**एजेंसी। रांची**



झारखंड की राजधानी रांची सहित राज्य के विभिन्न जिलों में मौसम ने करवट ले ली है। मौसम विभाग ने 30 मार्च तक कई इलाकों में मेघ गर्जन के साथ हल्की बारिश और वज्रपात की संभावना जताई है। विभाग ने 24, 27 और 28 मार्च के लिए येलो अलर्ट जारी किया है, जबकि 29 और 30 मार्च को भी राज्य के कई हिस्सों में बारिश और बिजली गिरने की आशंका बनी हुई है। मौसम विभाग के अनुसार, मध्यवर्ती मध्य प्रदेश और उत्तरी महाराष्ट्र से होते हुए विदर्भ और मराठवाड़ा क्षेत्र में एक निम्न दबाव का क्षेत्र बना हुआ है। इसके साथ ही उपोष्णकटिबंधीय पश्चिमी जेट स्ट्रीम की हवाएं करीब 90 समुद्री मील प्रति घंटे की रफ्तार से 12.6 किलोमीटर ऊंचाई पर सक्रिय हैं, जिसका प्रभाव झारखंड समेत उत्तर भारत के मौसम पर पड़ने की संभावना है। पिछले 24 घंटों के दौरान राज्य में सबसे अधिक तापमान डाल्टनगंज में 33.6 डिग्री सेल्सियस और सबसे कम तापमान पूर्वी सिंहभूम के जगन्नाथपुर में 14.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मंगलवार को रांची और आसपास के क्षेत्रों में सुबह से बादल छाए रहे। कुछ इलाकों में हल्की बूंदाबांदी भी हुई, हालांकि दोपहर बाद मौसम साफ हो गया। गौरतलब है कि पिछले एक सप्ताह से झारखंड के कई जिलों में मौसम में लगातार बदलाव देखा जा रहा है। बारिश और ओलावृष्टि के कारण तापमान में 3 से 9 डिग्री सेल्सियस तक गिरावट दर्ज की गई है। इससे सुबह और शाम के समय ठंड का अहसास बढ़ गया है, जबकि रात में हल्की ठिठुरन भी महसूस की जा रही है। मंगलवार को रांची में अधिकतम तापमान 29.9 डिग्री और न्यूनतम 17.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं जमशेदपुर में अधिकतम 33.5 और न्यूनतम 21 डिग्री, डाल्टनगंज में अधिकतम 33.6 और न्यूनतम 18.5 डिग्री, बोकारो में अधिकतम 33.1 और न्यूनतम 18.1 डिग्री तथा चाईबासा में अधिकतम 34.4 और न्यूनतम 20.2 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। मौसम विभाग ने लोगों से खराब मौसम के दौरान सतर्क रहने और विशेष रूप से वज्रपात के समय सुरक्षित स्थानों पर रहने की अपील की है।

**कार्यालय जिला पशुपालन पदाधिकारी, पलामू**

**–ः पशुपालकों के लिए आवश्यक सूचना ः–**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि राज्य सरकार द्वारा ग्रामीण महिला पशुपालकों की आर्थिक स्थिति को सुधारने, ग्रामीण स्तर पर महिलाओं को स्वनियोजित कर आत्मनिर्भर बनाने एवं राज्य में ग्रामीण महिलाओं के पलायन को रोकने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना को बहुआयामी बनाने की दिशा में राज्य के ग्रामीण सीमावर्ती एवं पहाड़ी क्षेत्रों (राँची, पश्चिमी सिंहभूम क्षेत्र, संथाल परगना क्षेत्र, पलामू, गढ़वा) आदि में रहने वाले महिला पशुपालकों की जीविका को सशक्त बनाने एवं गुणवत्तापूर्ण भेंड़ के नस्लों के प्रजनन में वृद्धि हेतु भेड़ पालन को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के तहत भेंड़ पालन की नई योजना के संचालन हेतु योग्य एवं इच्छुक महिला पशुपालकों से आवेदन पत्र आमंत्रित किया जाना है। योजना की विवरणी निम्नवत है :–

| क्र0 सं0 | योजना का नाम | योजना का कुल लागत (रूपया में) | अनुदान की राशि (प्रति ईकाई) | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 90% अनुदान (अनुसूचित जाति/जनजाति/ असहाय विधवा औरतों/ दिव्यांग जिनका उम्र कम से कम 50 वर्ष हो) | 10% अंशदान | 75% अनुदान (अन्य सभी वर्ग के लाभुकों को) | 25% अंशदान |
| 1 | भेड़ पालन योजना (8+2) | **49,600/-** | 44,640/- | 4960/- | **37,200/-** | **12400/-** |

**योजना का उद्देश्य/संभावित फलाफल –**

- ग्रामीण महिलाओं का सशक्तिकरण करते हुए ग्रामीण अर्थव्यवस्था को बल देना।
- भेड के मांस की बिक्री से किसानों/पशुपालकों के सतत् आय के स्त्रोंत का सृजन होगा।
- भेंड का अपशिष्ट जैविक उर्वरक है, जिससे किसानों की रासायनिक उर्वरकों पर निर्भरता कम होगी तथा मिट्टी उपजाऊ बनेगी।
- भेंड पालन एक कम निवेश एवं त्वरित रिटर्न का साधन है, जो कि अनुपयोगी संसाधनों के उपयोग जैसे–फसल अवशेष, बंजर भूमि की वनस्पतियों आदि को कुशलतापूर्वक मूल्यवान मांस में परिवर्तत कर सकता है।
- राज्य में ऊन, दुग्ध एवं मांस उत्पादन में वृद्धि करना।
- देशी नस्लों जैसे छोटानागपुरी एवं साहाबादी नस्लों का संरक्षण तथा वैज्ञानिक ढंग से भेंड़ पालन को बढावा देना।

**लाभुकों का चयन हेतु अर्हत्ता एवं शर्तें:–**

- यह योजना विशेषकर ग्रामीण महिलाओं के लिए है।
- लाभुकों के चयन की प्रक्रिया में लाभुकों का चयन/अनुशंसा संबंधित ग्राम सभा के साथ–साथ प्रखण्ड स्तरीय समिति द्वारा किया जाएगा। प्रखण्ड स्तरीय समिति में निम्न सदस्य होंगे :–
  - (i) प्रखण्ड प्रमुख – अध्यक्ष।
  - (ii) प्रखण्ड विकास पदाधिकारी – उपाध्यक्ष।
  - (iii) प्रखण्ड पशुपालन पदाधिकारी – संयोजक सदस्य।
  - (iv) प्रखण्ड कल्याण पदाधिकारी – सदस्य।
  - (v) स्थानीय विधायक या उनके प्रतिनिधि – सदस्य।
  - (vi) संबंधित जिला परिषद सदस्य – सदस्य।
- योजना से संबंधित आवेदन पत्र में स्थानीय और जाति/दिव्यांगता/विधवा/50 वर्ष से अधिक उम्र के निःसंतान दम्पत्ति से संबंधित प्रमाण–पत्र/घोषणा–पत्र देना अनिवार्य है। संबंधित मुखिया/पंचायत समिति सदस्य/जिला परिषद् सदस्य इत्यादि के द्वारा उक्त घोषणा की सत्यता की जाँच करते हुए आवेदन पत्र को सत्यापित किया जायेगा। स्थानीयता के लिए वोटर आई०डी०/आधार कार्ड आवेदन पत्र के साथ लाभुक को जमा करना होगा।
- योजनान्तर्गत भेंड़ का क्रय का प्रावधान निम्नवत है :–
  - (i) विभाग द्वारा आयोजित पशु मेला/शिविर (कैम्प) में सूचीबद्ध आपूर्तिकर्त्ताओं से।
  - (ii) अन्य जिला एवं राज्य से (झारखण्ड में सूचीबद्ध होने के उपरांत मान्य होगा)
- विगत पाँच वर्षो में जिन परिवार के किसी भी सदस्य को मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना (बकरा विकास/सूकर विकास/लेयर कुक्कुट लो इनपुट एवं ब्रायलर कुक्कुट) का लाभ प्राप्त हो चुका है वैसे परिवार के सदस्य भेंड़ पालन योजना के लाभ हेतु योग्य नहीं होंगे।
- ग्रामीण क्षेत्र के इच्छुक लाभुकों को योजना का लाभ नियमानुसार चयनोंपरान्त दिया जाएगा।
- लक्ष्य से अधिक आवेदन पत्र प्राप्त होने की स्थिति में प्रतीक्षा सूची संबंधित कार्यालय द्वारा तैयार किया जायेगा। प्रतीक्षा सूची के आधार पर चालू वित्तीय वर्ष अथवा आगामी वित्तीय वर्ष में भी लाभुकों को लाभान्वित कराया जा सकेगा।
- इस योजना के तहत 90% अनुदान के तहत अनुसूचित जाति/जनजाति/असहाय विधवा औरतों/दिव्यांग/निःसंतान दम्पति (जिनकी उम्र कम–से–कम 50 वर्ष) को देय होगा एवं 75% अनुदान पर अन्य सभी वर्ग के लाभुकों को देय होगा।
- Animal Breeders एवं Breeding Farms को विशेष रूप से प्राथमिकता दी जायेगी।
- योजनान्तर्गत लाभुकों के चयन हेतु ग्राम सभा/पंचायत स्तरीय समिति की अनुशंसा अनिवार्य रूप से प्राप्त करते हुए प्रखड स्तरीय समिति के अनुशंसा के उपरांत चयनित लाभुकों की सूची जिला स्तरीय समिति को उपलब्ध कराई जाएगी। तत्पश्चात् जिला स्तर पर उपायुक्त की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा अन्तिम रूप से लाभुकों का चयन किया जाएगा।
- योजनान्तर्गत चयनित प्रत्येक लाभुकों का Escrow Account/ Dedicated BankAccount खोला जायेगा एवं अनुदान की राशि Escrow Account/ Dedicated BankAccount में ही हस्तांतरित की जाएगी। अंतिम रूप से चयनित होने के उपरांत लाभुकों को भी अपना अंशदान Escrow Account/ Dedicated Bank Account में 01 (एक) माह के अन्दर जमा करना अनिवार्य होगा। लाभुक अंशदान जमा होने के उपरांत ही अनुदान की राशि लाभुक के बैंक खाता में हस्तांतरित किया जायेगा। तद्पश्चात् लाभुकों को पशुओं के क्रय/प्राप्त करने की अर्हता प्राप्त होगी। पंचायत स्तरीय समिति/ग्राम सभा के द्वारा लाभुक अंशदान संबंधित Escrow Account/ Dedicated Bank Account में जमा कराना सुनिश्चित किया जायेगा। पशुधन/पक्षी इत्यादि के आपूर्ति के उपरांत लाभुक अंशदान एवं अनुदान की राशि एक मुस्त आपूर्तिकर्त्ता के बैंक खाता में हस्तांतरित की जाएगी।
- इच्छुक पशुपालक अपना आवेदन पत्र (विहित प्रपत्र में) ग्राम सभा/पंचायत स्तरीय समिति की अनुशंसा के साथ संबंधित प्रखण्ड पशु पालन कार्यालय में जमा करना सुनिश्चित करें।

**नोट :–अधिक जानकारी जिला पशुपालन कार्यालय/संबंधित प्रखण्ड पशुपालन कार्यालय/संबंधित प्रथमवर्गीय पशुचिकित्सालय से प्राप्त किया जा सकता है।**

निवेदक
जिला पशुपालन पदाधिकारी, पलामू

PR 375896 District(25-26)#D

## वसंत उत्सव के साथ मनाई गई ठाकुर श्री रामकृष्ण परमहंस की जयंती

**एजेंसी। पूर्वी सिंहभूम**



सामाजिक और सांस्कृतिक संस्था अन्वेषा के तत्वावधान में ठाकुर श्री रामकृष्ण परमहंस देवजी की जन्मतिथि के उपलक्ष्य में भालूबासा स्थित मिष्टी इन प्रेक्षागृह में मंगलवार को वसंत उत्सव का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत बोड़ाम में मेटल्ला स्थित श्री रामकृष्ण शारदा आश्रम से आईं चिन्मयी पुरी एवं आनंदमयी पुरी माताजी तथा जमशेदपुर रामकृष्ण मिशन विवेकानंद सोसाइटी के स्वामी महाभाबानंदजी महाराज (रंजीत महाराज) की उपस्थिति में हुई। कार्यक्रम का संचालन अल्पना भट्टाचार्य ने किया। इस अवसर पर माताजी एवं स्वामीजी ने ठाकुर रामकृष्ण देव के जीवन और उनके आध्यात्मिक विचारों पर विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम की शुरुआत आनंदम पाठ चक्र के अल्पना भट्टाचार्य की ओर से संचालित मेटल्ला विवेकानंद विद्यापीठ की नौ छात्राओं के जरिए "गायत्री मंत्र" एवं रामकृष्ण शरणम के पाठ से हुई। इसके बाद तपती दत्ता, तनुका दत्ता राय, शमिता रक्षित, तंद्रा रेहेल, शर्मिष्ठा धर, शिप्रा नियोगी, नंदिनी राय एवं मधुमिता बक्शी ने ओ आमार देशेर माटी और मां गो तुमि सार्वजनीन जैसे भक्ति गीत प्रस्तुत किए एवं उसी गीत पर छात्राओं ने मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया। इसके बाद पश्चिम बंगाल के मेदिनीपुर जिले से आए विवेक भारती सोसाइटी के कलाकार अश्विनी चक्रवर्ती, शांतनु सेन, सोखा चक्रवर्ती, गुरुदास मन्ना, सुबिनॉय पात्रो, खोकोन डे और सुमन मंडल ने श्री श्री ठाकुरेर नरेन नाटक का प्रभावशाली मंचन किया। कार्यक्रम में अल्पना भट्टाचार्य, अनिंदिता गुप्ता, तपती दत्ता, शमिता रक्षित, तंद्रा रेहेल, मधुमिता कुंडू सहित कई लोग उपस्थित थे।

**JHARKHAND URBAN INFRASTRUCTURE DEVELOPMENT COMPANY LIMITED**
**(Govt. of Jharkhand Undertaking)**
JUIDCO BHAWAN, KUTCHERY ROAD, RANCHI, JHARKHAND
Ph. No.: +91-651-2225878, Mob. No.: +91 9471006062
E-mail Id-juidcolimited@gmail.com
CIN: U45200JH2013SGC001752

**NIT No.: JUIDCO/ NIT/Garhwa/FSTP/26/692 Dated:24.03.2026**
**e-Procurement (Tender Notice)**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of the work | "Construction, Commissioning of Faecal Sludge Treatment Plant of Capacity 17 KLD at Garhwa Town (Jharkhand) and Operation and Maintenance for 5 years". |
| 2. | Mode of Bid Submission | e-tendering (http://jharkhandtenders.gov.in) |
| 3. | Estimated Cost of Work | Total Project cost : Rs. 4,71,60,811.00/- (CAPEX & OPEX inclusive of all Other Taxes.) |
| 4. | Tender Fee and Earnest Money to be submitted online | Tender document fee: **Rs 10,000/-** (Rupees Ten Thousand)only – Non-Refundable. Bid Security : Rs. **4,72,000.00/-** (Rupees Four lakhs Seventy-Two thousand only), to be paid online. |
| 5. | Time of Completion | 1 year construction which comprises 9 months of construction and 3 months of defect liability period including one month of trial run and 5 years of O&M post DLP. |
| 6. | Date / Time of Publication of Tender on Website | 24.03.2026; 17.00hrs |
| 7. | Last Date / Time of Bid Submission | 15.04.2026; 17.00hrs |
| 8. | Date/Time of Bid Opening | 16.04.2026; 11.00hrs |
| 9. | Name and address of office inviting Tender. | Jharkhand Urban Infrastructure Development Company Ltd, JUIDCO Bhawan, Kutchery Chowk, Ranchi-834001 |
| 10. | Helpline No. of e-Procurement Cell | +91 651 2225878 |

Note: Only e-tenders will be accepted.
Further details are available on Jharkhand Government e-procurement website http://jharkhandtenders.gov.in

Sd/-
**Project Director (Tech.)**
**JUIDCO Ltd., Ranchi**

PR 375887 Urban Development and Housing (25-26)_D

# एलपीजी सिलेंडर की कमी से बढ़ी डिमांड

## 20 दिन में बिक गए 60 हजार इंडक्शन और ओवन

**लखनऊ, एजेंसी।** एलपीजी गैस सिलेंडर की किल्लत के कारण इंडक्शन चूल्हे और माइक्रोवेव ओवन की बंपर बिक्री हो रही है। लखनऊ में 20 दिनों के भीतर 45 हजार इंडक्शन और 15 हजार ओवन बिक गये। इसके अलावा एयर फ्रायर, इलेक्ट्रिक केतली, राइस कूकर सहित अन्य उपकरण भी खूब बिके हैं। राजधानी के नाका हिंडोला, गोमतीनगर, इंदिरानगर सहित अन्य प्रमुख बाजारों में गैस की किल्लत के कारण इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों की मांग में बेतहाशा वृद्धि हुई है।

लखनऊ इलेक्ट्रॉनिक एसोसिएशन के सदस्य अनिरूद्ध निगम ने बताया कि आम तौर पर इन उपकरणों की मांग इतनी अधिक नहीं रहती, लेकिन सिलेंडर न मिलने के डर से ग्राहक तीन हफ्ते में तेजी से इंडक्शन की ओर शिफ्ट हुए हैं। नतीजतन 10 से 15 मार्च तक इंडक्शन का स्टॉक खत्म हो गया। हालांकि स्थितियां फिर से सामान्य हो रही हैं। कारोबारियों के मुताबिक 3 से 22 मार्च तक इंडक्शन और ओवन ही नहीं, बल्कि इलेक्ट्रिक केतली, एयर फ्रायर और इलेक्ट्रिक प्रेशर कुकर भी खूब बिके। नाका हिंडोला परिक्षेत्र



व्यापार मंडल के अध्यक्ष पवन मनोचा ने बताया कि पहले पूरे महीने में करीब पांच हजार इंडक्शन और ओवन बिकते थे, लेकिन एलपीजी की अनिश्चितता ने इलेक्ट्रिक उपकरणों के उपयोग को बढ़ाया है। 45 हजार इंडक्शन और ओवन 20 दिन में बिक गए। आम दिनों के मुकाबले ब्रिकी में 12% का इजाफा हुआ है।

एयर फ्रायर और केतली की मांग भी तेजी से बढ़ी

इलेक्ट्रिक केतली और एयर फ्रायर जैसे उपकरणों की बिक्री बढ़ने का मुख्य कारण समय की बचत और गैस पर निर्भरता कम करना है। इनकी मांग भी तेजी से बढ़ी है। गौरतलब है कि शहर में करीब 1000 से अधिक छोटी-बड़ी दुकान व शोरूम हैं। उनमें से दो हजार से पांच हजार रुपये तक इंडक्शन चूल्हा बिक रहा है।

डिजल और इलेक्ट्रिक भट्ठियों की भी बढ़ी डिमांड

गैस सिलेंडरों की किल्लत ने होटल-रेस्टोरेंट और कैटरर्स की चिंता बढ़ा दी है। गैस एजेंसियों पर लंबी वेटिंग और सिलेंडरों की अनिश्चित आपूर्ति के कारण अब शादी-समारोहों की रसोई का स्वरूप बदल रहा है। कैटरर्स एलपीजी गैस के बजाय डीजल और इलेक्ट्रिक भट्ठियों की व्यवस्था कर रहे हैं।

होटल एवं टेंट संचालकों के बीच पिछले कुछ दिनों से

## संक्षिप्त समाचार

### केरल में एलडीएफ एनडीए के साथ मिलीभगत कर रहा है: कांग्रेस प्रभारी सचिन पायलट

**तिरुअनंतपुरम, एजेंसी।** केरल में 9 अप्रैल को विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। इससे पहले, कांग्रेस नेता सचिन पायलट ने आरोप लगाया है



कि भाजपा के नेतृत्व वाला गठबंधन केरल में पिनारयी विजयन के नेतृत्व वाली सरकार को बरकरार रखने में मदद कर रहा है। इसके साथ ही कहा कि आंकड़ों से पता चलता है कि एलडीएफ एनडीए के साथ मिलीभगत कर रहा है। गुप्त रूप से काम करने का लगाया आरोप पीटीआई वीडियोज को दिए एक साक्षात्कार में, केरल चुनावों के लिए कांग्रेस के वरिष्ठ चुनाव पर्यवेक्षक पायलट ने मुख्यमंत्री विजयन पर व्यक्तिगत लाभ के लिए, विशेष रूप से भ्रष्टाचार की जांच से बचने के लिए भाजपा के साथ गुप्त रूप से काम करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि माकपा और भाजपा के प्रयास सफल नहीं होंगे क्योंकि लोगों ने उनकी भ्रांति और झूठ को पहचान लिया है। कांग्रेस नेता विजयन द्वारा हाल ही में पीटीआई वीडियो को दिए गए एक साक्षात्कार में लगाए गए आरोपों के संबंध में पूछे गए एक प्रश्न का उत्तर दे रहे थे, जिसमें उन्होंने कहा था कि कांग्रेस राज्य में भाजपा की बी-टीम के रूप में काम कर रही है। उन्होंने कहा 'मुझे समझ नहीं आता कि मुख्यमंत्री ऐसे आरोप कैसे लगा रहे हैं? जबकि आंकड़े बताते हैं कि माकपा और एलडीएफ, भाजपा और एनडीए के साथ मिलीभगत कर रहे हैं। आज भी, केरल चुनावों में एनडीए की भागीदारी पूरी तरह से एलडीएफ की सत्ता में वापसी को आसान बनाने के उद्देश्य से प्रतीत होती है।'

### अवैध संबंधों के शक में पत्नी और उसके दोस्त के सिर पर बेरहमी से वार कर हत्या

**साहिबाबाद, एजेंसी।** ट्रोनिका सिटी थाना क्षेत्र में अवैध संबंधों के शक में एक सनसनीखेज दोहरे हत्याकांड का मामला सामने आया है। पति ने अपनी पत्नी और उसके कथित प्रेमी की सिर पर भारी वस्तु से वार कर हत्या कर दी। वारदात के बाद आरोपी पति फरार हो गया, जिसकी तलाश में पुलिस टीमें जुटी हुई हैं। पुलिस के अनुसार,




मृतकों की पहचान शबनम (36) और फहीम (32) के रूप में हुई है। शबनम आरोपी राशिद की पत्नी थी, जबकि फहीम को राशिद का दोस्त बताया जा रहा है। पुलिस को रात 12-40 बजे डायल 112 पर सूचना मिली कि ट्रोनिका सिटी थाना क्षेत्र के बुद्ध बाजार मोहल्ले में झगड़ा हुआ है, जिसमें दो लोग घायल हो गए हैं। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची तो राशिद के मकान में शबनम और फहीम के शव पड़े मिले। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि फहीम रात में शबनम से मिलने घर आया था। इसी दौरान राशिद भी घर पहुंच गया, जिसके बाद तीनों के बीच विवाद हो गया। गुस्से में राशिद ने सिर पर भारी वस्तु से वार कर दोनों की हत्या कर दी और मौके से फरार हो गया। पुलिस उपायुक्त ग्रामीण सुरेंद्र नाथ तिवारी ने बताया कि मामले में आरोपी की गिरफ्तारी के लिए तीन पुलिस टीमों का गठन किया गया है और जल्द ही उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## बनारस में विस्फोट, सिलेंडर फटने से घर ढहा, भाई-बहन की मौत, मां समेत दो जख्मी

**बनारस, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में कोल्ड स्टोरेज में सोमवार को विस्फोट से दीवार गिरने और चार लोगों की मौत के बाद अब वाराणसी में धमाका हुआ है। मंगलवार सुबह वाराणसी के लहरतारा इलाके में एक जोरदार धमाके ने पूरे क्षेत्र को दहला दिया। रसोई गैस सिलेंडर फटने से एक मंजिला पक्का ढह गया। मलबे में दबने से सगे भाई-बहन की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उनकी मां सहित दो अन्य लोग मलबे में दबकर गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। जानकारी के अनुसार, लहरतारा क्षेत्र में स्वर्गीय आद्या प्रसाद का परिवार रहता है। मंगलवार सुबह करीब 8 से 9 बजे के बीच जब रसोई में खाना बनाया जा रहा था, तभी अचानक गैस सिलेंडर में रिसाव के कारण जोरदार ब्लास्ट हुआ। धमाका इतना शक्तिशाली था कि मकान की छत और दीवारें ढह गईं।

# अब कांग्रेस ने दिया भाजपा को झटका, नामांकन से ठीक पहले असम की मंत्री नंदिता ने थामा 'हाथ'

**गुवाहटी, एजेंसी।** असम विधानसभा चुनाव से ठीक पहले राज्य की राजनीति में एक बड़ा फेरबदल देखने को मिला है। हिमंत विश्व शर्मा के नेतृत्व वाले मंत्रिमंडल में मंत्री और मौजूदा भाजपा विधायक नंदिता गार्लोसा ने पार्टी से बगावत कर दी। नामांकन दाखिल करने की अंतिम समय सीमा (सोमवार) से ठीक एक दिन पहले, रविवार रात को उन्होंने कांग्रेस का हाथ थाम लिया था। 9 अप्रैल को होने वाले चुनाव के लिए सोमवार को नामांकन दाखिल करने का आखिरी दिन था।

दरअसल भाजपा ने इस बार हाफलोंग विधानसभा सीट से नंदिता गार्लोसा का टिकट काट दिया था। उनकी जगह उत्तरी कछार स्वायत्त जिला परिषद की मौजूदा सदस्य और युवा नेता रूपाली लांगथासा को भाजपा ने अपना उम्मीदवार बनाया। खास बात यह है कि नंदिता गार्लोसा हिमंत कैबिनेट की एकमात्र ऐसी मौजूदा मंत्री हैं, जिनका टिकट पार्टी ने काटा था।

गार्लोसा 2021 में असम विधानसभा के लिए चुनी गई थीं। हिमंत सरकार में उनके पास कई महत्वपूर्ण विभाग थे, जिनमें खेल और युवा कल्याण, ऊर्जा, सहकारिता, खान और खनिज, तथा स्वदेशी आदिवासी आस्था व संस्कृति विभाग शामिल हैं। कांग्रेस ने पहले



हाफलोंग सीट से असम प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव निर्मल लांगथासा को अपना उम्मीदवार घोषित किया था। लेकिन नंदिता गार्लोसा के कांग्रेस में शामिल होने के बाद पार्टी ने अपनी रणनीति में बदलाव किया है। कांग्रेस ने एक बयान जारी कर बताया कि गार्लोसा के पार्टी में आने के बाद, घोषित उम्मीदवार निर्मल लांगथासा ने व्यापक जनहित में स्वेच्छा से अपनी उम्मीदवारी वापस ले ली है। अब गार्लोसा हाफलोंग सीट से कांग्रेस के टिकट पर चुनाव लड़ेंगी।

गार्लोसा के शामिल होने पर कांग्रेस ने कहा- वह पिछले पांच वर्षों से दीमा हसाओ की बुलंद आवाज रही हैं और हमेशा अपने विश्वासों और सिद्धांतों पर अडिग रही हैं। भाजपा में उन्हें इसी बात की कीमत चुकानी पड़ी क्योंकि मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा केवल आदिवासियों की जमीन बड़ी कॉर्पोरेट कंपनियों को बेचने में रुचि रखते हैं। मुख्यमंत्री हिमंता विश्व शर्मा ने रविवार को हाफलोंग स्थित गारलोसा के घर गए। हालांकि, शर्मा और गरलोसा ने बैठक के नतीजों को लेकर कोई टिप्पणी नहीं की।

## छत्तीसगढ़ में पुलिस ने ड्रोन सर्विलांस से पकड़ी अफीम की खेती, 18 दिन के भीतर पांचवीं रेड, 3 पकड़े

**रायगढ़, एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले में पुलिस ने अवैध अफीम की खेती का भंडाफोड़ किया है। अधिकारियों ने सोमवार



को बताया कि पिछले 18 दिनों में यह पांचवीं बड़ी कार्रवाई है। लैलूंगा थाना क्षेत्र के नवीन घाटगांव गांव में ड्रोन सर्विलांस के जरिए इस खेती का पता चला। पुलिस ने इस मामले में दो लोगों साधराम नागवंशी और अभिमन्यु नागवंशी को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक, साधराम के खेत में अफीम की खेती की जा रही थी। वहीं अभिमन्यु के घर में सूखी अफीम छिपाकर रखी गई थी। जब पुलिस मौके पर पहुंची तो आरोपी सबूत मिटाने की कोशिश कर रहे थे, लेकिन पुलिस ने उन्हें नाकाम कर दिया और मादक पदार्थ जब्त कर लिया। पुलिस अब इस पूरे नेटवर्क का पता लगाने के लिए जांच कर रही है। इसके अलावा मुड़ागांव में तानसिंह नागवंशी से भी पूछताछ की जा रही है। उसके घर से पौधों के सूखे अवशेष बरामद हुए हैं, जिन्हें फॉरेंसिक जांच के लिए भेजा गया है। इससे पहले 20 मार्च को रायगढ़ के तमनार क्षेत्र के अमाघाट गांव में करीब एक एकड़ जमीन पर अफीम की खेती पकड़ी गई थी। इस मामले में 2.05 करोड़ रुपये की अफीम जब्त कर झारखंड निवासी मार्शल सांगा को गिरफ्तार किया गया था। 6 मार्च को दुर्ग जिले के समोदा गांव में 5.62 एकड़ जमीन पर अफीम की खेती का खुलासा हुआ था। इस मामले में भाजपा नेता विनायक ताम्रकार समेत तीन लोगों को एनडीपीएस एक्ट के तहत गिरफ्तार किया गया।

## पेट्रोल-डीजल पर नया टैक्स! हिमाचल में 5 रुपए प्रति लीटर तक सेस लगाने का रास्ता साफ

**शिमला, एजेंसी।** हिमाचल प्रदेश में पेट्रोल और डीजल महंगे हो सकते हैं। राज्य विधानसभा ने सोमवार को हिमाचल प्रदेश वैट (संशोधन) विधेयक 2026 पास कर दिया, जिससे सरकार को पेट्रोल और हाई-स्पीड डीजल पर अधिकतम 5 रुपए प्रति लीटर तक सेस लगाने का अधिकार मिल गया है। हालांकि, यह बिल विपक्ष के जोरदार विरोध के बीच पारित हुआ। इकनॉमिक टाइम्स के मुताबिक मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने स्पष्ट किया कि ?5 अधिकतम सीमा है और सरकार अपनी जरूरत के हिसाब से कम दर भी तय कर सकती है। यानी फिलहाल यह तय नहीं है कि पूरा ?5 ही लगाया जाएगा। 24 मार्च को देशभर में पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है, जबकि सोमवार को 11% की गिरावट के बाद ब्रेंट क्रूड 104 डॉलर प्रति बैरल तक चढ़ गया, क्योंकि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान के ऊर्जा बुनियादी ढांचे पर हमला करने की धमकी को पांच दिनों के लिए टाल दिया। ट्रंप ने ईरान से बातचीत का दावा किया, जबकि ईरान ने बातचीत होने से इनकार किया।



# वनवासी कहकर बदली जा रही आदिवासियों की पहचान: राहुल गांधी

**वडोदरा, एजेंसी।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने आदिवासियों के लिए वनवासी शब्द इस्तेमाल पर भाजपा और आरएसएस की आलोचना की है। उन्होंने कहा कि यह शब्द जानबूझकर बनाया गया है ताकि आदिवासियों की जो जंगल, जमीन और पानी पर जो पुराना हक है उसे खत्म किया जा सके। वडोदरा में एक कार्यक्रम के दौरान गांधी ने फिर से जाति जनगणना की मांग की और कहा कि आदिवासियों को देश की सत्ता और धन में अपना सही हिस्सा पाने के लिए यह बहुत जरूरी है। राहुल गांधी ने यह भी कहा कि आदिवासियों को वनवासी कहना संविधान और आदिवासी नेता बिरसा मुंडा का अपमान है। वडोदरा में आयोजित आदिवासी अधिकार संविधान सम्मेलन में राहुल गांधी ने कहा कि आदिवासी से तात्पर्य भारत के मूल निवासियों से है। यदि आप इस भूमि पर 1,000, 2,000 या यहां तक कि 5,000 वर्ष पहले भी आते तो आप पाते कि जमीन का एक-एक इंच आदिवासियों के हाथों में थी। राहुल गांधी ने आगे कहा कि अब 21वीं सदी में एक नया शब्द सामने आया है। यह शब्द है वनवासी, यह आरएसएस और भाजपा द्वारा गढ़ा गया है। वनवासी शब्द का तात्पर्य है कि आप इस जमीन के मूल स्वामी नहीं थे। वहीं आदिवासी शब्द का अर्थ है कि यह देश आपका था। भारत की जमीन, जल और जंगल सही मायने में आपकी थी। आदिवासियों को वनवासी कहना संविधान पर हमला



राहुल गांधी ने कहा कि आदिवासियों को वनवासी कहना संविधान और पूज्य आदिवासी नेता बिरसा मुंडा पर हमला है। वनवासी शब्द का प्रयोग यह दिखाता है कि आप मूल स्वामी नहीं थे- वरन मूल स्वामी कोई और था और जल, जंगल एवं जमीन आपकी नहीं थी। आप केवल संयोगवश वन में निवास करते थे।

राहुल गांधी ने आगे कहा कि जैसा कि किसी ने सही कहा है कि हम संविधान के लिए लड़ रहे हैं जिसमें हजारों साल पुरानी सोच जुड़ी है। मोदी समेत बीजेपी के लोग बिरसा मुंडा, आंबेडकर, फुले और गांधी की मूर्तियों के आगे सिर झुकाते हैं लेकिन वे उन विचारों को नहीं बचा पा रहे हैं जिनके लिए बिरसा मुंडा खड़े थे। वे उस मकसद को भी पूरा नहीं कर पा रहे हैं जिसके लिए उन्होंने अपनी जान दी थी। राहुल गांधी ने कहा कि संविधान में बिरसा मुंडा की सोच बसी है। जब भाजपा आदिवासियों को वनवासी कहती है और उनकी जमीन और जंगल बड़े व्यापारियों को दे देती है तो वह सिर्फ संविधान का अपमान नहीं करती बल्कि बिरसा मुंडा का भी अपमान करती है। अक्सर विकास के नाम पर आदिवासियों से उनकी जमीन बिना किसी मुआवजे के छीन ली जाती है क्योंकि भाजपा मानती है कि आदिवासियों का अपनी जमीन पर कोई हक नहीं है।

## हिमाचल में फिर बदला मौसम का मिजाज, बारिश-ओलावृष्टि से बढ़ी ठंड; शिमला में भी गिरे ओले

**शिमला, एजेंसी।** प्रदेश में तीन दिन की राहत के बाद सोमवार को एक बार फिर मौसम ने करवट बदल ली और रोहतांग सहित सभी दर्रों में हल्का हिमपात हुआ। जबकि शिमला सहित मनाली और अन्य कई स्थानों पर वर्षा हुई। दोपहर बाद राज्य के कई हिस्सों में अचानक बादल छाए और बारिश के साथ ओलावृष्टि हुई। राजधानी शिमला में सुबह मौसम साफ रहा, लेकिन दोपहर बाद तेज बारिश, बादलों की गड़गड़ाहट और ओलावृष्टि ने मौसम को ठंडा कर दिया। निचले इलाकों में भी कई जगह बारिश और ओले गिरने से तापमान में गिरावट दर्ज की गई और लोगों को फिर से ठंड का अहसास होने लगा। मौसम विभाग के अनुसार सोमवार को प्रदेश का औसत अधिकतम तापमान सामान्य से करीब 1.2 डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया। शिमला में अधिकतम तापमान 18.5 डिग्री सेल्सियस रहा, जबकि मनाली में अधिकतम तापमान 16.5 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। राज्य के कई हिस्सों में सुबह से ही मौसम में बदलाव के संकेत मिलने लगे थे। शिमला में सुबह धूप खिली रही, लेकिन दोपहर होते-होते बादल घिर आए और तेज बारिश शुरू हो गई। सुंदरनगर में 12, कल्पा में 2.4 व मनाली में 5 मिमी वर्षा हुई।

# इंतजारशास्त्र में उलझा राजस्थान, तैयार संस्थान फिर भी बंद: अशोक गहलोत

**जयपुर, एजेंसी।** राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने राज्य सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा है कि राजस्थान का भविष्य इंतजारशास्त्र की भेंट चढ़ता जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि दिसंबर 2023 के बाद से प्रदेश में जनहित की योजनाओं और प्रोजेक्ट्स की रफ्तार को जानबूझकर धीमा कर दिया गया है, जिससे विकास प्रभावित हो रहा है।


इंतजारशास्त्र से थम रहा विकास

गहलोत ने अपने बयान में कहा कि मौजूदा सरकार की कार्यशैली के चलते प्रदेश में एक अजीब स्थिति बन गई है, जहां फैसले लेने में अनावश्यक देरी हो रही है। उन्होंने कहा कि इससे न केवल परियोजनाओं की लागत बढ़ रही है, बल्कि आम जनता को मिलने वाले लाभ भी टल रहे हैं।

महात्मा गांधी इंस्टीट्यूट बना राजनीतिक मुद्दा

पूर्व सीएम ने जयपुर के जेएलएन मार्ग स्थित महात्मा गांधी इंस्टीट्यूट का जिक्र करते हुए कहा कि यह संस्थान 2024 में बनकर तैयार हो चुका है, लेकिन इसे अभी तक शुरू नहीं किया गया। उन्होंने सवाल उठाया कि क्या सरकार इसे केवल इसलिए शुरू नहीं कर रही क्योंकि यह महात्मा गांधी के नाम पर है।

**233 करोड़ से तैयार हुआ संस्थान:** गहलोत ने बताया कि अक्टूबर 2022 में करीब 233 करोड़ रुपये की लागत से इस संस्थान की नींव रखी गई थी। इसे टाटा सामाजिक विज्ञान



संस्थान और एमआईटी विश्व शांति विश्वविद्यालय की तर्ज पर विकसित किया गया, ताकि प्रदेश के युवाओं को सुशासन और सामाजिक विज्ञान में उच्च स्तर की शिक्षा और रिसर्च का अवसर मिल सके।

स्वायत्त दर्जा, राजनीति से दूर रखने की कोशिश उन्होंने कहा कि संस्थान को एक्ट के जरिए स्वायत्त दर्जा दिया गया था, जिससे यह राजनीतिक हस्तक्षेप से मुक्त रह सके। गहलोत के मुताबिक, इस तरह के संस्थान किसी एक दल के लिए नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के भविष्य को ध्यान में रखकर बनाए जाते हैं।

**सरकार पर 'राजनीतिक द्वेष' का आरोप:** गहलोत ने आरोप लगाया कि सत्ता परिवर्तन के बाद पिछली सरकार की योजनाओं को ठंडे बस्ते में डालने की प्रवृत्ति बढ़ गई है। उन्होंने कहा कि गांधी जी के नाम और उनके आदर्शों से दूरी बनाना संकीर्ण मानसिकता को दर्शाता है और इससे युवाओं के सपनों के साथ अन्याय हो रहा है।

**जल्द शुरू करने की मांग, दी चेतावनी:** पूर्व मुख्यमंत्री ने सरकार से मांग की है कि वह तुच्छ राजनीति से ऊपर उठकर इस संस्थान को जल्द से जल्द शुरू करे। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जनहित की योजनाओं को इसी तरह रोका गया, तो प्रदेश की जनता समय आने पर इसका जवाब जरूर देगी।

**सियासत में बढ़ेगा टकराव:** राजनीतिक जानकारों का मानना है कि इस मुद्दे पर आने वाले समय में सियासी घमासान और तेज हो सकता है। शिक्षा और युवाओं से जुड़े मुद्दे अब प्रदेश की राजनीति के केंद्र में आते नजर आ रहे हैं, जिससे सरकार और विपक्ष के बीच टकराव बढ़ना तय माना जा रहा है।

# महाराष्ट्र विधायक का अजीबो गरीब दावा, कहा- मैंने कार्यकर्ताओं के लिए 35 करोड़ का कमीशन छोड़ा

**बुलढाणा, एजेंसी।** महाराष्ट्र के बुलढाणा से शिवसेना विधायक संजय गायकवाड़ ने यह दावा करके विवाद खड़ा कर दिया है कि उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं और समर्थकों के कल्याण के लिए '35 करोड़ रुपये का कमीशन' छोड़ दिया। उन्होंने कहा कि इसके कारण कई लोग साइकिल छोड़ फॉर्च्यूनर से चलने लगे हैं। गायकवाड़ विभिन्न दलों के 600 कार्यकर्ताओं के एकनाथ शिंदे नीत शिवसेना में शामिल करने के लिए रविवार को चिखली में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

खुद को एक प्रभावशाली विधायक बताते हुए गायकवाड़ ने कहा कि उन्होंने कभी भी अपनी ताकत का इस्तेमाल किसी को परेशान करने के लिए नहीं किया। उन्होंने कहा, 'मैं अपनी ताकत का उपयोग आम लोगों की मदद और पार्टी कार्यकर्ताओं को मजबूत बनाने के लिए करता हूं। जो कार्यकर्ता पहले मेरे साथ साइकिल पर चलते थे, वे अब फॉर्च्यूनर कार में चलते हैं। मैंने करीब 35 करोड़ रुपये का कमीशन छोड़ दिया।' गायकवाड़ ने कार्यकर्ताओं से कहा कि उन्हें मजबूत बनना होगा,



'क्योंकि जब आप मजबूत होंगे, तभी मैं भी मजबूत बनूंगा।'

**बयानों के कारण पहले भी विवादों में रहे:** गायकवाड़ इससे पहले भी बयानों के चलते विवादों में फंसते रहे हैं। 2024 में उन्होंने दावा किया था कि साल 1987 में उन्होंने बाघ का शिकार किया था, जिसका दांत वह गले में पहनते हैं। वन विभाग ने तुरंत ही दांत जब्त कर लिया था और उनके खिलाफ वाइल्ड लाइफ प्रोटेक्शन एक्ट के तहत केस दर्ज कर लिया था।

2024 में ही उन्होंने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की जुबान काटने वाले को इनाम देने का ऐलान कर दिया था। बीते साल मार्च में एक वायरल वीडियो में वह कथित तौर पर पुलिस की लाठी से लोगों को पीटते नजर आए। इसके बाद एक और वीडियो सामने आया था, जहां एक पुलिसकर्मी उनके वाहन को साफ कर रहा था। इसे लेकर जमकर विवाद हुआ था।

# विचार-मंथन

## संपादकीय

### अपराध और सत्ता के गठजोड़ से कमजोर होता लोकतंत्र

भारतीय राजनीति में सभी दल साफ–सुथरी राजनीति के पक्षधर तो हैं, लेकिन विचित्र बात है कि चुनावों के दौरान उन्हें आपराधिक पृष्ठभूमि के किसी नेता पर भरोसा करने में कोई हिचक नहीं होती। नतीजा यह होता है कि दागी नेता विधानसभाओं से लेकर संसद तक पहुंच जाते हैं। बीते कई दशकों में राजनीति का जिस तरह अपराधीकरण हुआ है, उससे लोकतंत्र के उद्देश्यों और लक्ष्यों को गहरी क्षति पहुंची है। चुनाव सुधारों से संबंधित गैर–सरकारी संगठन एडीआर की नई रपट ने एक बार फिर इस चिंता को रेखांकित किया है।इसके मुताबिक, राज्यसभा के बत्तीस फीसद मौजूदा सांसदों ने अपने खिलाफ आपराधिक मामलों की जानकारी दी है। दूसरी ओर, केरल में हलफनामों की समीक्षा के बाद पाया गया कि बानवे विधायकों के खिलाफ आपराधिक मामले लंबित हैं। गौरतलब है कि हर साल एडीआर की रपट आती है और सभी तरफ इस पर चिंता भी जताई जाती है। मगर ऐसा लगता है कि न तो इसे राजनीतिक दल कभी इसे गंभीरता से लेते हैं और ही चुनाव आयोग कोई ठोस पहल करता है। नतीजा यह कि हर बार दागी पृष्ठभूमि के लोगों को टिकट दे दिया जाता है और उनके नामांकन पर आयोग की मुहर भी लग जाती है।यह निराशाजनक है कि राजनीतिक दल अपने सिद्धांतों को दरकिनार कर आपराधिक पृष्ठभूमि के लोगों को उन संवैधानिक संस्थाओं की विधायी प्रक्रिया का हिस्सा बना देते हैं, जहां न केवल देश के अहम फैसले होते हैं, बल्कि कानून भी बनाए जाते हैं। सवाल है कि अपराध और राजनीति के बीच यह स्याह गठजोड़ क्यों और कैसे फल–फूल रहा है। यह सही है कि दागी नेताओं के मामलों की सुनवाई के लिए विशेष त्वरित अदालतें बनाई गई हैं, लेकिन अधिकतर मामलों में फैसला वर्षों बाद आता है और ये नेता अपने पदों पर काबिज रहते हैं। कई बार तो पुलिस और प्रशासन की सांठगांठ की वजह से समय पर जांच पूरी नहीं हो पाती। वहीं राजनीतिक दल उम्मीदवारों का आपराधिक ब्योरा सार्वजनिक नहीं करते। कायदे से आपराधिक मामला दर्ज होने पर दागी नेताओं को चुनाव लड़ने से ही रोक दिया जाए, तो स्वच्छ राजनीति के लिए जमीन तैयार करने की दिशा में यह बड़ा कदम होगा।

### कंपनियों और निजी अस्पतालों के गठजोड़ में फंसता आम आदमी का भरोसा

राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल ने संसद में कहा कि निजी अस्पतालों और स्वास्थ्य बीमा कंपनियों का ऐसा मकड़जाल बन गया है, जो आम लोगों की कमर तोड़ रहा है। यह विडंबना ही है कि जिस भरोसे की वजह से कोई व्यक्ति बीमारी का इलाज कराने किसी निजी अस्पताल में जाता है, वह उसके लिए एक नई परेशानी की वजह बन जाता है। भविष्य में इलाज का खर्च उठाने की राह आसान बनाने का भरोसा देकर बीमा कंपनियां लोगों को अपनी योजनाओं का हिस्सा बनने के लिए तो तैयार कर लेती हैं, लेकिन जब इलाज पर हुए खर्च की भरपाई करने का वक्त आता है, तो उसमें कई तरह की अड़चन पेश कर दी जाती है या कई बार मना भी कर दिया जाता है। निजी अस्पतालों और बीमा कंपनियों के बीच मिलीभगत के सहारे चल रही इस गड़बड़ी के मामले अक्सर सामने आते रहे हैं, लेकिन अब तक इस तरह के घोटालों पर रोक को लेकर सरकार की ओर से कोई ठोस सक्रियता नहीं देखी गई है। हाल ही में यह मसला संसद में उठाया गया, जिसमें सरकार से स्वास्थ्य बीमा कंपनियों की मनमानी पर अंकुश लगाने की मांग की गई। राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल ने संसद में कहा कि निजी अस्पतालों और स्वास्थ्य बीमा कंपनियों का ऐसा मकड़जाल बन गया है, जो आम लोगों की कमर तोड़ रहा है। अक्सर ऐसे मामले देखे जाते हैं, जिसमें अस्पताल में मरीज की मौत हो जाती है और नियमों का हवाला देकर या अलग–अलग कारण बता कर बीमा कंपनी दावे को खारिज कर देती है। इलाज के दौरान अस्पताल में किसी मरीज की मौत हो जाती है, तो कई बार खर्च चुकाने में असमर्थ होने पर अस्पताल शव देने तक से इनकार कर देता है। अंदाजा लगाया जा सकता है कि ऐसी स्थिति में मरीज के परिजन किस तकलीफ से गुजरते होंगे। सवाल है कि बीमा कराने के लिए लोगों को आकर्षित करने के कारोबार को इजाजत देने वाले संबंधित सरकारी महकमे इस तरह की मनमानियों के खिलाफ क्या कदम उठाते हैं।

*वन महोत्सव जैसे आयोजन समाज के विभिन्न वर्गों को एक मंच पर लाकर इस साझा जिम्मेदारी का बोध कराते हैं कि वनों की रक्षा केवल सरकार का दायित्व नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक की नैतिक जिम्मेदारी है। भारत के संदर्भ में वनों का महत्व और भी अधिक व्यापक और बहुआयामी है। यहाँ वन केवल प्राकृतिक संपदा नहीं, बल्कि सांस्कृतिक और आध्यात्मिक चेतना का प्रतीक हैं।*

## सृष्टि संतुलन के लिये वनों की पुकार सुननी होगी

**(ललित गर्ग)**

वनों की उपयोगिता का दायरा केवल पर्यावरणीय संतुलन तक सीमित नहीं है, बल्कि यह आर्थिक और सामाजिक जीवन से भी गहराई से जुड़ा हुआ है। 2026 में प्रस्तावित 'वनों और अर्थव्यवस्था' थीम इस तथ्य को रेखांकित करती है कि वन सतत आर्थिक विकास के आधार हैं। लाखों लोगों की आजीविका सीधे तौर पर वनों पर निर्भर है। 21 मार्च को प्रतिवर्ष मनाया जाने वाला अंतर्राष्ट्रीय वन दिवस केवल एक प्रतीकात्मक उत्सव नहीं, बल्कि मानव सभ्यता के सामने खड़ी एक गंभीर चुनौती की ओर संकेत करने वाला अवसर है। संयुक्त राष्ट्र द्वारा वर्ष 2012 में इस दिवस की घोषणा इस उद्देश्य से की गई थी कि विश्व समुदाय वनों के महत्व को समझे, उनके संरक्षण के लिए संगठित प्रयास करे और प्रकृति के साथ संतुलित सह-अस्तित्व की दिशा में आगे बढ़े। आज जब पृथ्वी अभूतपूर्व पर्यावरणीय संकटों से जूझ रही है, तब इस दिवस की प्रासंगिकता और भी बढ़ जाती है। वर्ष 2026 की थीम 'वन और भोजन' यह स्पष्ट करती है कि वन केवल हरित आच्छादन नहीं, बल्कि वैश्विक खाद्य सुरक्षा के मूल स्तंभ हैं। वर्तमान समय में पर्यावरणीय असंतुलन अपने चरम पर है। जलवायु परिवर्तन के कारण तापमान में वृद्धि, अनियमित वर्षा, सूखा, बाढ़ और प्राकृतिक आपदाओं की बढ़ती आवृत्ति ने मानव जीवन को संकटग्रस्त कर दिया है। इन परिस्थितियों में वन एक ऐसे प्राकृतिक तंत्र के रूप में सामने आते हैं, जो पृथ्वी के संतुलन को बनाए रखने में केंद्रीय भूमिका निभाते हैं। वे कार्बन डाइऑक्साइड को अवशोषित कर वैश्विक तापवृद्धि को नियंत्रित करते हैं, जल चक्र को संतुलित रखते हैं और मृदा अपरदन को रोकते हैं। इसके बावजूद, विडंबना यह है कि मानव अपनी तात्कालिक आवश्यकताओं और आर्थिक विकास की अंधी दौड़ में वनों का अंधाधुंध दोहन कर रहा है। यही कारण है कि आज वन महोत्सव जैसे आयोजनों की आवश्यकता केवल औपचारिकता नहीं, बल्कि एक व्यापक सामाजिक जागरण के रूप में महसूस की जा रही है। वनों की उपयोगिता का दायरा केवल पर्यावरणीय संतुलन तक सीमित नहीं है, बल्कि यह आर्थिक और सामाजिक जीवन से भी गहराई से जुड़ा हुआ है। 2026 में प्रस्तावित 'वनों और अर्थव्यवस्था' थीम इस तथ्य को रेखांकित करती है कि वन सतत आर्थिक विकास के आधार हैं। लाखों लोगों की आजीविका सीधे तौर पर वनों पर निर्भर है। लघु वनोपज, औषधीय पौधे, रेजिन, गोंद, शहद और बांस जैसे उत्पाद न केवल ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाते हैं, बल्कि अंतरराष्ट्रीय व्यापार में भी महत्वपूर्ण योगदान देते हैं। इसके साथ ही, इको-टूरिज्म के माध्यम से भी रोजगार के नए अवसर उत्पन्न हो रहे हैं। इस प्रकार वन एक ऐसे आर्थिक संसाधन के रूप में सामने आते हैं, जो विकास और संरक्षण के बीच संतुलन स्थापित कर सकते हैं। वनों का सामाजिक और सांस्कृतिक महत्व भी कम नहीं है। विशेष रूप से स्वदेशी और आदिवासी समुदायों के लिए वन जीवन का अभिन्न हिस्सा हैं। उनकी परंपराएँ, आस्थाएँ और जीवनशैली वनों से ही संचालित होती हैं। वन उनके लिए केवल संसाधन नहीं, बल्कि अस्तित्व का आधार हैं। इसी कारण, वन संरक्षण केवल पर्यावरणीय मुद्दा नहीं, बल्कि सामाजिक न्याय और सांस्कृतिक संरक्षण का भी विषय है। वन महोत्सव जैसे आयोजन समाज के विभिन्न वर्गों को एक मंच पर लाकर इस साझा जिम्मेदारी का बोध कराते हैं कि वनों की रक्षा केवल सरकार का दायित्व नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक की नैतिक जिम्मेदारी है। भारत के संदर्भ में वनों का महत्व और भी अधिक व्यापक और बहुआयामी है। यहाँ वन केवल प्राकृतिक संपदा नहीं, बल्कि सांस्कृतिक और आध्यात्मिक चेतना का प्रतीक हैं। भारतीय परंपरा में वृक्षों को देवतुल्य माना गया है। पीपल, वट और नीम जैसे वृक्ष केवल जैविक इकाइयाँ नहीं, बल्कि जीवनदायी शक्ति के रूप में पूजे जाते हैं। भारत की समृद्ध जैव विविधता वनों पर ही निर्भर है, और इसका संरक्षण देश की पारिस्थितिक सुरक्षा के लिए अनिवार्य है। वन देश की जलवायु को संतुलित रखने, वर्षा चक्र को नियंत्रित करने और कृषि उत्पादन को स्थिर बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। भारत में वनों की उपयोगिता का एक महत्वपूर्ण पहलू यह भी है कि वे ग्रामीण और आदिवासी जीवन की आधारशिला हैं। देश के लाखों लोग अपनी आजीविका के लिए वनों पर निर्भर हैं। भोजन, ईंधन, चारा और औषधीय आवश्यकताओं की पूर्ति वनों के माध्यम से होती है। इसके अतिरिक्त, वन जल संरक्षण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, जिससे नदियों और जल स्रोतों का अस्तित्व बना रहता है। आज जब देश के कई हिस्सों में जल संकट गहराता जा रहा है, तब वन संरक्षण की आवश्यकता और भी अधिक स्पष्ट हो जाती है। वर्तमान शासनकाल में नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में वन संरक्षण और हरित विकास को लेकर कई महत्वपूर्ण पहलें की गई हैं। 'हरित भारत मिशन' के तहत बड़े पैमाने पर वृक्षारोपण अभियान चलाए जा रहे हैं, जिनका उद्देश्य देश के वन क्षेत्र को बढ़ाना और पारिस्थितिक संतुलन को बनाए रखना है। 'नमामि गंगे' परियोजना के माध्यम से नदियों के किनारे वृक्षारोपण कर जल संरक्षण और प्रदूषण नियंत्रण के प्रयास किए गए हैं। इसके साथ ही, कैम्पा फंड के प्रभावी उपयोग से वन पुनर्स्थापन और संरक्षण कार्यों को गति मिली है। सरकार ने शहरी क्षेत्रों में भी हरित आवरण बढ़ाने के लिए मियावाकी पद्धति को प्रोत्साहित किया है, जिससे छोटे-छोटे स्थानों में घने वन विकसित किए जा रहे हैं। इन पहलों के माध्यम से यह स्पष्ट होता है कि वर्तमान समय में विकास और पर्यावरण संरक्षण को एक साथ लेकर चलने का प्रयास किया जा रहा है। सरकार की नीतियाँ यह दर्शाती हैं कि यदि सही दृष्टिकोण अपनाया जाए, तो आर्थिक विकास और पर्यावरणीय संतुलन के बीच सामंजस्य स्थापित किया जा सकता है। हालांकि, यह भी आवश्यक है कि इन प्रयासों में जनसहभागिता को और अधिक बढ़ाया जाए, क्योंकि वनों की सुरक्षा केवल सरकारी योजनाओं से संभव नहीं, बल्कि समाज के सामूहिक प्रयासों से ही सुनिश्चित की जा सकती है। अंततः वन महोत्सव और अंतर्राष्ट्रीय वन दिवस हमें यह संदेश देते हैं कि प्रकृति के साथ संतुलन बनाए रखना ही मानव सभ्यता की स्थिरता का आधार है। आज आवश्यकता इस बात की है कि हम वनों को केवल संसाधन के रूप में न देखें, बल्कि उन्हें अपने जीवन का अभिन्न अंग मानें। जब तक यह दृष्टिकोण विकसित नहीं होगा, तब तक पर्यावरणीय संकटों का समाधान संभव नहीं है। यदि हम सचमुच अपने भविष्य को सुरक्षित रखना चाहते हैं, तो हमें वनों की रक्षा को अपनी प्राथमिकता बनाना होगा। यही वन महोत्सव की वास्तविक सार्थकता है और यही अंतर्राष्ट्रीय वन दिवस का मूल संदेश भी। **लेखक, पत्रकार, स्तंभकार।**

## वैचारिक क्रान्ति के बिना शान्ति की पुनर्स्थापना असम्भव

**(डा. रवीन्द्र अरजरिया)**

विश्व में चल रहे वर्तमान संघर्ष के लिए भविष्यवक्ताओं ने बहुत पहले ही सचेत कर दिया था। परिस्थितियों से लेकर परिणामों तक की विवेचनायें निरंतर सामने आती रहीं। इन भविष्यवाणियों के अनेक बिन्दु अतीत में प्रमाणित भी होते रहे परन्तु तब आधुनिकता की चमक में डूबे लोगों ने अंधविश्वास कह कर इसका मुखौल ही उडाया है। वर्तमान समय में जनसंख्या के बढते दबाव के कारण अहंकार भी चरम सीमा पर पहुंच गया है। शासक बनने की होड ने युद्ध के हालात निर्मित कर दिये हैं। भारतीय आदिग्रन्थों सहित विदेश के अनेक भविष्यवक्ताओं ने इस युद्ध और उसके विस्तार को लेकर क्रमबद्ध विस्तार की घोषणायें पहले से ही हैं। भारत की भूमिका को भी रेखांकित किया गया है। युद्ध का विस्तार केवल ईरान-अमेरिका-इजरायल, रूस-यूक्रेन, पाकिस्तान-अफगानस्तान जैसी स्थितियों तक ही सीमित नहीं है बल्कि चीन-ताइवान, भारत-पाकिस्तान, भारत-बंगलादेश सहित खाडी के अनेक देश युद्ध के मुहाने पर खडे है। इन तनावों का युद्ध में परिवर्तित होने का समय की भी पूर्व घोषणायें की जा चुकीं हैं। प्राकृतिक प्रकोप, पर्यावरणीय समस्यायें, जीवन को पोषित करने वाली वस्तुओं का अकाल, खनिजों के अनुशासनहीन दोहन, वैचारिक नकारात्मकता, सत्य को सम्प्रदायों में विभक्त करके जीवन पद्धति थोपने के प्रयास, आस्था संकट की स्थितियां, आतंक के आधार पर सत्ता हथियाने की चालें जैसे अनगिनत कारक प्रकृति और जीवन को किस्तों में कत्ल करते रहे हैं परन्तु अब तो स्थितियां नियंत्रण के बाहर हो चुकीं हैं। संयुक्त राष्ट संघ जैसी संस्थायें लगभग अस्तित्वहीन हो चुकीं हैं। कोरोना काल में विश्व स्वास्थ्य संगठन, यूनीसेफ जैसे उत्तरदायी समूहों द्वारा अपनाया गया पक्षपातपूर्ण रवैया किसी से छुपा नहीं है। भय का मनोविज्ञान ठहाके लगा रहा है। चारों ओर शक्ति के प्रदर्शन से गुलामों की संख्या बढाने की पहल रही है। अग्नेय शस्त्रों की बाढ आ गई है। मिसाइलों की बौछारों से न केवल जन-जीवन समाप्त हो रहा है बल्कि पर्यावरणीय स्थिति भी असंतुलित होकर हाहाकार कर रही है। परमाणु परीक्षणों की प्रतिस्पर्धा में नित नये आंकडे आ रहे हैं। संसार के ठेकेदार बनने वाले विस्तारवादी देशों की कुटिलता ने तूफानी गति पकड ली है। ऐसे में संसार के लगभग सभी देशों में आंतरिक कलह, गृह युद्ध और विघटन की स्थितियां निर्मित करने में कट्टरवादियों की बडी जमातें अपने विदेशी आकाओं की इच्छापूर्ति में तन, मन और धन से लगीं हुईं हैं। आतंकवादी संगठनों को पोषित करने वाले राष्ट स्वयं को धर्म विशेष का मसीहा बनाकर प्रस्तुत कर रहे हैं। ऐसे में भारत की भूमिका पर सबकी नजरें लगी हुई हैं। सनातन का वसुधैव कुटुम्बकम् का उद्घोष महोपनिषद के अध्याय 4 के श्लोक क्रमांक 71 में वर्णित है जिसमें समूचा संसार एक परिवार की तरह बताया गया है। इसी तरह गरुड़ पुराण के अध्याय 35.51 में सर्वे भवन्तु सुखिनः की अवधारणा को निरूपित किया गया है। प्रत्येक जीव मे दैवीय और आसुरी प्रवृत्तियां होती है। जब दैवीय प्रवृत्तियों यानी सकारात्मकता का बाहुल्य होता है तब वह जीव देववत हो जाता है और जब उसमें आसुरी प्रवृत्तियों यानी नकाराकत्मकता का बाहुल्य होता है तब वही असुर बन जाता है। सभी जीव जन्म से देवता ही होते हैं जिन्हें बाद में परिवार के संस्कार, शिक्षा और वातावरण के आधार पर ही असुर बना जाता है।

### सुडोकू पहेली — क्रमांक- 6041

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | 5 | | | 3 | 2 | 1 | |
| 7 | | | | | | 5 | | 9 |
| 2 | 8 | | 6 | 9 | | | | 4 |
| | | | | | | | 7 | |
| | | | 2 | 1 | 8 | | | |
| | 5 | | | | | | | |
| 1 | | | | 4 | 2 | | 8 | 5 |
| 9 | | 8 | | | | | | 7 |
| | 4 | 6 | 3 | | | 1 | 9 | |

नियम : प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 6040

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 7 | 9 | 4 | 5 | 2 | 8 | 6 | 1 |
| 1 | 8 | 6 | 3 | 7 | 9 | 5 | 4 | 2 |
| 4 | 2 | 5 | 6 | 8 | 1 | 9 | 3 | 7 |
| 9 | 1 | 2 | 7 | 4 | 5 | 6 | 8 | 3 |
| 6 | 4 | 3 | 2 | 1 | 8 | 7 | 5 | 9 |
| 8 | 5 | 7 | 9 | 3 | 6 | 1 | 2 | 4 |
| 7 | 3 | 8 | 1 | 6 | 4 | 2 | 9 | 5 |
| 2 | 6 | 4 | 5 | 9 | 7 | 3 | 1 | 8 |
| 5 | 9 | 1 | 8 | 2 | 3 | 4 | 7 | 6 |

### वर्ग पहेली 6041

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | ■ | 3 | 4 | 5 | |
| | ■ | | ■ | 6 | | | ■ |
| 7 | 8 | | | | ■ | 9 | 10 |
| ■ | 11 | | ■ | ■ | 12 | | |
| 13 | | | ■ | 14 | | ■ | |
| | ■ | 15 | 16 | | ■ | 17 | |
| | ■ | ■ | | ■ | 18 | ■ | |
| 19 | | | ■ | 20 | | | |

**संकेतः बाएं से दाएं**

1. 1 अगस्त 2004 को इस देश ने भारत को 25 रनों से हराकर एशिया कप जीता था (3)
3. किसी देश की वह सीमा जो किसी दूसरे देश से मिली हों (4)
6. आर.के.नारायण के इस उपन्यास पर फिल्म निर्माण हुआ था, जिसमें देवानंद के साथ वहीदा रहमान थी (3)
7. पंडवानी शैली की प्रसिद्ध लोकगायिका (पद्मश्री)(5)
9. एक राजनीतिक पार्टी का संक्षिप्त नाम (2)
11. रदपट, अधर, ओंठ (2)
12. मनुज, इंसान, आदमी (3)
13. गुदाई करना, गुदाई कृति (3)
14. हस्ताक्षर, जो यथार्थ हो (2)
15. ना समझ, भोला, अनुभवहीन, सरल (2)
17. अत्यधिक, उच्च, उत्तम, बड़ा (2)
19. पढ़ने वाला, किसी विश्वविद्यालय का अध्यापक (3)
20. शरतचंद चट्टोपाध्याय की प्रसिद्ध कृति (4)

**ऊपर से नीचे**

1. विवाहित स्त्री, पत्नी (3)
2. विधायन करना, नियम बनाना (6)
3. विवाह क पूर्व की एक रस्म, मंगनी (3)
4. मथानी, जिससे मथा जा सकें (2)
5. अमेरिका के न्यूयार्क प्रांत के पूर्वी हिस्से में बहने वाली एक प्रसिद्ध नदी (4)
8. वर्षद, मेघ, जलदाता, नीरद, वारिद (3)
10. बिजली घर को अंग्रेजी में यह कहते है (6)
12. भारत के वर्तमान क्रिकेटर महेंद्रसिंह धौनी इस नाम से भी जाने जाते हैं (2)
13. महाराष्ट्र का प्रसिद्ध शहर नासिक इस नदी के उद्गम पर स्थित है (4)
14. बेटा, सूरज (अंग्रेजी)(2)
16. जिसमें दाग लगा हो, लांछित, दुर्गुणी (2)
18. मनसोविकार, मूल्य, भावित (2)

### वर्ग पहेली 6040 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मो | ह | म्म | द | र | फी | ■ | गा |
| हि | म | ■ | ■ | ह | म | रा | ज |
| नी | ला | म | ■ | ल | र | ज | ना |
| ■ | व | ह | म | ■ | ■ | स्था | ■ |
| वि | र | ल | ■ | दा | म | न | ■ |
| क | ■ | स | ■ | न | न | ■ | जा |
| सि | ता | रा | दे | वी | ■ | सु | वा |
| त | त | ■ | व | र | दा | ता | ■ |

## आज का राशिफल

**मेष**

आज का दिन आपके लिए अचानक लाभ के अवसर लेकर आ सकता है। यदि किसी बात को लेकर विवाद चल रहा था, तो उसे बातचीत और समझदारी से सुलझाने का प्रयास करें। आपका थोड़ा मनमौजी स्वभाव कभी-कभी कामों में गड़बड़ी भी कर सकता है, इसलिए ध्यान से निर्णय लें। यदि आप किसी यात्रा पर जाने की योजना बना रहे हैं।

**वृष**

आज का दिन आपके लिए मिला-जुला रहेगा। दिन की शुरुआत थोड़ी कमजोर हो सकती है, लेकिन धीरे-धीरे स्थितियां बेहतर होंगी। पारिवारिक मामलों को मिल बैठकर सुलझाना ही आपके लिए बेहतर रहेगा। किसी से बातचीत करते समय शब्दों का चयन सोच-समझकर करें। घर में किसी अतिथि का आगमन हो सकता है, जिससे माहौल खुशनुमा रहेगा।

**मिथुन**

आज का दिन आपके लिए व्यस्तता से भरा रहने वाला है। छोटी-छोटी बातों में उलझने से बचें और अपनी ऊर्जा को सही दिशा में लगाएं। सेहत को लेकर लापरवाही बिल्कुल न करें। जो लोग सिंगल हैं, उनकी अपने मनपसंद साथी से मुलाकात हो सकती है।

**तुला**

आज का दिन आपके लिए सामान्य रहेगा, लेकिन कुछ मामलों में सावधानी बरतनी जरूरी होगी। व्यापार करने वाले लोगों को किसी बड़े या प्रभावशाली व्यक्ति से मिलने का मौका मिल सकता है, जिससे भविष्य में लाभ के रास्ते खुल सकते हैं। इसलिए सतर्क रहें। धन के लेन-देन में बिना सोचे-समझे कदम न उठाएं, वरना पैसा फंस सकता है।

**वृश्चिक**

आज आपकी नेतृत्व क्षमता और प्रभाव में वृद्धि देखने को मिलेगी। संतान को नौकरी से जुड़े किसी काम के लिए घर से बाहर जाना पड़ सकता है। भाई-बहनों का सहयोग आपके लिए मजबूती का कारण बनेगा। यदि आप किसी यात्रा पर जाएं तो वाहन का प्रयोग सावधानी से करें। कार्यक्षेत्र में आपकी मेहनत को देखते हुए आपको सम्मान या पुरस्कार भी मिल सकता है।

**धनु**

आज का दिन आपके लिए परोपकार और सेवा के कार्यों से जुड़कर सम्मान और पहचान दिलाने वाला रहेगा। आप कुछ नया और अलग करने की सोच में लगे रहेंगे और साथ ही अपने पुराने अधूरे कामों को भी पूरा करने का प्रयास करेंगे। संतान की संगति पर विशेष ध्यान देना जरूरी होगा, क्योंकि सही मार्गदर्शन इस समय उनके भविष्य को मजबूत बना सकता है।

**कर्क**

आज का दिन आपके लिए थोड़ा चुनौतीपूर्ण हो सकता है, इसलिए हर काम सोच-समझकर करें। छोटी-छोटी बातों पर क्रोध करने से बचें। आपको किसी जरूरतमंद व्यक्ति की मदद करने का अवसर मिल सकता है, जिससे मन को संतोष मिलेगा। यात्रा या घूमने-फिरने के दौरान कोई महत्वपूर्ण जानकारी भी मिल सकती है।

**सिंह**

आज का दिन आपके लिए कुछ खास करने की प्रेरणा लेकर आएगा। आप किसी लंबी दूरी की यात्रा की योजना बना सकते हैं। कार्यक्षेत्र में आपको नए अनुभवों से सीखने का मौका मिलेगा। पढ़ाई और आध्यात्म के प्रति आपकी रुचि बढ़ेगी। पारिवारिक मामलों को मिलजुलकर सुलझाने का प्रयास करें। विद्यार्थियों को पढ़ाई में लापरवाही से बचना होगा।

**कन्या**

आज का दिन आपके लिए मिला-जुला परिणाम देने वाला रहेगा। आपको अपने कामों को लेकर कई नए और अच्छे आइडिया आएंगे, जिन्हें आप अपने व्यवसाय में लागू कर सकते हैं। यदि सेहत से जुड़ी कोई समस्या चल रही है तो उसे नजरअंदाज न करें, वरना परेशानी बढ़ सकती है। माताजी आपको कोई बड़ी जिम्मेदारी सौंप सकती हैं। कार्यक्षेत्र में आपके सुझावों से बॉस प्रभावित होंगे।

**मकर**

आज का दिन आपको अपने खर्चों पर नियंत्रण रखने की सलाह देता है। किसी भी काम में जल्दबाजी से बचें और सोच-समझकर निर्णय लें। माता-पिता के आशीर्वाद से आपका कोई रुका हुआ काम पूरा हो सकता है। कुछ नए विरोधी सामने आ सकते हैं, इसलिए सतर्क रहें। किसी अजनबी पर जल्दी भरोसा न करें। यदि आप काम के लिए लोन लेना चाहते थे तो उसमें सफलता मिल सकती है।

**कुंभ**

आज का दिन नौकरी की तलाश कर रहे लोगों के लिए बेहतर अवसर लेकर आ सकता है। आपको अपने रिश्तों में संतुलन और समानता बनाए रखने की कोशिश करनी होगी। यदि किसी काम को पूरा करने में पहले कठिनाई आ रही थी अनजान लोगों से दूरी बनाए रखें। कार्यक्षेत्र में आपको टीमवर्क के साथ काम करने का अवसर मिलेगा। हालांकि कुछ विरोधी आपके काम में बाधा डालने की कोशिश कर सकते हैं, इसलिए सतर्क रहना जरूरी होगा।

**मीन**

आज का दिन आपके लिए मिला-जुला परिणाम देने वाला रहेगा। यदि कोई व्यापारिक डील लंबे समय से रुकी हुई थी, तो उसके फाइनल होने की संभावना बन रही है। डिजाइनिंग या क्रिएटिव क्षेत्र से जुड़े लोगों को अच्छा अवसर मिल सकता है। आप अपने व्यापार को बेहतर तरीके से संभालने में लगे रहेंगे। हालांकि पिताजी से किसी बात को लेकर हल्की नोकझोंक हो सकती है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, (डी वी कार्पो. लि.) उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, पटना में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित
संपादक- श्रीराम अम्बष्ट, उप संपादक- साकेत अम्बष्ट फोन/फैक्स-06186-226116 मो.-9934957121, E-mail : sonevershavani@gmail.com, RNI-BIHHIN/1998/03009

## न्यूज बाइट्स

### वैष्णवी दुर्गा मंदिर में नवरात्र पर उमड़ती आस्था

**बारूण (औरंगाबाद) (नि. सं.)।** बारुण प्रखंड के प्रसिद्ध ग्राम पौथू स्थित वैष्णवी दुर्गा मंदिर नवरात्र के पावन अवसर पर श्रद्धालुओं की आस्था का प्रमुख केंद्र बना हुआ है। शक्ति उपासक बड़ी संख्या में यहां पहुंचकर मां वैष्णवी की पूजा-अर्चना कर रहे हैं और मनोकामनाएं मांग रहे हैं। हिंदी भाषा के शोधार्थी सुरेश विद्यार्थी ने मंदिर परिसर का अवलोकन करने के बाद बताया कि इस मंदिर की विशेष मान्यता है। उनके अनुसार, जो भक्त शीघ्र अपने कार्यों में सफलता प्राप्त करना चाहते हैं, उन्हें नवरात्रि के दौरान यहां दर्शन अवश्य करना चाहिए। उन्होंने कहा कि यह स्थल आध्यात्मिक ऊर्जा से परिपूर्ण है और यहां की दिव्यता श्रद्धालुओं को गहराई से प्रभावित करती है। मंदिर की एक खास पहचान यह भी है कि यहां स्थापित मां वैष्णवी की प्रतिमा जम्मू-कश्मीर स्थित माता वैष्णो देवी धाम की प्रतिकृति मानी जाती है। श्रद्धालु इसे मां का साक्षात स्वरूप मानकर श्रद्धा भाव से पूजा करते हैं।

### पुलिया निर्माण विवाद में ओबरा-रतवार सड़क का काम ठप

**ओबरा (औरंगाबाद) (नि. सं.)।** ओबरा प्रखंड मुख्यालय से रतवार को जोड़ने वाली महत्वपूर्ण ग्रामीण सड़क का निर्माण कार्य इन दिनों विवाद के कारण ठप हो गया है। उकुर्मी गांव के पास छोटी पुलिया के निर्माण को लेकर हुए विवाद ने पूरे इलाके में आवागमन बाधित कर दिया है, जिससे एक दर्जन से अधिक गांवों के लोग प्रभावित हो रहे हैं। स्थानीय ग्रामीणों—पूर्व मुखिया कमला प्रसाद सिंह, संतोष सिंह, रवि सिंह, शिक्षक संजय कुमार सिंह, जितेंद्र पाठक, मयंक चौबे, टूनटून तिवारी सहित अन्य लोगों ने बताया कि इस सड़क पर पहले से बनी स्लैब पुलिया क्षतिग्रस्त हो गई थी। सड़क के पुनर्निर्माण के दौरान ग्रामीण कार्य विभाग द्वारा पुरानी पुलिया को तोड़कर नई पुलिया का निर्माण कराया जा रहा था, जिसे उकुर्मी गांव के कृष्णाकांत चौबे ने यह कहते हुए रुकवा दिया कि संबंधित जमीन उनकी निजी संपत्ति है। ग्रामीणों का कहना है कि यह मार्ग पहले पगडंडी था, जिसे बाद में पंचायत और विभागीय पहल से चौड़ा कर कच्ची और फिर पक्की सड़क में परिवर्तित किया गया। इसी दौरान वहां पुलिया का निर्माण भी हुआ था। ऐसे में अब निर्माण कार्य रोकना अनुचित है और इससे सरकारी कार्य में बाधा उत्पन्न हो रही है। निर्माण कार्य ठप होने से स्थिति यह हो गई है कि स्थानीय लोग खेतों के रास्ते पैदल आवागमन करने को मजबूर हैं, जबकि वाहनों की आवाजाही पूरी तरह बाधित हो गई है। आक्रोशित ग्रामीणों ने पुलिया स्थल के पास प्रदर्शन करते हुए मांग की कि संबंधित व्यक्ति के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर शीघ्र निर्माण कार्य पूरा कराया जाए। इस संबंध में ग्रामीण कार्य विभाग, दाउदनगर के सूत्रों ने बताया कि मामला संज्ञान में है और काम रोकने वाले व्यक्ति को सख्त चेतावनी दी गई है।

टक्कर इतनी भीषण थी कि उन्हें संभलने का मौका तक नहीं मिला और मौके पर ही हो गई मौत

# हाइवा की टक्कर से मजदूर की मौत मुआवजे की मांग पर सड़क जाम



**निज संवाददाता | मदनपुर (औरंगाबाद)**

जिले के मदनपुर थाना क्षेत्र में एक दर्दनाक सड़क हादसे में साइकिल सवार मजदूर की मौके पर ही मौत हो गई। तेज रफ्तार हाइवा ने उसे कुचल दिया, जिससे घटनास्थल पर ही उसकी जान चली गई। मृतक की पहचान श्रीडीह गांव निवासी तुलसी भुइयां के पुत्र प्रमोद भुइयां (45) के रूप में हुई है, जो रोज की तरह घर से ईंट भट्ठा पर मजदूरी करने के लिए निकले थे।

घटना सिलौजा नहर के पास की बताई जा रही है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, प्रमोद भुइयां साइकिल से जा रहे थे, तभी तेज गति से आ रहे हाइवा ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। टक्कर इतनी भीषण थी कि उन्हें संभलने का मौका तक नहीं मिला और मौके पर ही उनकी मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलते ही परिजन और ग्रामीण घटनास्थल पर पहुंच गए, जिसके बाद इलाके में कोहराम मच गया। घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने मुआवजे और कार्रवाई की मांग को लेकर शव को सड़क पर रखकर जाम लगा दिया। सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और करीब एक घंटे तक आवागमन पूरी तरह बाधित रहा। जाम की सूचना मिलते ही मदनपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और काफी मशक्कत के बाद ग्रामीणों को समझा-बुझाकर जाम हटवाया, जिसके बाद यातायात सामान्य हो सका। पुलिस ने दुर्घटना में शामिल हाइवा को जब्त कर लिया है, जबकि चालक मौके से फरार बताया जा रहा है। थानाध्यक्ष ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया गया है और फरार चालक की तलाश की जा रही है। पूरे मामले की जांच जारी है। मृतक के भाई विनोद भुइयां ने बताया कि प्रमोद परिवार के एकमात्र कमाने वाले सदस्य थे और ईंट भट्ठा पर मजदूरी करके ही घर का भरण-पोषण करते थे। उनके निधन से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। परिवार में पांच बच्चे हैं, जिनमें एक बेटी की शादी हो चुकी है। पत्नी निर्मला देवी का रो-रोकर बुरा हाल है। इस हादसे के बाद परिवार के सामने रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो गया है।

## देव जा रहे छठ व्रती की सड़क हादसे में मौत

**निज संवाददाता | बारूण (औरंगाबाद)**



चैती छठ के पावन अवसर पर देव सूर्य मंदिर में अर्घ्य देने जा रहे एक श्रद्धालु की सड़क हादसे में मौत हो गई। बारुण थाना क्षेत्र के सिंदुरिया गांव के पास तेज रफ्तार ट्रेलर और ट्रैक्टर की आमने-सामने टक्कर में 45 वर्षीय राजेंद्र सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए, जिनकी इलाज के दौरान मौत हो गई। इस हादसे ने पूरे परिवार की खुशियों को मातम में बदल दिया। मृतक की पहचान गुलाम बीघा गांव निवासी राजेंद्र सिंह के रूप में हुई है, जो चैती छठ का व्रत कर रहे थे। परिवार के अन्य सदस्य भी इस पवित्र अनुष्ठान में शामिल थे। मंगलवार की सुबह वे सभी देव सूर्य मंदिर जाने के लिए घर से निकले थे, जहां शाम को अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य देना था, लेकिन रास्ते में ही यह दर्दनाक हादसा हो गया।

हादसे के बाद स्थानीय लोगों की मदद से गंभीर रूप से घायल राजेंद्र सिंह को तुरंत बारुण प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार किया। हालत नाजुक होने पर उन्हें बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल औरंगाबाद रेफर कर दिया गया। वहां भी स्थिति में सुधार नहीं होने पर डॉक्टरों ने उन्हें नारायण मेडिकल कॉलेज भेजने की सलाह दी। परिजन उन्हें इलाज के लिए ले जा ही रहे थे कि रास्ते में उन्होंने दम तोड़ दिया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई पूरी की। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है। इस घटना के बाद जिस घर में छठ पर्व की तैयारियां और आस्था का माहौल था, वहां अब शोक और सन्नाटा पसरा हुआ है। परिवार के लोगों का रो-रोकर बुरा हाल है और पूरे गांव में मातमी माहौल बना हुआ है।

## ओवरब्रिज पर घायल मिली महिला की मौत, पहचान अब तक नहीं

**औरंगाबाद(नि.सं.)।** जिले के सदर अस्पताल में एक अज्ञात महिला की मौत हो गई, जिसे गंभीर हालत में ओवरब्रिज के पास से बरामद किया गया था। घटना बारूण थाना क्षेत्र के प्रीतमपुर गांव के पास की है। महिला की अब तक पहचान नहीं हो सकी है, जबकि पुलिस मामले को संदिग्ध मानते हुए हर पहलू से जांच में जुटी है। जानकारी के अनुसार सोमवार की रात पुलिस गश्ती दल इलाके में भ्रमण कर रहा था, तभी प्रीतमपुर के समीप ओवरब्रिज पर एक महिला बेहोशी की हालत में पड़ी मिली। महिला के सिर में गंभीर चोट के निशान थे, जिससे आशंका जताई जा रही है कि किसी अज्ञात वाहन की टक्कर से वह घायल हुई होगी। पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते हुए महिला को तुरंत सदर अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद पुलिस ने आवश्यक कागजी प्रक्रिया पूरी करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस अवर निरीक्षक शत्रुघ्न भगत के अनुसार प्रथम दृष्टया मामला संदिग्ध प्रतीत हो रहा है, इसलिए सभी संभावित पहलुओं पर जांच की जा रही है। आसपास के लोगों से पूछताछ की जा रही है, ताकि महिला की पहचान और घटना के कारणों का पता चल सके।

## देव जा रहे श्रद्धालुओं से भरी ट्रैक्टर पलटी 20 घायल, तीन की हालत गंभीर



- देव सूर्य मंदिर जा रहे श्रद्धालुओं से भरी ट्रैक्टर को एंबुलेंस ने मारी टक्कर
- एंबुलेंस में एक शव था, जिसे झारखंड के कोडरमा ले जाया जा रहा था

**एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद**

चैती छठ के पावन अवसर पर औरंगाबाद में एक दर्दनाक सड़क हादसे ने श्रद्धालुओं की आस्था भरी यात्रा को मातम में बदल दिया। देव सूर्य मंदिर में पूजा-अर्चना के लिए जा रहे श्रद्धालुओं से भरी एक ट्रैक्टर को तेज रफ्तार एंबुलेंस ने टक्कर मार दी, जिससे ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलट गई। इस भीषण हादसे में करीब 20 श्रद्धालु घायल हो गए, जिनमें तीन की हालत गंभीर बताई जा रही है। घटना शहर के फार्म क्षेत्र की बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार, ओबरा प्रखंड के सरसौली गांव से श्रद्धालु ट्रैक्टर पर सवार होकर देव सूर्य मंदिर जा रहे थे। इसी दौरान सामने से आ रही एंबुलेंस ने जोरदार टक्कर मार दी।

टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ट्रैक्टर का इंजन और ट्रॉली दोनों पलट गए और उसमें सवार लोग नीचे दब गए। अनीता देवी, सतीश कुमार, विकास कुमार, अभिषेक कुमार, बोधी प्रिया, अवधेश कुमार, फटनराम, मुन्ना ठाकुर, सत्येंद्र राम, सदन कुमार, दीपक कुमार, संदीप कुमार, अलकारिया देवी, खुशी कुमारी, धनकेश कुमार, पवन कुमार, पसुरेश राम सहित अन्य लोग शामिल हैं। हादसे के तुरंत बाद आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और राहत-बचाव कार्य शुरू किया।

ट्रैक्टर के नीचे दबे लोगों को बाहर निकालकर एंबुलेंस और अन्य वाहनों की मदद से अस्पताल पहुंचाया गया। स्थानीय लोगों की तत्परता से बड़ा हादसा टल गया। डॉक्टरों के अनुसार, घायलों में से तीन लोगों की हालत नाजुक बनी हुई है। उन्हें बेहतर इलाज के लिए उच्चतर चिकित्सा केंद्र रेफर किया गया है। घायल काजल कुमारी ने बताया कि जिस एंबुलेंस से टक्कर हुई, उसमें एक शव रखा हुआ था जिसे झारखंड के कोडरमा ले जाया जा रहा था। हादसे के बाद एंबुलेंस चालक मौके से फरार हो गया, जिससे लोगों में आक्रोश है। यह हादसा उन श्रद्धालुओं के लिए बेहद पीड़ादायक साबित हुआ, जो पूरे श्रद्धा भाव से भगवान सूर्य की उपासना के लिए जा रहे थे। कई व्रतियों का व्रत अधूरा रह गया, जिससे परिजनों में चिंता और मायूसी का माहौल है। स्थानीय लोगों और परिजनों ने प्रशासन से मांग की है कि फरार एंबुलेंस चालक को जल्द गिरफ्तार कर सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

## एलपीजी संकट पर कांग्रेस का आक्रोश पुतला दहन कर सरकार पर साधा निशाना



**एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद**

शहर में एलपीजी गैस की किल्लत और बढ़ती महंगाई को लेकर कांग्रेस ने मंगलवार को जोरदार विरोध-प्रदर्शन किया। कार्यकारी जिलाध्यक्ष महेंद्र यादव के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने शहर में आक्रोश मार्च निकाला और रमेश चौक के पास प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुतला फूंककर केंद्र सरकार के खिलाफ नाराजगी जाहिर की। प्रदर्शन के दौरान महेंद्र यादव ने कहा कि देश में एलपीजी संकट, महंगाई और गिरती अर्थव्यवस्था के लिए केंद्र सरकार पूरी तरह जिम्मेदार है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा आम लोगों की समस्याओं को लेकर संघर्ष करती रही है और आगे भी सड़क से लेकर संसद तक यह लड़ाई जारी रहेगी। कार्यकर्ताओं ने कहा कि लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के नेतृत्व में इस मुद्दे को जोर-शोर से उठाया जा रहा है, वहीं बिहार में प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार के नेतृत्व में आंदोलन चल रहा है। कांग्रेस नेताओं ने दावा किया कि जब-जब देश पर संकट आया है, पार्टी के कार्यकर्ताओं ने मजबूती से उसका सामना किया है। महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष गायत्री देवी ने देश की आर्थिक स्थिति पर चिंता जताते हुए कहा कि भारतीय रुपया लगातार डॉलर के मुकाबले कमजोर हो रहा है, जिससे महंगाई बढ़ रही है और आम जनता पर बोझ बढ़ता जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि देश की नीतियां अब स्वतंत्र नहीं रह गई हैं और वैश्विक दबाव में फैसले लिए जा रहे हैं।

जिला परिषद सदस्य इंजीनियर सुरेंद्र यादव ने कहा कि देशभर में गैस सिलेंडर के लिए मारामारी की स्थिति है। लोग घंटों कतार में खड़े होकर अपनी बारी का इंतजार कर रहे हैं, जबकि सरकार इस संकट से इनकार कर रही है। उन्होंने इसे जमीनी हकीकत से आंख मूंदने जैसा बताया। प्रदर्शन के दौरान पेट्रोल-डीजल की बढ़ती कीमतों, बेरोजगारी, स्वास्थ्य और शिक्षा व्यवस्था जैसे मुद्दों को भी उठाया गया। कांग्रेस नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही इन समस्याओं का समाधान नहीं किया गया, तो आंदोलन को और उग्र किया जाएगा।

## एलपीजी आपूर्ति सामान्य, रोजाना 5799 सिलेंडर की हो रही डिलीवरी



**एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद**

जिले में एलपीजी गैस आपूर्ति एवं वितरण की स्थिति को लेकर 23 मार्च 2026 को समीक्षा की गई, जिसमें आपूर्ति व्यवस्था सामान्य पाई गई। विभिन्न गैस एजेंसियों के माध्यम से उपभोक्ताओं को नियमित रूप से गैस उपलब्ध कराई जा रही है और लंबित बुकिंग का भी लगातार निष्पादन किया जा रहा है। प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार, जिले में कुल 37 गैस एजेंसियों के जरिए प्रतिदिन औसतन 9080 सिलेंडर की मांग है, जिसके मुकाबले लगभग 5799 सिलेंडरों की डिलीवरी की जा रही है। प्रशासन का कहना है कि उपलब्ध संसाधनों के अनुसार आपूर्ति को संतुलित रखने का प्रयास जारी है।

जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा ने सभी गैस एजेंसियों को निर्देश दिया है कि उपभोक्ताओं को समय पर गैस उपलब्ध कराई जाए और लंबित बुकिंग का जल्द निष्पादन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने वितरण प्रणाली में पारदर्शिता बनाए रखने और किसी भी प्रकार की कृत्रिम कमी नहीं होने देने पर विशेष जोर दिया। साथ ही सभी प्रखंडों के पदाधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में गैस वितरण व्यवस्था की नियमित निगरानी करने और किसी भी समस्या की सूचना तुरंत जिला प्रशासन को देने का निर्देश दिया गया है। आमजन की सुविधा के लिए जिला नियंत्रण कक्ष का दूरभाष संख्या 06186-295027 सक्रिय रखा गया है, जहां उपभोक्ता अपनी शिकायत या समस्या दर्ज करा सकते हैं।

जिले की 37 गैस एजेंसियों में से 6 को संवेदनशील श्रेणी में रखते हुए वहां पुलिस बल की तैनाती की गई है, ताकि किसी प्रकार की अव्यवस्था न हो। नियंत्रण कक्ष में प्राप्त कुल 13 शिकायतों में से 11 का समाधान कर दिया गया है, जबकि 2 शिकायतें अभी प्रक्रियाधीन हैं। कालाबाजारी और जमाखोरी पर रोक लगाने के लिए प्रशासन द्वारा लगातार निगरानी और औचक निरीक्षण किया जा रहा है। अब तक इस संबंध में कोई मामला दर्ज नहीं किया गया है। जिला प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि किसी भी तरह की परेशानी होने पर संबंधित गैस एजेंसी या नियंत्रण कक्ष से संपर्क करें, ताकि समस्या का त्वरित समाधान किया जा सके।

## देव में चैती छठ पर आस्था का सागर, पांच लाख व्रतियों ने अस्ताचल सूर्य को दिया अर्घ्य

**निज संवाददाता | देव (औरंगाबाद)**



ऐतिहासिक और विश्व प्रसिद्ध सौर तीर्थस्थल देव में आयोजित चार दिवसीय चैती छठ मेले के तीसरे दिन मंगलवार को आस्था का अद्भुत नजारा देखने को मिला। करीब 5 लाख श्रद्धालुओं और छठ व्रतियों ने देव के सूर्यकुंड में अस्ताचलगामी भगवान सूर्य को प्रथम अर्घ्य अर्पित किया। इसके साथ ही पूरे जिले के विभिन्न छठ घाटों पर भी व्रतियों ने परंपरागत विधि-विधान के साथ सूर्योपासना की। लोक आस्था के इस महापर्व पर पूरे क्षेत्र में भक्ति और उल्लास का माहौल बना रहा। घर-आंगन से लेकर बाजार तक छठी मईया और सूर्य देव की श्रद्धा में लोग सराबोर नजर आए। घाटों पर "कांच ही बांस के बहंगिया" और "केरवा जे फरेला घवद से" जैसे पारंपरिक छठ गीतों की गूंज से वातावरण भक्तिमय हो उठा। व्रतियों के साथ उनके परिजन भी बड़ी संख्या में शामिल हुए और सामूहिक रूप से पूजा-अर्चना संपन्न की।

श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क रहा। जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा और पुलिस अधीक्षक अंबरीष राहुल ने संयुक्त रूप से देव स्थित सूर्यकुंड परिसर का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने मेला क्षेत्र में स्वच्छता, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था, बैरिकेडिंग, प्रवेश-निकास मार्ग, सुरक्षा प्रबंधन, स्वास्थ्य सेवाएं और भीड़ नियंत्रण की स्थिति का बारीकी से निरीक्षण किया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। मेला क्षेत्र में बनाए गए नियंत्रण कक्ष का भी निरीक्षण किया गया, जहां सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से पूरे क्षेत्र की निगरानी की जा रही है। अधिकारियों ने संवेदनशील स्थानों पर विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए, ताकि किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना से बचा जा सके। जिलाधिकारी ने कहा कि श्रद्धालुओं की सुविधा सर्वोच्च प्राथमिकता है और सभी मूलभूत व्यवस्थाओं को सुदृढ़ बनाए रखने के निर्देश दिए गए हैं। वहीं पुलिस अधीक्षक ने विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती, यातायात नियंत्रण और भीड़ प्रबंधन पर विशेष ध्यान देने की बात कही।

मेला क्षेत्र में स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्राथमिक उपचार की व्यवस्था, अग्निशमन विभाग की तैनाती, नगर पंचायत द्वारा साफ-सफाई और कचरा निष्पादन, विद्युत विभाग द्वारा निर्बाध बिजली आपूर्ति तथा आपदा प्रबंधन टीम की सक्रिय मौजूदगी सुनिश्चित की गई है। जिला प्रशासन ने श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे निर्धारित मार्गों का ही उपयोग करें और किसी भी समस्या की स्थिति में नियंत्रण कक्ष या ड्यूटी पर तैनात अधिकारियों से संपर्क करें। प्रशासन की ओर से देव चैती छठ मेला 2026 को सुरक्षित, व्यवस्थित और सफल बनाने के लिए सभी आवश्यक इंतजाम किए गए हैं, ताकि श्रद्धालु पूर्ण आस्था और श्रद्धा के साथ भगवान भास्कर की उपासना कर सकें।

## सूर्य राघव मंदिर बड़ेम में चैती छठ पर उमड़ी आस्था, श्रद्धालुओं ने की विशेष पूजा-अर्चना

**निज संवाददाता | नवीनगर (औरंगाबाद)**



नवीनगर प्रखंड के ग्राम बड़ेम स्थित सूर्य राघव मंदिर में चैती छठ के पावन अवसर पर श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला। अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य अर्पित करने के बाद बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने मंदिर परिसर में विशेष पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि की कामना की। यह मंदिर अपनी अनूठी संरचना और आध्यात्मिक महत्व के कारण विशेष पहचान रखता है। मान्यता है कि यह विश्व का पहला ऐसा मंदिर है, जहां भगवान सूर्य की गोद में भगवान श्रीराम और माता जानकी विराजमान हैं। उनके साथ सेवक भाव में भगवान हनुमान और भ्राता लक्ष्मण की प्रतिमाएं भी स्थापित हैं, जो इस स्थल को और भी अलौकिक बनाती हैं।

मंदिर का निर्माण और स्थापना जगतगुरु विश्व संत त्रिदंडी स्वामी जी महाराज एवं विद्या भास्कर वासुदेवाचार्य जी महाराज के सान्निध्य में हुआ है। यहां आने वाले श्रद्धालु बताते हैं कि मंदिर के दर्शन मात्र से मन में भक्ति की भावना स्वतः जागृत हो जाती है और वातावरण आध्यात्मिक ऊर्जा से परिपूर्ण महसूस होता है। अयोध्या से जुड़े विद्वान आचार्य एवं पुजारी आकाश चौबे ने बताया कि हर वर्ष चैती छठ के अवसर पर यहां हजारों श्रद्धालु पहुंचते हैं और भगवान सूर्य की उपासना करते हैं। उन्होंने कहा कि इस मंदिर की विशेषता और मान्यता के कारण दूर-दराज से भी भक्त यहां दर्शन के लिए आते हैं। मंदिर समिति के अध्यक्ष एवं महोत्सव रत्न संजीव कुमार सिंह ने जानकारी दी कि कार्तिक और चैत्र माह में आयोजित होने वाले छठ पर्व के दौरान यहां भव्य मेले का आयोजन होता है, जिसे राज्य मेला प्राधिकार द्वारा राजकीय दर्जा प्राप्त है। देव छठ मेला के बाद औरंगाबाद जिले में यह दूसरा प्रमुख मेला है, जिसे यह मान्यता मिली हुई है। चैती छठ के इस पावन अवसर पर सूर्य राघव मंदिर बड़ेम में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़ ने एक बार फिर इस स्थल की धार्मिक महत्ता और लोगों की अटूट आस्था को प्रमाणित कर दिया।

विष्णु धाम संगम घाट पर चैती छठ का उल्लास

## चैती छठ में हजारों व्रतियों ने अस्ताचलगामी सूर्य को दिया अर्घ्य



**निज संवाददाता | जम्होर (औरंगाबाद)**

सदर प्रखंड के जम्होर थाना क्षेत्र अंतर्गत विष्णु धाम स्थित संगम घाट पर चैती छठ के अवसर पर आस्था का भव्य दृश्य देखने को मिला। मोक्षदायिनी पुनपुन और पुण्यदायिनी बटाने के पावन संगम तट पर हजारों छठ व्रतियों ने अस्ताचलगामी भगवान सूर्य को अर्घ्य अर्पित किया और सुख-समृद्धि की कामना की। घाट पर सुबह से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी थी। पूरे वातावरण में भक्ति और आस्था का अनूठा संगम दिखाई दिया। व्रती पारंपरिक विधि-विधान के साथ छठ पूजा संपन्न करते नजर आए। घाट पर सुरक्षा और व्यवस्था को लेकर भी स्थानीय स्तर पर विशेष इंतजाम किए गए थे।

जम्होर विकास मंच के संयोजक सुरेश विद्यार्थी ने संगम घाट का अवलोकन करते हुए बताया कि पुनपुन नदी के प्रथम संगम तट पर छठ पूजा करने का विशेष महत्व है। उन्होंने कहा कि जहां एक ओर भगवान विष्णु का साक्षात निवास माना जाता है और वहीं भगवान सूर्य की किरणें उस स्थल को स्पर्श करती हैं, वहां सूर्योपासना अत्यंत फलदायी मानी जाती है। शास्त्रों में आदि गंगा के रूप में वर्णित पुनपुन नदी को अत्यंत पवित्र माना गया है। इस संगम घाट पर सदियों से छठ पूजा की परंपरा चली आ रही है, जिससे इसकी धार्मिक महत्ता और बढ़ जाती है।

कई छठ व्रतियों ने बताया कि जिनकी विशेष मनोकामना होती है, वे प्रथम अर्घ्य देने के बाद संगम घाट पर ही रात्रि विश्राम करते हैं और अगले दिन उदीयमान सूर्य को अर्घ्य अर्पित करने के बाद ही अपने घर लौटते हैं। चैती छठ के इस पावन अवसर पर विष्णु धाम संगम घाट पर उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़ ने एक बार फिर इस स्थल की धार्मिक आस्था और परंपरा की गहराई को जीवंत कर दिया।

## मंडल कारा का औचक निरीक्षण, डीएलएसए सचिव ने बंदियों के अधिकारों पर दिया जोर

**एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद**



जिला विधिक सेवा प्राधिकार (डीएलएसए) की सचिव तान्या पटेल ने मंगलवार को मंडल कारा का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान कारा अधीक्षक दीपक कुमार और जेलर सरोज कुमार भी उनके साथ मौजूद रहे। निरीक्षण के क्रम में सचिव ने जेल के विभिन्न वार्डों का जायजा लिया और बंदियों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याओं की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान बंदियों ने कारा से जुड़ी अपनी समस्याएं सचिव के समक्ष रखीं, जिस पर उन्होंने तत्काल समाधान के लिए जेल प्रशासन को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने बंदियों से उनके जमानत और अधिवक्ता से संबंधित जानकारी भी ली और स्पष्ट किया कि जो कैदी निजी वकील रखने में सक्षम नहीं हैं, वे जेल में उपलब्ध विधिक सहायता व्यवस्था का लाभ उठाएं। सचिव ने निर्देश दिया कि ऐसे बंदियों के आवेदन को जेल प्रशासन के माध्यम से जिला विधिक सेवा प्राधिकार कार्यालय भेजा जाए, ताकि उन्हें पैनल अधिवक्ताओं की सेवा शीघ्र उपलब्ध कराई जा सके। उन्होंने कहा कि हर बंदी को न्याय पाने का अधिकार है और इसके लिए मुफ्त कानूनी सहायता सुनिश्चित की जाएगी।

सफाई व्यवस्था और भोजन की गुणवत्ता पर भी सचिव ने विशेष ध्यान दिया। उन्होंने जेल प्रशासन को निर्देशित किया कि बंदियों को मेनू के अनुसार गुणवत्तापूर्ण भोजन उपलब्ध कराया जाए, ताकि किसी प्रकार की असंतुष्टि या स्वास्थ्य संबंधी समस्या उत्पन्न न हो। साथ ही जेल परिसर की साफ-सफाई बनाए रखने के लिए भी आवश्यक कदम उठाने को कहा। सचिव तान्या पटेल ने यह भी निर्देश दिया कि जेल में आने वाले प्रत्येक बंदी को उसके अधिकारों और कर्तव्यों की जानकारी दी जाए। साथ ही यह भी बताया जाए कि जरूरत पड़ने पर उन्हें किस प्रकार विधिक सहायता मिल सकती है। इस निरीक्षण के दौरान उप प्रमुख प्रतिरक्षा अधिवक्ता अभिनंदन कुमार और चंदन कुमार मिश्रा भी उपस्थित रहे।

### रानी तालाब व चरकावां उपरडीह सूर्य तालाब में व्रतियों ने दिया डूबते सूर्य को अर्घ

**रफीगंज(औरंगाबाद)(नि.स.)।** रफीगंज प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न जगहों के नहर, तालाब, नदी घाटो पर छठव्रतियो ने अर्घ दिया। शहर के बिजली सब स्टेशन परिसर स्थित रानी तालाब, चरकावां सूर्य तालाब, ग्रामीण क्षेत्र के सिघी बुजूर्ग सूर्य तालाब, गोरडीहा सूर्य तालाब, बहादुरपुर, पोगर के सोन कैनाल नहर, पौथू, बरपा, तेमुड़ा, ईटार, भदवा के मदार नदी सहित विभिन्न जगहों पर छठव्रतियो ने अर्घ दिया। शहर के रानी तालाब, चरकावां उपरडीह, सिघी बुजूर्ग मे पूजा समिति एवं शहर के आदित्य छठ पूजा समिति द्वारा साफ-सफाई, सजावट, लाईटिंग एवं छठव्रतियो के लिए फल, पानी, शर्बत, चाय एवं पूजा सामग्री की व्यवस्था की। काफी संख्या में छठ गीत गाते गाजे-बाजे के साथ श्रद्धालु छठ घाट पर पहुंचे। इस अवसर पर दीपक भारती, सत्येंद्र प्रसाद, प्रियोद सिंह, सुनील सिंह, अनील सिंह, श्रवण कुमार, कौशल मिश्र सहित कई जन प्रतिनिधि एवं अन्य लोग मौजूद रहे।

### देव चैती छठ मेला में डीएम-एसपी ने कुंड व आवासन स्थलों का किया निरीक्षण

**देव (औरंगाबाद)(नि.सं.)** देव चैती छठ मेला-2026 के संध्या अर्घ्य के अवसर पर जिला प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद दिखा। श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा और सुचारू व्यवस्था सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा और पुलिस अधीक्षक अंबरीष राहुल ने संयुक्त रूप से देव स्थित कुंड परिसर पहुंचकर व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने मेला क्षेत्र में की गई तैयारियों का बारीकी से जायजा लिया। कुंड परिसर में स्वच्छता, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था, बैरिकेडिंग, प्रवेश एवं निकास मार्ग, सुरक्षा प्रबंधन, स्वास्थ्य सुविधा, आपातकालीन सेवाओं तथा भीड़ नियंत्रण की स्थिति का विस्तृत अवलोकन किया गया। साथ ही संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिया कि मेला अवधि के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए और सभी मूलभूत व्यवस्थाएं सुदृढ़ एवं निरंतर निगरानी में रखी जाएं। वहीं पुलिस अधीक्षक ने विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती, यातायात नियंत्रण और संवेदनशील स्थानों पर अतिरिक्त सतर्कता बरतने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा सर्वोपरि है और मेला शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह प्रतिबद्ध है।